वर्ष : 17 अंक : 240 लखनऊ मंगलवार, 9 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:46 |
| सूर्यास्त | : | 6:25 |
| अधिकतम | : | 31:00° |
| न्यूनतम | : | 26:00° |



भारत की अनुपर्णा रॉय ने रचा इतिहास 10

निजीकरण के विरोध में आंदोलन जारी 2

रिश्तों की गरिमा का पुर्नस्थापना... 6

बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री मानवीय .... 12

# नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, 20 की मौत, भारत अलर्ट

## काठमांडू समेत सात शहरों में कर्फ्यू, देखते ही गोली मारने के आदेश, सेना तैनात, सोशल मीडिया बैन के खिलाफ आंदोलन

## कैबिनेट की बैठक में गृहमंत्री का इस्तीफा

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**नयी दिल्ली/काठमांडू।** नेपाल सरकार द्वारा फेसबुक, एक्स, यूट्यूब सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध के विरोध में सोमवार को काठमांडू और अन्य इलाकों में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। देशभर में पुलिस और प्रदर्शनकारियों की झड़पों में कम से कम 20 लोगों की मौत हुई। काठमांडू समेत साथ शहरों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। काठमांडू में देखते ही प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश जारी किया गया है। काठमांडू जिला प्रशासन के अनुसार, 'हामी नेपाल' ने पूर्व अनुमति के साथ इस रैली का आयोजन किया था। इस बीच पीएम केपी ओली ने आपातकालीन कैबिनेट की बैठक बुलाई। नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद नैतिक आधार पर अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने कैबिनेट की बैठक में ही इस्तीफा दे दिया। वहीं भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। बिहार से लगे सात जिलों की सीमाएं सील कर दी गयी है। सशस्त्र सीमा बल ने सतर्कता बढ़ा दी और स्थिति पर नजर रख रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों देशों के बीच कुछ स्थानों पर संयुक्त गश्त हो रही है ताकि असामाजिक तत्व सीमा पार न कर सकें।

भारत-नेपाल सीमा कानूनी तौर पर बंद नहीं है, लेकिन सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में चौकसी तेज की गई है। ये पांच राज्य नेपाल से सीमा साझा करते हैं, जहां कई छोटे-बड़े बॉर्डर पॉइंट्स हैं। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में सीमा सील कर दी गयी है। विशेष निगरानी की जा रही है। ड्रोन और तकनीक से संदिग्धों की पहचान की जा रही है। बिहार के चंपारण, सीतामढ़ी और मधुबनी में भी सुरक्षा बलों को अलर्ट किया गया है। नेपाल के बर्दिया और धनुषा जैसे जिलों में भी नेपाल सरकार ने सुरक्षा बढ़ाई है।

बता दें कि सोमवार सुबह काठमांडू में प्रदर्शनकारियों ने न्यू बानेश्वर में संसद को घेर लिया और बैरिकेड्स तोड़कर अंदर घुस गए। पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछारों से जवाब दिया। काठमांडू पोस्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने पीएम केपी शर्मा ओली के गृहनगर दमक में उनके पैतृक घर पर पथराव किया, जिसके बाद पुलिस को चेतावनी में गोलियां चलानी पड़ीं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने लाल और नीले राष्ट्रीय झंडे लहराते हुए नारे लगाए' सोशल मीडिया पर प्रतिबंध बंद करो, भ्रष्टाचार बंद करो' कई रिपोर्ट्स में इसे जेनरेशन ज़ेड (1995-2010 के बीच जन्मे) का प्रदर्शन बताया गया।

प्रदर्शनकारियों ने 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जैसे एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर प्रतिबंध के खिलाफ आवाज उठाई। न्यू बानेश्वर में संसद भवन को घेरते हुए उन्होंने कंटीले तारों को पार किया और दंगा निरोधक पुलिस को पीछे हटने पर मजबूर किया। इसके चलते कर्फ्यू लगाना पड़ा। पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछारें छोड़ीं, लेकिन संख्या में कम होने के कारण वे संसद परिसर में ही सुरक्षा की तलाश में रहे। काठमांडू जिला प्रशासन ने संसद भवन, सरकारी सचिवालय, राष्ट्रपति भवन और अन्य उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया। बुटवल, भैरहवा, इटाहारी और दमक में भी कर्फ्यू लागू किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई प्रदर्शनकारियों की मौत हुई, और दर्जनों घायल होकर काठमांडू के अस्पतालों में भर्ती हैं।




काठमांडू जिला प्रशासन के अनुसार, 'हामी नेपाल' ने पूर्व अनुमति के साथ रैली आयोजित की थी। आयोजक सोशल मीडिया के जरिए मार्ग और सुरक्षा सुझाव साझा कर रहे थे। 'हामी नेपाल' के अध्यक्ष सुधन गुरुंग ने कहा कि यह प्रदर्शन सरकारी कार्रवाइयों और भ्रष्टाचार के खिलाफ है, और देशभर में ऐसे प्रदर्शन हो रहे हैं।

वहीं, राजधानी काठमांडू समेत कई शहरों में जारी विरोध प्रदर्शनों में अब तक 20 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया बैन के खिलाफ बड़ी संख्या में जेन-जेड (18 से 28 साल) प्रदर्शन कर रहे हैं। दावा किया गया था कि सरकार ने इन प्लेटफॉर्म्स से बैन हटा लिया है।

नेपाल सरकार ने 3 सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितंबर को खत्म हो गई थी।



सड़कों पर उतरा प्रदर्शनकारियों का हुजूम



एक प्रदर्शनकारी युवक ने आंसू गैस के कैन को वापस पुलिस की तरफ फेंका।

### सोशल मीडिया तो बहाना, निशाने पर सरकार

काठमांडू। पहले श्रीलंका, फिर बांग्लादेश और अब नेपाल। क्या एक ही मॉडल से सरकारें गिराने की साजिश रची जा रही है? यह सवाल इसलिए उठ रहे हैं, क्योंकि श्रीलंका और बांग्लादेश में युवाओं को आगे कर सत्ता परिवर्तन किया गया। नेपाल में हो रहे घटनाक्रम से लगता है कि मॉडल वही है, भले ही मुद्दे अलग हों। श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों ने संसद पर कब्जा कर सरकार गिरा दी थी। बांग्लादेश में भी यही पैटर्न दिखा। अब नेपाल में भी ऐसा ही हो रहा है। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ 16 से 26 साल के युवा सड़कों पर उतरे और संसद तक पहुंच गए। प्रदर्शनकारी शुरू में सोशल मीडिया प्रतिबंध हटाने की मांग कर रहे थे, लेकिन यह मांग धीरे-धीरे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे तक पहुंच गई। युवा सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीएम ओली से इस्तीफा मांग रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब तक 20 से अधिक युवाओं की जान जा चुकी है और 400 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सेना तैनात कर दी है। कुल मिलाकर, नेपाल की स्थिति बेहद खराब है। जियो-पॉलिटिकल एक्सपर्ट सुशांत शरीन ने एक्स पर लिखा कि अब नेपाल की बारी है! क्या हमसे कुछ चूक हुई कि सड़कों पर गुस्से का यह विस्फोट हो रहा है? एक चिंगारी ही काफी है। हमने इसे श्रीलंका, बांग्लादेश और अब नेपाल में देखा। इंडोनेशिया और म्यांमार में यह और भयावह रूप में दिखा। भारत में किसान आंदोलन और शाहीन बाग के दौरान भी सरकारों की निष्क्रियता और आंदोलनों को दबाने की समझ की कमी दिखी। लोग सोचते हैं कि गुस्सा निकलने के बाद स्थिति शांत हो जाएगी, लेकिन ये आंदोलन अक्सर बड़े रूप ले लेते हैं।

### ओली के घर तक पहुंची आग

काठमांडू। नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के विरोध में काठमांडू और अन्य इलाकों में सोमवार को युवाओं ने हिंसक प्रदर्शन किए। अब खबर है कि विरोध की आग प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के गृहनगर तक पहुंच गई है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी ओली के पैतृक घर पर पथराव करने पहुंचे। यह आंदोलन काठमांडू से 400 किलोमीटर दूर, उनके गृहनगर तक फैल गया, जो अब विरोध का केंद्र बन गया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्वी नेपाल के कोशी प्रांत के दमक इलाके में ओली के पैतृक घर पर पत्थर फेंके। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को चेतावनी के तौर पर गोलियां चलानी पड़ीं। इलाके में तनाव बना हुआ है, और चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। काठमांडू में हालात काबू करने के लिए सेना को उतारा गया।



एक प्रदर्शनकारी युवक संसद के गेट से कूद गया।

# आधार कार्ड को भी मानें 12वां वैध दस्तावेज : सुप्रीम कोर्ट

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- आधार पहचान का प्रमाण पत्र है, नागरिकता का नहीं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग की ओर से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में अब आधार को भी मान्यता रहेगी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में आदेश दिया और चुनाव आयोग से कहा कि 11 अन्य दस्तावेजों की तरह आधार को भी मान्यता दी जाए।

कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वोटर की पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाए। बिहार एसआईआर के लिए फिलहाल 11 निर्धारित दस्तावेज हैं, जिन्हें मतदाताओं को अपने फॉर्म के साथ जमा करना होता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने ये भी कहा कि आधार कार्ड को लेकर अगर किसी तरह की शंका हो तो आयोग इसकी जांच कराए। कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी। जो लोग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दावा कर रहे हैं।



» हालांकि आधार पहचान का प्रमाण, नागरिकता का नहीं

# सभी यूनिवर्सिटी, कॉलेजों में मान्यता, प्रवेश प्रकिया की होगी जांच

## हर मंडल में होगा विशेष जांच टीम का गठन, मान्यता प्राप्त कोर्सों की भी की जायेगी जांच

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अब प्रत्येक मण्डलायुक्त अपने-अपने मण्डल के तहत आने वाले सभी जनपदों में विशेष जांच टीम गठित करेंगे। इन टीमों में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एक पुलिस विभाग का अधिकारी और एक शिक्षा विभाग का अधिकारी अनिवार्य रूप से शामिल होगा। यह टीम जमीनी स्तर पर जांच कर संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की हकीकत सामने लाएगी। जांच के दौरान प्रत्येक शैक्षणिक संस्था से शपथ पत्र लिया जाएगा। इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि संस्थान केवल उन्हीं कोर्सों का संचालन कर रहा है, जिन्हें नियामक निकाय, विश्वविद्यालय या बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। इसके साथ ही, संचालित सभी कोर्स की सूची और उनके मान्यता-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र का दाखिला बिना मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में नहीं होना चाहिए।

अगर जांच में किसी संस्थान में अवैध प्रवेश या बिना मान्यता के कोर्स संचालित पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, ऐसे संस्थानों को छात्रों से लिया गया संपूर्ण शुल्क ब्याज सहित वापस करना होगा। सरकार ने साफ कर दिया है कि छात्रों का भविष्य किसी भी हाल में दांव पर नहीं लगाया जाएगा।



### जांच रिपोर्ट 15 दिन में भेजें

जांच प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। प्रत्येक जनपद स्तर पर जांच पूरी कर 15 दिनों के भीतर शासन को समेकित रिपोर्ट भेजना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह कार्यवाही सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। जांच की पूरी प्रक्रिया पर मंडलायुक्त प्रत्यक्ष निगरानी रखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# उपराष्ट्रपति चुनाव होगा आज इस बार मुकाबला करीबी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति के लिए मंगलवार को मतदान होगा। उसी दिन शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है। यह मुकाबला बहुत करीबी होने का अनुमान है। एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। इस बीच केसीआर की पार्टी बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजद उपराष्ट्रपति चुनाव में किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेंगी। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजद के 7 सदस्य हैं। दिल्ली में आज भाजपा और विपक्ष ने अपने-अपने सांसदों को उपराष्ट्रपति पद के लिए वोटिंग प्रक्रिया समझायी।

दिल्ली के संसद भवन के सेंट्रल हॉल में सोमवार को विपक्षी दलों ने उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले बैठक और मॉक पोल सेशन किया।





» तीन राजनीतिक दल चुनाव में शामिल नहीं होंगे

### कुलगाम में दो आतंकी ढेर, दो जवान शहीद

**कुलगाम।** सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान दो आतंकियों को मार गिराया है। सोमवार सुबह गुड्डर के जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। सेना ने इसे ऑपरेशन गुड्डर नाम दिया है। इस दौरान घायल हुए दो जवान भी शहीद हो गए हैं।मारे गए एक आतंकी की पहचान शोपियां के रहने वाले आमिर अहमद डार के रूप में हुई है। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और सितंबर 2023 से एक्टिव था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में यह भी शामिल था। पुलिस, सेना की 9आरआर और सीआरपीएफ की एक जॉइंट टीम ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके में सर्चिंग शुरू की थी। जानकारी के मुताबिक जंगल में लश्कर के 3 से ज्यादा आतंकी छिपे हैं।

# भारत भी बनायेगा अमेरिका-रूस और इजराइल जैसी स्पेशल फोर्स

## ये दुश्मन के घर में भी घुसकर मार करेगी, जॉइंट वॉर थ्योरी का ब्लूप्रिंट तैयार

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सैन्य बलों की एलीट कमांडो फोर्स का संयुक्त युद्ध सिद्धांत बनाया गया है। यह साझा दस्तावेज सेना की स्पेशल फोर्स, वायु सेना की गरुड़ कमांडो फोर्स और नौसेना के मार्कोस कमांडो के लिए बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस कवायद में तीनों सेनाओं की एलीट फोर्स की तैयारी का हर पहलू स्पष्ट किया गया है।

मसलन, अगर किसी देश या उसकी शह में पलने वाले आतंकी, भारत विरोधी कार्रवाई करते हैं तो उनके खिलाफ क्या होगा? यही नहीं, युद्ध होने पर ये कमांडो क्या करेंगे और शांतिकाल में भूमिका क्या होगी, यह भी स्पष्ट किया गया है। इसका मकसद, दुश्मन के सामरिक महत्व के टारगेट्स को भीतर घुसकर वार करने की क्षमता विकसित करना है। साथ ही, दुश्मन के उन कीमती ठिकानों पर हमला बोलने की रणनीति बनी है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था चरमरा जाए और उसका युद्ध छेड़ने का हौसला भी टूट जाए।

अमेरिका की डेल्टा फोर्स और नेवी सील्स, स्पेत्सनाज और इजराइल की सयरेट मतकाल दुनिया की सबसे खतरनाक स्पेशल फोर्सेज हैं। इनके ऑपरेशन दुश्मन के घर में घुसकर सटीक वार के लिए मशहूर हैं।

अमेरिका की डेल्टा फोर्स का मुख्य काम आतंकवाद-रोधी, होस्टेज रेस्क्यू, कवर्ट ऑपरेशन, हाई-वैल्यू टारगेट्स को पकड़ना/मारना। सदस्य ज्यादातर अमेरिका की ग्रीन बेरेट्स और रेंजर्स से चुने जाते हैं। ट्रेनिंग बहुत कठिन होती है, जिसमें दिमागी और शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा ली जाती है। अमेरिकी नेवी सील्स स्पेशल ऑपरेशन्स यूनिट है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद 1962 में बनी। इनका ऑपरेशन हर जगह हो सकता है।



इसका मुख्य काम समुद्री और तटीय इलाके में मिशन, खुफिया ऑपरेशन, आतंकवादियों पर हमला (जैसे ओसामा बिन लादेन को मारने का मिशन) ट्रेनिंग बेहद कठिन, हेल वीक नाम का फेज जिसमें कई दिन बिना नींद और आराम के खतरनाक एक्सरसाइज करनी होती है। रूस की स्पेत्सनाज उसकी स्पेशल फोर्स है। इसका मतलब है विशेष प्रयोजन बल। सोवियत संघ के समय से अस्तित्व में हैं, अब रूस की सेना, खुफिया एजेंसी और आंतरिक सुरक्षा बलों के अलग-अलग स्पेत्सनाज़ यूनिट्स हैं। इसका मुख्य काम जासूसी, आतंकवाद-रोधी अभियान, दुश्मन के इलाके में गुप्त हमले, बंधक बचाना, तोड़फोड़ करना। इन्हें निर्दयी और सख्त ट्रेनिंग के लिए जाना जाता है। इनकी ट्रेनिंग में वास्तविक लड़ाई जैसे हालात बनाए जाते हैं।

इजरायल की सायरेट मतकाल को यूनिट 269 कहते हैं। 1957 में बनाई गई। इसका मुख्य काम- खुफिया ऑपरेशन, आतंकवाद-रोधी अभियान, सीक्रेट मिशन को अंजाम देती है। पूरी दुनिया में बंधक छुड़ाने के ऑपरेशन में इनका नाम सबसे ऊपर लिया जाता है। बेहद गुप्त यूनिट है, इनके बारे में जानकारी बहुत सीमित है। एहुद बराक और बेंजामिन नेतन्याहू जैसे कई इजराइली पीएम और अधिकारी कभी न कभी इस यूनिट का हिस्सा रहे हैं।

### भारत की थल, जल और नभ में ताकत

- **थल सेना :** 9 बटालियन पैरा स्पेशल फोर्स। सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक, बंधक मुक्ति में दक्ष।
- **नौसेना :** मार्कोस मरीन कमांडो। समुद्री युद्ध, अंडरवॉटर सबोटेज और तटीय सुरक्षा में माहिर।
- **वायुसेना :** गरुड़ का गठन 2004 में। एयरबेस सुरक्षा, एयरबॉर्न स्ट्राइक, दुश्मन के एयरफील्ड पर हमला और सर्च-एंड-रेस्क्यू में विशेषज्ञ। एयर वारफेयर के मास्टर।

### लैंडस्लाइड से हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट बंद

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर सोमवार सुबह काली मंदिर के पास लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर ट्रैक पर बने लोहे के स्ट्रक्चर पर गिरे। इसके कारण स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त हो गया। मलबा ट्रैक पर आ गिरा। अब रूट बाधित है। कई ट्रेनों को रोक गया है। ट्रैक से मलबा हटाया जा रहा है।

इधर राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। नदी-नाले ओवरफ्लो होने से आज 8 जिलों, उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में स्कूल बंद हैं। पंजाब के 23 जिलों के करीब 2 हजार गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनकी 3 लाख 84 हजार की आबादी प्रभावित है। 12 जिलों के 46 लोगों की बाढ़-बारिश में जान गई। 12 दिन बाद आज राज्य के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज खुले हैं।

## एक नजर

### प्रदेश उपाध्यक्ष ने उठाई कर्मचारियों की समस्याएं



**गुरसहायगंज कन्नौज।** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत लिपिक एवं कर्मचारियों के एसीपी की पत्रावली वेतन अवशेष के अलावा लेखा पर्ची तत्काल निर्गत कराई जाए। यह मांग शिक्षणेतर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने उठाई सोमवार को कन्नौज स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष ने जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज से औपचारिक भेंट कर उनका स्वागत किया इस दौरान उन्होंने जनपद के शिक्षणेतर कर्मचारियों की समस्याओं से जिला विद्यालय निरीक्षक को अवगत कराया और निस्तारण की मांग उठाई प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि जनपद में शिक्षणेतर कर्मचारियों के वेतन अवशेष एसीपी की पत्रावली पदोन्नति की पत्रावली के अलावा कई विद्यालयों में अभी तक वित एव लेखा अधिकारी कार्यालय द्वारा वितीय वर्ष 2024-25 की लेखा पर्ची निर्गत नहीं की गई है जिसे जहां शिक्षकों को अपना जीपीएफ में जमाधान की जानकारी नहीं हो पा रही है वहीं शिक्षणेतर कर्मचारियों को अपने जीपीएफ से लोन लेने में भी खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष को बताया कि एक सप्ताह के अंदर आप द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं का निस्तारण अवश्य कर दिया जाएगा एसीपी की पत्रावली मेरे संज्ञान में है और पत्रावली के निस्तारण की कार्यवाही चल रही है इस मौके पर संजीत कुमार सिंह यादव रविंद्र सिंह संजीव मिश्र सर्वेश कुमार सहित संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सैनिक प्रकोष्ठ मासिक बैठक का हुआ आयोजन



**कन्नौज।** छिबरामऊ बिशुनगढ़ स्थित एके रिसॉर्ट में सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में सैनिक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, वरिष्ठ नेता, समर्पित कार्यकर्ता एवं देवतुल्य जनसामान्य की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जनसंपर्क बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया किसानों को सरकार खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता बिल्कुल तैयार बैठी है अग्नि वीर व्यवस्था खत्म हो इस मौके पर कैप्टन रविन्द्र सिंह कैप्टन जोगराज सिंह नायब अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी तिरवा सुनील दिवाकर सूबेदार लालजीत सूबेदार मेजर श्याम सिंह सूबेदार मेजर रामऔतार सूबेदार कर्मवीर सिंह सूबेदार मेजर प्रवीण कुमार राजपूत हवलदार नेम सिंह सूबेदार रामपाल सिंह रौबिन यादव राष्ट्रीय सचिव सपा,अमित यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य,इस्लाम सिंह सूबेदार रामबाबू सिंह अर्पित शुक्ला रवी यादव हवलदार सलीम खान मैजूद रहे।

### जनसुनवाई में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने सुनी आमजन की समस्याएं



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई का आयोजन किया। इस जनसुनवाई में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं मंत्री जी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने मुख्यत: सीवर लाइन बिछाने, बिजली बिल सुधार, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट की स्थापना, अतिक्रमण हटाने जैसी समस्याओं को विस्तार से रखा। इस अवसर पर नगर विकास विभाग एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश की बाल देखरेख संस्थाओं में पुस्तकालय स्थापित न्यायमूर्ति अरुण भसाली ने किया डिजिटल उद्घाटन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग बच्चों के कल्याण एवं संबंधित कानूनों के क्रियान्वयन हेतु नोडल विभाग है। विभाग प्रदेश में बच्चों के लिये एक ऐसा वातावरण तैयार करने की कल्पना करता है जो सुरक्षित हो, सशक्त हो और उनके विकास में सहायक हो। विभाग द्वारा इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में को न्यायिक प्रशिक्षण एवम शोध संस्थान गोमतीनगर में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान, विभाग द्वारा प्रत्येक बाल देखरेख संस्था में पुस्तकालय, कारागारों में आवासित महिला बंदियों के साथ निरूद्ध बच्चों के समग्र विकास एवं पुनर्वास हेतु नवीन योजना, बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित बच्चों के समग्र विकास हेतु पैडागॉजी तथा संस्थाओं में किये जा रहे अच्छे प्रयासों पर विकसित उड़ान पुस्तिका के विमोचन जैसे नवाचार शुरू किये गये। विभाग के अंतर्गत प्रदेश में कुल 131 बाल देखरेख संस्थायें संचालित हैं। प्रत्येक बाल रेखरेख संस्था में पुस्तकालय स्थापित किये गये है जिनका डिजिटल उदघाटन न्यायमूर्ति अरूण भसाली, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, द्वारा न्यायमूर्ति अजय भनोट, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं चेयरपर्सन, उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, लीना जौहरी, प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0, जकारी एडम, चीफ ऑफ फील्ड, यूनिसेफ, उ0प्र0, दिवेश सामंत, निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की उपस्थिति में किया गया। इन पुस्तकालयों में बच्चों की उम्र, रुचि, मंनोरंजन, के साथ–साथ उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं और उनमें नैतिक विकास के मूल्यों हेतु सहायक पुस्तकों को शामिल किया गया है। विभाग द्वारा कारागारों में आवासित महिला बंदियों के साथ निरूद्ध बच्चों के समग्र विकास एवं पुनर्वास हेतु तैयार 'सुरक्षित बचपन योजना' संबंधी पुस्तिका का विमोचन भी न्यायमूर्ति अरूण भसाली, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, द्वारा किया गया।

### बाराबंकी घटना में पूर्ण न्याय के साथ प्रदेश भर में शिक्षा का व्यवसायीकरण हो बंद : अभाविप



**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं तथा विद्यार्थियों पर उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले स्थित श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में अनियमितताओं के विरोध में हुए प्रदर्शन पर निर्मम लाठीचार्ज के उपरान्त प्रदेश व्यापी छात्र आंदोलन के उपरांत अभाविप के एक प्रतिनिधिमंडल की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से लखनऊ में मुलाकात हुई। प्रतिनिधिमंडल ने श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय, बाराबंकी में विधि छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज, बाहरी गुंडों के हमले तथा लंबे समय से संचालित अवैध पाठ्यक्रमों के मुद्दों और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग के साथ ही उत्तर प्रदेश की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के विषयों पर वार्ता की है। ध्यातव्य हो कि गत 1 सितंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय में लॉ डिग्री की मान्यता को लेकर धोखाधड़ी, दो छात्रों के अवैध निष्कासन, मनमानी फीस वसूली, 5000 का अवैध अर्थदंड थोपने और 15 अगस्त की 'सतत तिरंगा यात्रा' के विरोध जैसे गंभीर मुद्दों पर आंदोलन किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन बीसीआई संबद्धता को लेकर स्पष्ट जानकारी न देकर छात्रों को गुमराह कर रहा था तथा अवैध रूप से पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा था। इसी आंदोलन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिसके पश्चात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के सभी जिला केंद्रों पर प्रदर्शन कर अभाविप की मांगों की पूर्ति हेतु विरोध दर्ज किया था।

# निजीकरण के विरोध में आंदोलन जारी

## आगरा की बिजली व्यवस्था टोरेंट पावर को देने की बिडिंग को सीएजी द्वारा निरस्त करने की अनुशंसा दबा दी गई

- गलत बिडिंग से पॉवर कारपोरेशन को प्रति वर्ष अरबों रुपए का नुकसान
- सीएजी की रिपोर्ट पर कार्यवाही कर टोरेंट पावर का करार रद्द किया जाये

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने आरोप लगाया है कि सी ए जी ने आगरा की बिजली व्यवस्था टोरेंट पावर को देने की बिडिंग की संपूर्ण प्रक्रिया को ही दस साल पहले गलत करार देते हुए इसे निरस्त किए जाने की अनुशंसा की थी किंतु कैग की रिपोर्ट को दबा दिया गया जिसका दुष्परिणाम यह है कि गलत करार से पावर कारपोरेशन को प्रतिवर्ष अरबों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग की है कि आगरा फ्रेंचाइजी की बिडिंग में किए गए घोटाले और कैग की अनुशंसा दबा देने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और घोटाला करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाय।

संघर्ष समिति ने यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश में पूर्व में हुए आगरा और ग्रेटर नोएडा के निजीकरण में घोटाले को देखते हुए पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन कथित घाटे का हवाला देते हुए पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की कार्यवाही कर रहा है।

संघर्ष से समिति ने कहा कि पावर कारपोरेशन का प्रबंध घाटे को लेकर इतना संवेदनशील है तो उसे सबसे पहले आगरा का फ्रेंचाइजी करार तत्काल रद्द कर देना चाहिए जिसके चलते पावर कारपोरेशन को प्रति वर्ष 1000 करोड रुपए का नुकसान हो रहा है। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज यहां कहा दस वर्ष पूर्व 2015 में सी ए जी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि आगरा फ्रेंचाइजी की बिडिंग हेतु बनाए गए आर एफ पी में दर्शाए गए आंकड़े और परामर्शदाता द्वारा आंकलित आरक्षित दरें भ्रामक थी और गलत अवधारणाओं पर आधारित थी तो बिडिंग की संपूर्ण प्रक्रिया को ही निरस्त किया जाना चाहिए था और सही किए गए आंकड़ों के आधार पर एक नई निविदा को आमंत्रित करने की शुरुआत करनी चाहिए थीर। संघर्ष समिति ने बताया कि कैग की रिपोर्ट में घोटाले के कई बिंदु उजागर किए गए हैं जिन्हें दबा दिया गया है। सी ए जी द्वारा उठाया गया एक और सबसे प्रमुख बिंदु यह है कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने टीएंडडी हानियां 28.22% और संग्रहण क्षमता 82.34 प्रतिशत के आर एफ पी में दिए गए मूल आंकड़ों के स्थान पर टी एंड डी हानियां 44.85% और संग्रहण क्षमता 74.77% को अभिसूचित किया जिसका न तो कोई आधार था न कोई तर्कसंगतता। संघर्ष समिति ने कहा कि टी एंड डी हानियां 28.2% के स्थान पर 44.85% बता देने से टोरेंट पावर को बहुत सस्ती दरों पर पॉवर कॉरपोरेशन बिजली दे रहा है और आज तक अरबों रुपए प्रतिवर्ष का घाटा हो रहा है। सी ए जी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बीड मूल्यांकन प्रक्रिया में भारी अनियमितता होने के कारण अनुबंध के 18 वर्षों में पावर कारपोरेशन को 4601 करोड़ रुपए की हानि होगी।



संघर्ष समिति ने कहा कि टोरेंट पावर कंपनी को लागत से कम मूल्य पर बिजली देने में पावर कारपोरेशन को 14 वर्षों में 3432 करोड रुपए की हानि हो चुकी है। इससे स्पष्ट होता है कि कैग ने अपनी रिपोर्ट में गलत अनुबंध के करण घाटे का सही मूल्यांकन किया था। संघर्ष समिति ने कहा कि इस कारण और घाटा न हो इसलिए जरूरी है घोटाले के आधार पर निर्धारित आगरा फ्रेंचाइजी करार तुरंत रद्द किया जाए।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि आगरा फ्रेंचाइजी अवार्ड करने में हुए घोटाले और नोएडा पावर कंपनी के घोटाले के बारे में संघर्ष समिति आने वाले दिनों में और खुलासा करेगी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में लगातार 285 दिन से चल रहे आंदोलन के क्रम में आज समस्त जनपदों पर बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया।

### दीपोत्सव–2025 अयोध्या में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलन से बनेगा नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** अयोध्या में 19 अक्टूबर को दीपोत्सव-2025 के दौरान 26 लाख से अधिक दीये जलाकर ऐतिहासिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर दीयों की श्रृंखला से अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। राम नगरी का दीपोत्सव एक बार फिर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभागीय तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दीपोत्सव को भव्यता और दिव्यता से मनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर इस बार 26 लाख से अधिक दीयों को प्रज्वलित कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। सरयू तट पर अब तक की सबसे बड़ी आरती का आयोजन भी होगा, जिसमें 1,100 से अधिक धर्माचार्य, संत-महात्मा और नगरवासी सम्मिलित होंगे। आयोजन से तीन दिन पहले से स्थल पर तैयारी शुरू होगी। गिनीज मानकों के अनुसार डिजाइन आदि से संबंधित समन्वय स्थापित किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस दौरान छात्र-स्वयंसेवक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के सफल संचालन में सहयोग करेंगे। ये स्वयंसेवक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के मानकों के अनुरूप दीयों की सजावट, प्रज्वलन, गिनती और सत्यापन की जिम्मेदारी निभाएंगे। आयोजन के दौरान दीयों की संख्या को सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया तकनीकी और पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी, ताकि रिकॉर्ड का सफल क्रियान्वयन संभव हो सके।

# जमीन से जुड़े मामले लेकर भी पहुंचे फरियादी

## आमजन से व्यवहार ठीक रखें जनसेवक, दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर से आये पीड़ितों की शिकायतें सुनीं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता दर्शन में 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। सहारनपुर से आई महिला ने बताया कि उनके पास राशन कार्ड नहीं है। जब वे राशन लेने गईं तो राशन डीलर अभद्रता करता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जनसेवक आमजन से व्यवहार ठीक रखें। किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा।

सोमवार को 'जनता दर्शन' में सर्वाधिक मामले जमीनी विवाद से जुड़े आए। प्रयागराज से आए सीआरपीएफ के जवान ने भी जमीन से जुड़े मामले को लेकर सीएम के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को इस प्रकरण के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। शामली से भी एक महिला अपनी



शिकायत लेकर आईं, बताया कि उनके पति असम में तैनात हैं। उन्होंने भी बताया कि प्रयागराज में जमीन ली है, लेकिन कब्जा लेने में परेशानी आ रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पत्र लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में आईं मंजू देवी त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि अपोलो में इलाज चल रहा है। इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिला दी जाए। इस पर सीएम ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज में खर्च की चिंता सरकार करेगी। 'जनता दर्शन' में दिव्यांग भी पहुंचे। गाजीपुर से दिव्यांग उधम यादव ने पेंशन बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड, हैंडपंप व आवास दिलाने को लेकर सीएम को प्रार्थना पत्र दिया। सीएम ने तत्काल उनकी समस्या के समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अफसरों को निर्देश दिया। सीएम ने उधम यादव को इलेक्ट्रॉनिक वॉकिंग स्टिक भी प्रदान की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा-पुचकारा। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर अपनत्व का अहसास कराया। कुछ बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी प्रदान किया और पढ़-लिखकर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य बनाने का आशीर्वाद दिया।

# मुख्यमंत्री जी की टीम इलेवन का कुछ पता नहीं : अखिलेश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में बाढ़ से स्थिति भयावह है। दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव और कई नगरीय क्षेत्र बाढ़ से घिरे है। लाखों की आबादी और पशु संकट में है। मथुरा से लेकर आगरा, अलीगढ़, शाहजहांपुर, पीलीभीत, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रूखाबाद, सीतापुर, हरदोई, वाराणसी से लेकर कई जिलों में बाढ़ से स्थिति खराब है। बाढ़ से आम जनजीवन संकट में है। लोगों को खाना-पानी, दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। इस संकट की घड़ी में सरकार कहीं दिखाई नहीं दे रही है। लोगों के घर-खेतीबाड़ी सब बर्बाद हो गये। बाढ़ राहत को लेकर बनी मुख्यमंत्री जी की टीम इलेवन का कुछ पता नहीं है। जनता को सरकार की थोथी घोषणाओं से कोई राहत नहीं मिल रही है। लोगों को जान बचाने के लाले पड़े है। सरकार संकट में फंसी जनता को बचाने के बजाय लफ्फाजी करने में ही अपनी उपलब्धि मान रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का हवाई सर्वेक्षण सिर्फ बाढ़ पर्यटन बनकर रह गया है। दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव टापू बन गये है, लोग अपना घर छोडकर इधर-उधर शरण लेने पर मजबूर है। आगरा शहर के दर्जनों कालोनियों में पानी भर गया है। हजारों की संख्या में घर डूब गये हैं। गलियों, सड़कों पर पानी भरा है। मथुरा में यमुना किनारे बाजारों की दुकाने डूब गयी है। लोग छतों पर शरण लेने और रहने को मजबूर है। प्रयागराज के हजारों घरों में पानी घुस गया है। आम जनता और छात्रों के लिए बाढ़ मुसीबत बन गयी है। फिरोजाबाद में दर्जनों गांवों में पानी भर गया है। फसले डूब गयी है। हरदोई में बाढ़ से करीब सौ गांव प्रभावित है। कानपुर देहात, फतेहपुर, गाजीपुर, बलिया में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित है। इन जिलों के कई गांव बाढ़ में डूबे हुए है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने इस मुसीबत के समय में जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। बाढ़ राहत के नाम पर कागजों में खानापूर्ति हो रही है। आमजन अभाव और भय में जीवन जीने को मजबूत है।

# अजय राय ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए गुरुद्वारे को सौंपा चेक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारी वर्षा के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे देश के कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। लाखों लोग इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए हैं। हालात यह हो गए हैं कि देश भर में कुछ इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं और जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाईयाँ इत्यादि की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही हैं। इस विनाशकारी प्राकृतिक आपदा से लोगों को राहत प्रदान करने के लिए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों को राहत सामाग्री पहुंचाने का कार्य रहे हैं। इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी ने चन्दर नगर, आलमबाग, लखनऊ स्थित गुरूद्वारे में पहुंचकर अरदास की और पंजाब में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए दुआ की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आर्थिक सहायता हेतु गुरूद्वारे के ग्रंथी साहब के हाथों में चेक भी सौंपा। इस मौके पर मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा को तो हम नहीं रोक सकते मगर आपदा के लिए गठित संस्थानों चाहे वह राष्ट्रीय स्तर के हों या प्रादेशिक स्तर के हों उन्हें मजबूत कर आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया से अधिकतम बचाव कर सकते हैं।



श्री राय ने कहा कि यूपीए की सरकार में राष्ट्रीय आपदा राहत एवं बचाव के संस्थान को बहुत मजबूत किया गया था एवं आपदा के समय बिना समय गंवाए अधिकतम बचाव की न्यूनतम नुकसान की नीति पर काम किया जा रहा था पिछले 11 सालों में मोदी सरकार ने इस क्षेत्र में ना के बराबर काम किया है जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व मंत्री मुईद अहमद, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेंद्र, श्रीवास्तव, मो0 शमीम, सरदार रंजीत सिंह, अब्दुल्ला शेर खान, आर्यन मिश्रा आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# 1112 कनिष्ठ सहायक व 22 एक्सरे टेक्नीशियन को बांटे नियुक्ति पत्र

## सीएम योगी ने लोकभवन में किया नियुक्ति पत्र का वितरण

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2016 समेत पहले की भर्ती प्रक्रियाओं पर निशाना साधा। कहा कि हमें कई भर्तियों को सीबीआई को देना पड़ा था। एक व्यक्ति आठ-आठ जगह नाम लिखाकर पैसा लिए जा रहा था, जब जांच हुई तब पता चला। यह एक परिवार के वही लोग हैं, जो पैसा लेकर भर्ती करते थे और यूपी की जनता को लूटते थे। अभी भी जांच चल रही है। समय पर जांच हो जाएगी तो महाभारत के बहुत रिश्ते बाकी का जीवन जेल में बिताने को मजबूर होंगे। उनके कारनामे यूपी को विकास की बुलंदियों को छूने की बजाय गर्त की ओर धकेल रहे थे। इन लोगों ने यूपी को बीमारू बना दिया। इससे पहचान का संकट हो गया। नौजवान को नौकरी नहीं, बेटी असुरक्षित, व्यापारी असहाय, किसान आत्महत्या को मजबूर होता था। परंपरागत उद्यम बंदी के कगार पर जा रहे थे। अराजकता का वातावरण था। त्योहारों से पहले दंगे शुरू हो जाते थे, लेकिन 8 वर्ष से हर जनपद, समुदाय और व्यक्ति उत्साह व उमंग के साथ त्योहारों में सहभागी बनता है। आज सामाजिक सौहार्द भी है, जो राष्ट्रीय एकता को संबल देता है। लोगों का उत्साह व उमंग यूपी के विकास का जज्बा लेकर आगे बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

सोमवार को प्रदेश में 1112 कनिष्ठ सहायक व 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित मुख्य कार्यक्रम में नवचयनितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सीएम योगी ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सकता है। स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज और समर्थ राष्ट्र के निर्माण में भूमिका का निर्वहन कर सकता है। जब व्यक्ति ही स्वस्थ नहीं तो व्यवस्था कैसे स्वस्थ होगी। जब व्यवस्था ही अस्वस्थ हो जाएगी तो उसके सारे पिलर ध्वस्त दिखाई देंगे। 2017 के पहले व्यवस्था में यही घुन लग चुका था, जो उसे खोखला किए जा रहा था, लेकिन पीएम मोदी के विजनरी लीडरशिप में यूपी ने समस्या के समाधान के साथ ही सभी मानकों को प्राप्त किया। उसी का परिणाम है कि पिछले 8 वर्ष में साढ़े 8 लाख युवाओं को अनेक सरकारी सेवा में लेने में हम सफल हुए हैं।




**नैवेद्य चित्रकला प्रदर्शनी का समापन समारोह** | कलाकारों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चुनौती को स्वीकार करना होगा : महेंद्र भीष्म

# कलाकारों पर ईश्वर की अपरिमित कृपा होती है : महेंद्र भीष्म

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** कलाएं लोकाश्रयी हो रही हैं। कभी केवल दरबारी या धर्माश्रयी थीं। पर रचनाएं जब लोकाश्रयी होती हैं, तब उनका विकास समुचित रूप से हो पाता है। प्रयास भी करना चाहिए कि कलाएं परजीवी न हों और उनसे समाज को जो अपेक्षा होती है, वह पूरा कर सकें। सन 2000 से प्रकाशित हो रही कलादीर्घा, अंतर्राष्ट्रीय दृश्य कला पत्रिका इसी विचार को लेकर चली थी। वह राजाश्रयी कभी नहीं रही। इसीलिए स्वतंत्र रूप से देश दुनिया में पल्लवित पुष्पित हो रही कलाओं को सदैव प्रकाशवृत्त में लाकर कला प्रेमियों, अध्येताओं और कलाकारों के समक्ष रखा है। अक्टूबर 2025 का अंक शीघ्र आ रहा है। समानांतर रूप से कलादीर्घा पत्रिका ने विभिन्न कला संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में देश विदेश में कला गतिविधियों को आयोजित कर कला और कलाकारों का दस्तावेजीकरण किया है और उनको आलोकवृत्त में लाकर ध्यातव्य बनाया है जो किन्हीं कारणों से सामने नहीं थी। उन पर किसी की दृष्टि नहीं पड़ती थी। ऐसे बहुत सारे कलाकारों और कला समीक्षकों को कला दीर्घा ने अपने 25 वर्षों की यात्रा में मंच दिया है। उन्हें अपने साथ जोड़ा है। उनमें आत्मविश्वास पैदा किया है और उनके रचनाकर्म को एक धार दी है। वर्षपर्यंत चलने वाली कला गतिविधियों के क्रम में कला स्रोत और कला दीर्घा के सहआयोजन के रूप में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को शुरू हुई प्रदर्शनी का 8 सितंबर 2025 को नगर के अनेक कलाकारों और कला प्रेमियों की उपस्थिति में समापन हुआ। देश भर से सम्मिलित 41 कलाकारों की कलाकृतियों से समृद्ध कला प्रदर्शनी



के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात रचनाधर्मी महेंद्र भीष्म थे। उन्हें कला दीर्घा की ओर से अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, लेखनी और बाल वृक्ष से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रतन कुमार को प्रदर्शनी पुस्तिका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी की कलाकृतियों को कलाकारों की दृष्टि से देखते और आस्वाद करते हुए उन्होंने बताया कि कलाकारों पर ईश्वर की अपरिमित कृपा होती है, तभी वे वह रच पाते हैं जो सामान्य व्यक्ति की सोच की परिधि के बाहर होता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी कलाकारों के लिए चुनौती हो सकता है। उससे भी उबरने का रास्ता हम सबको खोजना होगा। इस अवसर पर कला दीर्घा के संपादक डॉ अवधेश मिश्र ने कहा कि दस्तावेजीकरण का महत्व दीर्घकालिक होता है। एक लंबा समय बीत जाने के बाद दस्तावेजीकरण ही गवाक्ष के रूप में अध्येताओं या संस्कृतिकर्मियों के सामने खुलता है और वह इन्हीं दस्तावेजों के सहारे अपनी समृद्ध संस्कृति के उस कालखंड में पहुंच पाते हैं जहां से उनकी कला, संस्कृति, साहित्य और अन्य रचना विधाओं का प्रस्थान बिंदु रहा होता है। हम सबको इस तरह की पत्रिकाओं, पुस्तकों, रचना विधाओं एवं गतिविधियों के साथ जुड़ना चाहिए। कला दीर्घा दृश्य कलापत्रिका की प्रकाशक डॉ लीना मिश्र ने कहा कि संस्थापक प्रकाशक अंजू सिन्हा और संस्थापक संपादक डॉ अवधेश मिश्र द्वारा स्थापित रचना मूल्यों को यथावत बनाए रखते हुए पत्रिका को वैश्विक पटल पर और मजबूती से स्थापित किया जाएगा जिससे भारतीय कला और नवप्रयोग का परचम पूरी दुनिया में लहरा सके। इस आयोजन के समन्वयकत्रय डॉ अनीता वर्मा, प्रशांत चौधरी और सुमित कुमार को शुभकामनाएं देते हुए समापन समारोह का संपन्न हुआ और कला प्रेमियों को दोनों संस्थाओं से जुड़े रहने और निरंतर स्नेह देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कला स्रोत कला वीथिका के निदेशकद्वय मानसी डिडवानिया और अनुराग डिडवानिया ने कहा कि वह सदैव ऐसी गतिविधियों को साकार करते रहेंगे।

## एक नजर

### विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन



**लखनऊ।** फिजियोथेरेपी यूनिट पीएमआर विभाग केजीएमयू में किया गया। जिसमें फिजियोथेरेपी से इलाज की आधुनिक विधाओं व उच्चीकरण के संबंध में चर्चा हुई। के0जी0एम0यू0 में हुए समारोह में प्रमुख रूप से इसके महत्वपूर्ण योगदान पर चर्चा की वहीं फिजियोथेरेपी विधा की अत्याधुनिक विधाओं तथा एडवांसमेन्ट पर डा0 अरविन्द सोनकर, एसो0 प्रोफेसर ने विस्तृत रूप से चर्चा की। उक्त समारोह में प्रोविंशिल फिजियोथेरेपी एसोशिएसन के अध्यक्ष डा0 अतुल मिश्रा ने आधुनिक परिवेश में चिकित्सा क्षेत्र में फिजियोथेरेपी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज यह विधा चिकित्सा के हर क्षेत्र में अपनी उपयोगिता को सिद्ध कर चुकी है। श्री मिश्रा ने विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस का इतिहास बताया कि दुनिया में एकमात्र संगठन जो दुनिया के सभी भौतिक चिकित्सक या फिजियोथेरेपिस्ट का प्रतिनिधित्व करता है, वह विश्व भौतिक चिकित्सा परिसंघ (WCPT) है। इसकी स्थापना 8 सितंबर 1951 को हुई थी और इसे आमतौर पर वर्ल्ड फिजियोथेरेपी दिवस कहा जाता है। इस महत्वपूर्ण संगठन के ऐतिहासिक गठन को मनाने के लिए विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस की आधिकारिक घोषणा 8 सितंबर 1996 को की गई थी। तब से, विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस दुनिया भर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। समारोह में डा0 मंसूर , डॉ मनमोहन , डॉ मानवेन्द्र सिंह,डा प्रणय सिंह, डा0 रविन्द्र गौतम, डा0 श्रद्धा वर्मा , डा हर्षिका श्रीवास्तव, डा आकांक्षा , आदि फिजियोथेरेपिस्ट ने प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, देर रात नगवा नाले मे मिला शव

**लखनऊ।** थाना बंथरा इलाके मे एक इक्कीस वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गई। जिसका शव देर रात एस डी आर एफ और पुलिस विभाग द्वारा किये सर्च के दौरान घटना स्थल के कुछ दूरी पर मछुवारों द्वारा लगाई गई जाल मे फंसा मिला। घटना पर मौजूद पुलिस ने युवती के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया। जिसका आज शाम तक अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना बंथरा के खुर्रम पुर गाँव निवासी पुती लाल की इक्कीस वर्षीय पुत्री सोनी कल संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गई थी। युवती रविवार दोपहर करीब ग्यारह बजे नगवा नाला पार कर अपने बडे भाई के पुराने घर खाना बनाने गई थी। दोपहर करीब एक बजे जब सोनी लौटी टो उसका दुपट्टा वही घर पर छूट गया। इसके बाद वह दुबारा दुपट्टा लेने के गई थी। तभी वह संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गई। शाम तक जब वह घर वापस नहीं आई टो परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। खोजने के दौरान नगवा नाले के पास जी एस आर एम स्कूल के नजदीक सोनी की चप्पल पड़ी मिली। इससे आशंका हुई की शायद नाला पार करते समय उसका पैर फिसल गया होगा। परिजनों द्वारा काफ़ी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। तब रात करीब साढ़े बजे घटना की सुचना पुलिस और फायर विभाग के साथ एस डी आर एफ और गोता खोरो को मौके पर सुचना दी गई। सुचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एस डी आर एफ के साथ ही गोता खोरो ने मौके पर पहुँच कर नाले मे रेस्क्यू अभियान शुरू किया। देर रात युवती का पता लगाने मे जुटी रही। एस डी आर एफ की टीम तलाश अभियान चला ही रही थी की घटना स्थल के कुछ ही दूरी पर मछु वारो द्वारा लगाई गई जाल मे युवती का शव देर रात फंसा हुआ मिला।युवती के शव को बाहर निकाल कर पांच नामा करके उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। शव का पोस्ट मार्टम के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। जिसका अंतिम संस्कार भी सोमवार की शाम को कर दिया गया।

### एयरपोर्ट से मलेशिया भाग रहा बांगलादेशी गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनी नगर के चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयर पोर्ट से मलेशिया भाग रहा एक बांगला देशी युवक को गिरफ्तार किया गया। उसके पास भारतीय पास पोर्ट और आधार कार्ड मौजूद था। भारतीय दस्तावेजों के आधार पर उसने फर्जी तरिके से पास पोर्ट बनवा लिया था। ईमिग्रेसन मे जाँच के दौरान अधिकारियो को उसके दस्तावेज संदिग्ध लगे। जाँच पड़ताल से पता चला की उसने कुट रचित दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पास पोर्ट बनवाया था। जिसके पास पोर्ट का नम्बर आर 9857356 है। जिसकी वैधता 17 मई 2028 तक है। बांगला देशी की पहचान मोहम्मद नसीम के रूप मे हुई है। वह कुआँलालमपुर जाने वाली फ्लाइट मे सवार होने जा रहा था। जनपद उन्नाव के सफीपुर तहसील मे नसीम ने बताया की वह मूल रूप से बांगला देश का रहने वाला है। इस समय उन्नाव जिले की सफीपुर तहसील के गढ़ी इलाके मे रह रहा था। ईमिग्रेसन अधिकारियो ने उसे हिरासत मे लें लिया है। उससे गिरोह चलाने व अन्य फर्जीवाड़ा करने को लेकर भी पूँछ ताछ की जा रही है। नसीम ने बताया की उसने उन्नाव मे रहते हुए लोकल अधिकारियो के सहयोग से तहसील से जारी निवास प्रमाण पत्र बनवाया था। उसके आधार पर उसने आधार कार्ड भी बनवा लिया। कुछ दिन पहले उसने पास पोर्ट के अप्लाई किया था। लखनऊ पास पोर्ट कार्यालय से उसके सारे दस्तावेज अप्रूब हो गए थे। ईमिग्रेसन जाँच के दौरान उसके डॉक्यूमेंट मे कई गड़बड़िया मिली। एफ आर आर ओ की टीम ने जब उससे कड़ी पूँछ ताछ कक तो जवाब उलझें हुए थे। शक गहराने पर जब मोबाइल खांगला गया तो पूरा नेटवॉर्क सामने आया। बांग्लादेशी कण्ट्रोक्टेस फेसबुक ग्रुप और बंगाली चाइट्स मिलने के बाद कबूल कर लिया की वह बांग्लादेशी है।

### जैन मन्दिर में क्षमावाणी पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**लखनऊ।** श्री दिगम्बर जैन सेवा समिति आशियाना के तत्वाधान में श्री जी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में जैन धर्म के महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने बड़े भक्तिभाव से भाग लिया। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश जैन के निर्देशन में धमीम्बलब्यो द्वारा श्री जी का अभिषेक एवं पूजन अत्यंत भक्ति भाव के साथ किया गया। श्री जी की शान्तिधारा का सौभाग्य असप जैन असत जैन अखिलेश जैन आशीष जैन को प्राप्त हुआ तथा सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र की जयमाला प्राप्त करने का सौभाग्य कमश : श्रीमती मैना ऐली जैन, अविनाश जैन, रमेस्व–आभागे को मिला। मन्दिर जी एवं मंदिर जी में चल रहे धमार्थ चिकित्सालय के सभी कर्मचारियों को सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया गया साथ की मन्दिर के कार्यक्रमों के पूण्यार्जकों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के मंत्री अजय जैन, उपाध्यक्ष अखिलेश जैन, कोषाध्यक्ष शरद जैन, संयुक्त मंत्री अंकित जैन, नवनीत जैन, बृजेश जैन (बंटी), आशीष जैन के साथ ही महिला मंडल की अध्यक्ष अल्पना जैन, उपाध्यक्ष डॉ सविता जैन, मंत्री रितु जैन, स्वीटी जैन, सोनी जैन, अनीता जैन, राखी जैन, रिमझिम जैन, मीनू जैन, संगीता जैन, वन्दना जैन आदि बड़ी संख्या में साधर्मी बंधु उपस्थित रहे।

### बारिश के पानी को लेकर मारपीट में माँ-बेटी चोटिल

**लखनऊ।** बन्थरा क्षेत्र में रात दिन हो रही भीषण बारिश से घरों के अन्दर पानी आना स्वाभाविक है । गाँव ही नहीं बल्कि शहरों में बनी कालोनियों में भी बरसात का गंदा पानी घरों के अन्दर तक जाकर भर जाता है। जिसे रात्रि में सोने के बजाय जागकर पानी लोग निकालते रहते हैं। बंथरा स्थित बेतीं गाँव के मजरा नरेरा में निवासरत महिला वंदना उस वक्त परेशान हो गयी जब विगत 04 अगस्त को हुर्ई भीषण बरसात में उनके घर के पीछे खाली पड़ी भूमि में जब जलभराव अधिक हो गया तो बरसात का पानी घर के अन्दर भरने लगा। पीड़िता की माँ निर्मला ने मकान गिरने की आशंका से, भीगते हुए घर के पीछे जाकर मिट्टी डालकर पानी रोकने का निरन्तर प्रयास कर रही थी। समय करीब 12.00 बजे गाँव के ही निवासी निशांत, अमन, प्रेमप्रकाश व मिन्टू आदि एकजुट होकर एकराय बनाकर, पीड़िता के दरवाजे पर आकर पीड़िता व उसकी माँ निर्मला को गन्दी गन्दी गालियाँ देने पर, जब माँ ने अपने दरवाजे से वापस जाने को कहा तभी उपर्युक्त व्यक्ति माँ और बेटी के साथ धक्का मुक्की करके मारा पीटा जिससे माँ और पीड़िता को चोटिल हो गयीं।

# पुलिस विभाग के आये अधिक वाद

## त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के सख्त निर्देश : जिलाधिकारी

विश्ववार्ता संवाददाता



**लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी0 ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। विशाख जी0 ने बताया कि तहसील मलिहाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 178 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 35 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 51 में से 09 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 178 में से 35 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 126 में से 34 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 183 में से 25 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 82 में से 15 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये। आज जनपद में पुलिस 94, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 03, राजस्व 288, विकास 60, शिक्षा 01, स्वास्थ्य 05, समाज कल्याण 15 तथा अन्य 152 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकर्ताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी तहसील महिलाबाद , तहसीलदार मलिहाबाद, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वहीं मोहनलालगंज तहसील परिसर में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ी। अपर जिलाधिकारी आपूर्ति ज्योति गौतम, एसडीएम पवन पटेल और एसीपी रजनीश वर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं। अब तक 60 शिकायतें दर्ज की गईं। निगोहां क्षेत्र के नंदौली गांव में हिस्ट्रीशीटर द्वारा पंचायत भवन की जमीन पर दोबारा कब्जा किए जाने से ग्रामीण भड़क उठे। प्रधान समेत ग्रामीणों ने प्रशासन पर शह देने का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर ने गुमटी रखकर उसमें गांजा व स्मैक का कारोबार शुरू कर दिया है।

### आनुवांशिक जांच से मिलेगा सही निदान और बेहतर इलाज की राह

**लखनऊ।** आनुवांशिक जांच से न केवल बीमारियों की सटीक पहचान संभव है बल्कि मरीजों को सही समय पर उचित इलाज और परामर्श भी मिल पाता है। यही वजह है कि संजय गांधी पीजीआई में सोमवार को 22वें आईसीएमआर कोर्स ऑन मेडिकल जेनेटिक्स एंड जेनेटिक काउंसलिंग की शुरुआत की गई।

संस्थान के डीन डॉ. शालीन कुमार और जेनेटिक्स विभागाध्यक्ष प्रो कौशिक मण्डल ने सत्र का उद्घाटन किया। आनुवांशिक रोगों और जांचों की बारीकियां बतायीं और लैब में जांच करने के तरीके समझाए। अनुवांशिक जांच वह प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति के डीएनए, जीन और क्रोमोसोम का अध्ययन किया जाता है। इससे यह पता चलता है कि किसी व्यक्ति में कौन-सी आनुवांशिक बीमारी मौजूद है, आगे चलकर होने की संभावना है या वह बीमारी बच्चों में जा सकती है। इस जांच में क्रोमोसोमल एनालिसिस (कैरीटाइपिंग), मॉलिक्यूलर जेनेटिक टेस्ट, बायोकेमिकल जेनेटिक टेस्ट, नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग (एनजीएस) और प्रेनेटल जेनेटिक टेस्ट जैसी विधियां शामिल होती हैं। इनसे थैलेसीमिया, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, सिस्टिक फाइब्रोसिस जैसी बीमारियों के अलावा दुर्लभ और जन्मजात रोगों की भी पहचान संभव है।

## किताबों में धर्म–विज्ञान, दलित और बौद्ध साहित्य



● 22वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला : पांचवां दिन, विमोचन और चर्चाओं के बीच प्रो.उषा सिन्हा व नूतन वशिष्ठ सम्मानित

**लखनऊ।** 'मानने और जानने में काफी अन्तर है। मानने में कोई श्रम नहीं करना पड़ता, इसलिए लोग आसानी से उसकी ओर मुड़ जाते हैं। यह मानना ही समय पाकर रूढ़ हो जाता है और मान्यता में बदल जाता है। जानना किंचित श्रम-साध्य है।'

ऐसी समझ देने वाली 'धर्म का विज्ञान और विज्ञान का धर्म' जैसी किताबें बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग पर चल रहे 22वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में दलित और बौद्ध साहित्य के स्टालों पर खूब हैं। हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत छूट देने के संग ही मुफ्त प्रवेश देने वाले मेले का आज पांचवां दिन भी पुस्तक प्रेमियों और साहित्यिक आयोजनों से रौनक भरा रहा। मेले में सम्यक प्रकाशन के स्टाल पर आदिवासी पत्र पत्रिकाएं, मैं बौद्ध नगरी मथुरा हूं, दलित दमन उत्पीड़न कब तक, बोधगया ऐतिहासिक फैसला जैसी नयी किताबों के साथ बौद्ध साहित्य में बौद्ध जीवन आचार विचार, भगवान बुद्ध की अंतिम यात्रा और अम्बेडकर साहित्य में घर घर अम्बेडकर सरीखी बहुत सारी पुस्तकें हैं। संविधान प्रचार समिति वाले भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर, महाबोधि महाविहार मुक्त आंदोलन, धर्म का विज्ञान और विज्ञान का धर्म व बुद्ध की वाणी पाल कैरस की जुबानी जैसी चर्चित नयी किताबें लेकर आये हैं। अनिल बहुजन के स्टाल पर इसी वर्ष छपी सामाजिक न्याय की जमीनी दास्तान पसंद की जा रही है। गौतम बुक के स्टाल पर नयी और सर्वाधिक बिकने वाली किताबों में एस एस गौतम की ज्वलंत विषय पर भारतीय जातियों का इतिहास और बहुजन ज्ञान कोश के संग कबीर की सौ कविताएं खास हैं। बौद्ध और दलित साहित्य अन्य स्टालों पर भी प्रचुर है।

**आज के कार्यक्रम 9 सितंबर**

- पूर्वाह्न 11:00 बजे पुस्तक चर्चा– भारतीय लघुकथा सृजन संस्थान
- अपराहन 12:30 बजे काव्य गोष्ठी– साहित्य वीथिका
- अपराहन 2:00 बजे पुस्तक लोकार्पण– डा.करुणा पाण्डेय
- अपराहन 3:30 बजे युवाओं का कार्यक्रम
- शाम 5:00 विमोचन– वेब इरा पत्रिका
- शाम 7.00 बजे कहानी पाठ– कथारंग

## काकोरी में अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता



**काकोरी।** काकोरी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी युवक को ग्रिफ्तार किया। यह फैक्ट्री खंडहर जैसे एक मकान में चल रही थी। पुलिस की छापेमारी में एक आरोपी गिरफ्तार हुवा और एक आरोपी का एक साथी फरार हो गया। पुलिस ने एक तमंचा, दो अधबने तमंचा व तमंचा बनाने में उपयोग होने वाले उपकरण बरामद किया है।

इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि नई बस्ती बहरू गांव में दिलीप उर्फ संतू लाल गांव में अपने मकान के पास बने खंडहर में अपने एक साथी के साथ अवैध असलहा बनाने का काम करते थे। पुलिस को मुखबिर से इस फैक्ट्री की सूचना मिली थी। पुलिस ने टीम बनाकर छापा मारा तो दिलीप व उसका साथी खंडहर में अवैध रूप से असलहा बनाते हुए मिले। पुलिस ने दिलीप को दबोच लिया जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर बागों में फरार हो गया। गिरफ्तार दिलीप ने साथी का नाम मिंटू बताया है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस को मौके से हैंड ड्रिल मशीन,भट्टी मय पाइप, ग्राइंडर मशीन व अन्य उपकरण बरामद हुए है। साथ ही एक बना हुआ तमंचा ,दो अधबने तमंचा, व कारतूस भी बरामद हुए। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया जबकि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। इस घटना को सफल अनावरण करने वाली टीम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर के नेतृत्व में टीम ने इस सफल अनावरण किया जिसमें कमलेश कुमार पासवान, उपनिरीक्षक अंकित यादव, उपनिरीक्षक राजकुमार, उपनिरीक्षक उस्मान खाँन, उपनिरीक्षक मोबिन अली, उपनिरीक्षक सुमित तिवारी, कांस्टेबल रोहित यादव सहित सभी पुलिस कर्मियों ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### 47वीं रामरथ यात्रा बनी श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का संगम

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपनी माता स्व. तारा सिंह की स्मृति में आरम्भ की गई रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा अपनी 47वीं कड़ी तक पहुँच चुकी है। विधायक डॉ. सिंह द्वारा संचालित यह निःशुल्क बस सेवा सरोजनीनगर में सेवा और श्रद्धा को समाज हित से जोड़ने का अद्वितीय उदाहरण बन चुकी है। डॉ. सिंह ने अपनी माँ की स्मृति को केवल भावनाओं तक सीमित न रखकर उसे जनसेवा का रूप दिया। इस परंपरा के अंतर्गत वह प्रत्येक पखवाड़े किसी न किसी गाँव के बुजुर्गों और मातृशक्ति को अयोध्या धाम दर्शन का अवसर उपलब्ध कराते हैं। इसी क्रम में, सोमवार को आयोजित 47वीं यात्रा में ग्राम पंचायत परवर पश्चिम के श्रद्धालुओं ने इस दिव्य अनुभव का लाभ उठा रहे है। इस यात्रा ने उन ग्रामीणों के लिए, जिनके लिए अयोध्या दर्शन जीवनभर का सपना था, उसे वास्तविकता में बदल दिया। साथ ही, यह यात्रा केवल धार्मिक अनुभव तक सीमित न रहकर सामाजिक सौहार्द, सहयोग और समरसता का सशक्त माध्यम भी बनी। यात्रा के दौरान बुजुर्गों की आंखों में छलकते आंसू और मातृशक्ति के चेहरे पर झलकती संतोष भरी मुस्कान ने यह सिद्ध कर दिया कि यह यात्रा केवल दर्शन का साधन नहीं, बल्कि यह भक्ति, सेवा और समाज की सामूहिक आस्था का उत्सव है।

### रायबरेली रोड पर मूसलाधार बारिश से यातायात व्यवस्था ध्वस्त, चार किमी लंबा जाम

**लखनऊ।** सोमवार दोपहर बाद करीब साढ़े बारह बजे हुई मूसलाधार बारिश ने राजधानी की यातायात व्यवस्था को चरमरा दिया। रायबरेली रोड पर पीजीआई गेट से लेकर उतरटिया और किसान पथ तक करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

भारी बारिश के चलते गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूल बसें, एंबुलेंस और स्टाफ बसें तक घंटों जाम में फंसी रहीं। commuters को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हालात बिगड़ने पर ट्रैफिक पुलिस और पीजीआई कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला। वाहनों को अन्य मार्गों की ओर डायवर्ट किया गया, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी। इसके बावजूद करीब एक घंटे तक लोगों को जाम में फंसे रहना पड़ा।

## किरण फाउंडेशन के मुफ्त कैम्प में 700 की ओपीडी, 270 का पंजीकरण





**लखनऊ।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत सेंट एंजेनीज़ पब्लिक स्कूल राजाजी पुरम में किरण फाउंडेशन द्वारा पार्षद गौरी सांवरिया व शिवपाल सवारिया की अगुवाई में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मैक्स हॉस्पिटल, मेदांता हॉस्पिटल, टीएस मिश्रा और जर्मन होम्योपैथी क्लिनिक जैसे संस्थानों के चिकित्सकों ने क्षेत्र के लगभग सात सौ लोगों की ओपीडी कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निवारण सम्बन्धी सुविधा उपलब्ध कराई। साथ ही वयोश्री योजना के ही अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के 270 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण भी निःशुल्क व्हील चेयर, छड़ी, कान की मशीन जैसे सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए किया गया।आयोजन में सहयोगी रहे अंजनी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, ईशान शर्मा, प्रशांत सेठ, राघवेंद्र अवस्थी, मानस मित्रा, अभय उपाध्याय, अभिषेक गुप्ता, अतुल सिंह, अर्जुन शर्मा, शुभम यादव साथ ही नवाब सैयद मोहम्मद असद रॉयल फैमिली अवध के सदस्यों का संस्था किरण फाउंडेशन ने स्मृति चिह्न देकर आभार व्यक्त किया।

## पितृपक्ष में आते और शादी विवाह में बुलाए जाते हैं पूर्वज



राम दशरथ यादव

● दो शिक्षकों ने पूर्वजों की तेरह पीढ़ियों को खोज निकाला

**लखनऊ।** पूर्वजों का पितृ लोक से पृथ्वी लोक पर आने का समय एक बार फिर आ गया है। इन दिनों में पूर्वजों को जल, तिल और कुश से तर्पण के साथ ही कौआ, कुत्ता या गाय को भोजन दिया जाता है जो पूर्वजों के प्रतिनिधि कहे जाते हैं। कभी कभी पूर्वज स्वप्न में आकर दर्शन देते है। कहा जाता है कि स्वप्न में दिखाई देने वाले पुरखों की खुशी या नाराजगी बता देती है कि उनकी आप पर कृपा है या नहीं। पितृ पक्ष में पूर्वजों के पिंडदान और तर्पण के लिए कुछ लोग गया भी जाते हैं।

भाद्रपद की पूर्णिमा से लेकर अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पक्ष रहता है। इन सोलह दिनों में शुभ कार्य वर्जित हो जाते हैं और पूर्वजों को खुश करने के लिए पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध सहित बहुत कुछ किया जाता है। इन्हीं 16 दिनों में एक दिन पुरुष पूर्वजों का और एक दिन महिला पूर्वजों का होता है जिसमे उनको भोजन बना कर खिलाया जाता है। भोजन छत पर भी रखा जाता है। पितृ पक्ष में कोई भी व्यक्ति कौआ, कुत्ता और गाय को मारने पीटने या भगाने की गलती नहीं करता है। पितृपक्ष लगते ही लोग पिंडदान और तर्पण के लिए धार्मिक स्थल गया जी को भी जाते हैं। कहा जाता है कि भगवान राम ने भी अपने पिता राजा दशरथ के लिए यहां पिंडदान किया था। गया जाने से पहले घरों में पीले चावल छिड़कते हुए पूर्वजों को साथ चलने के लिए आमंत्रित करते हैं और गया जी पहुंच कर पिंडदान तथा तर्पण करके ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं। गया जी से वापस आने पर ब्रह्मभोज भी करते हैं जिसमें ब्राह्मणों के साथ ही गरीबों और अन्य को भोजन कराया जाता है। गया जाने वाले श्रद्धालु कई अन्य स्थानों पर भी पहुंचते हैं।

निगोहां निवासी हरि शंकर शुक्ला भी रविवार को नियम पूर्वक गया जी के लिए रवाना हुए। परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने उनको सम्मान सहित विदा किया।

कुछ लोग अपने पूर्वजों की पीढ़ियों को जानने में बहुत ही रुचि रखते हैं क्योंकि पितृपक्ष में पूर्वजों की श्राद्ध के अलावा शादी विवाह में उनको आमंत्रित करने की प्रथा है। रामपाल त्रिवेदी इंटर कालेज गोसाईगंज में शिक्षक और प्रधानाचार्य रहे दया शंकर त्रिपाठी ने अपने पूर्वजों की तेरह पीढ़ियों को ढूंढा तो पता चला कि कृषि आचार्य रक्षाराम तिवारी घाघ भी इनके पूर्वज थे। उनके यहां शादी विवाह में 181 पूर्वजों को आमंत्रित किया जाता है। इसी विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक केके मिश्रा भी तेरह पीढ़ियों तक पहुंच चुके हैं और संपूर्ण विवरण संकलित, संरक्षित और वर्गीकृत करते हुए अपने कुल गोत्र के नाम पर आधारित शांडिल्य नामक एक पुस्तक भी प्रकाशित की है।

इस तरह से पितृपक्ष पूर्वजों की कृपा पाने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पूर्वजों की आत्मा को प्रसन्न रखने के लिए नियम संयम से उनका श्राद्ध करना चाहिए।

### काकोरी में चोरों का आतंक, घर से लाखों का सामान और नगदी चोरी



**काकोरी।** काकोरी कोतवाली क्षेत्र में बीती रात चोरों ने किसान के घर से लाखों रुपये नगदी सहित सोने चांदी के आभूषणों को चोर चुरा कर भाग गए और किसी को इसकी भनक तक नही लगी। काकोरी के नकटौरा माजरा दोना गांव के परशुराम यादव ने बताया कि रविवार की रात वो अपने घर में सो रहे थे। रात करीब 2 से 4 बजे के बीच कुछ चोर उनके घर में घुस आए और अलमारी तोड़कर सारा कीमती सामान उठा ले गए। चोरों ने घर से एक बक्सा भी चुरा कर ले गए जो कुछ दूरी पर टूटा हुआ मिला। बक्से में रखे जेवर और पैसा गायब था। चोरी हुए सामान में सोने–चांदी के जेवरात सहित लगभग 1 लाख 20 हज़ार रुपये नकद रुपये चुरा ले गए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में गुस्सा है।पीड़ित ने काकोरी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही हैं जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

### निगोहां में कांवरियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद



**निगोहां।** भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंजता निगोहां का नगराम मोड़ सोमवार को एक बार फिर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम बना। बोल बम बोल कांवरिया मंडल द्वारा बाबा बैजनाथ धाम से लौटकर चौथे वर्ष भी चतुर्थ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से आए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक उल्लास का अनुभव किया।आयोजक उत्तम सिंह व शुभम गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष निगोहां से लगभग 200 कांवरियों का मंडल पावन यात्रा पर सुल्तानगंज से रवाना हुआ था। कांवरिए कठिन मार्ग और तपती धूप को सहते हुए लगभग 120 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा बैजनाथ धाम पहुंचे और कजरी तीज के अवसर पर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भक्तिमय भजन–कीर्तन और "बोल बम" के जयघोष के बीच यह यात्रा भक्ति, तपस्या और आस्था का प्रतीक बनी।कांवर यात्रा केवल पैदल चलने का ही नाम नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा और सहनशीलता की कठिन परीक्षा भी है। कांवरिए तपती धूप में नंगे पैर सैकड़ों किलोमीटर चलते हैं, रात भर खुले आसमान के नीचे विश्राम करते हैं और हर परिस्थिति में भगवान शिव का नाम जपते रहते हैं। थकान, दर्द और कठिनाइयों के बावजूद उनके चेहरों पर केवल भक्ति और उल्लास झलकता है। यात्रा के हर पड़ाव पर भजन–कीर्तन, ढोल–नगाड़ों की धुन और बोल बम के जयकारे कांवरियों को ऊर्जा और उत्साह से भर देते हैं। यही भक्ति भाव उन्हें मंजिल तक ले जाता है।यात्रा पूर्ण कर लौटने के बाद नगराम मोड़ पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सब्जी–पूड़ी, छोला, चावल, बूंदी सहित विविध प्रसाद का वितरण किया गया। हजारों की संख्या में उमड़े भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य किया।इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष उत्तम सिंह, पिंकू साहू, सौरभ मिश्रा, शुभम सिंह, शुभम गुप्ता, रानू सिंह, ज्ञान सिंह, लवकुश गुप्ता, रंजीत कश्यप, अरविंद तिवारी सहित समस्त भक्तों ने सेवा भाव से आयोजन में योगदान दिया। कांवर यात्रा सावन माह में भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा का प्रतीक मानी जाती है। श्रद्धालु गंगाजल या पवित्र जल को कांवर में भरकर सैकड़ों किलोमीटर पैदल यात्रा कर शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। यह यात्रा न केवल तप और साधना का प्रतीक है, बल्कि यह भक्तों के धैर्य, सेवा और सामूहिक भक्ति की मिसाल भी पेश करती है। बाबा बैजनाथ धाम, झारखंड के देवघर में स्थित है और इसे द्वादश ज्योतिर्लिंगों में गिना जाता है। मान्यता है कि स्वयं रावण ने यहाँ शिवलिंग की स्थापना की थी। बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करने का सौभाग्य भक्तों को अमृत तुल्य आशीर्वाद प्रदान करता है। सावन में यहाँ लाखों कांवरियों का सैलाब उमड़ता है, जो "बोल बम" के जयकारों के बीच बाबा का जलाभिषेक कर स्वयं को कृतार्थ मानते हैं।भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने पहुँचे स्थानीय श्रद्धालु राजेश मिश्रा ने भावुक होकर कहा कांवर यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन को सकारात्मक ऊर्जा देने वाली साधना है।वहीं श्रद्धालु सीमा गुप्ता ने कहा भक्तिभाव से किए गए इस भंडारे ने पूरे क्षेत्र का माहौल पावन कर दिया है। प्रसाद पाकर मन को अलौकिक शांति मिली।युवक आशीष तिवारी ने कहा कांवर यात्रा हमें धैर्य, अनुशासन और सेवा का संदेश देती है। इस आयोजन से समाज में एकता और भाईचारे की भावना और प्रबल होती है।निगोहां में आयोजित इस भंडारे ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। श्रद्धालु इसे केवल प्रसाद वितरण का आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और एकता का उत्सव मानते हैं।

# स्कूल की दीवार ढही, महिला की मौत, दो पोते गंभीर



» बरसात में कमजोर दीवार भरभराकर गिर गई

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर/जलालाबाद।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मुड़िया कलां में रविवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। जूनियर हाईस्कूल की दीवार अचानक भरभराकर सड़क पर गिर गई। हादसे में दीवार के पास बैठे महिला सहित तीन लोग मलबे की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई, जबकि दो पोते गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं।

ग्राम मुड़िया कलां निवासी धनदेवी (60) पत्नी शंकर अपने पोते विनमोल व लवकुश के साथ घर के सामने बैठे हुए थीं। पास ही जूनियर हाईस्कूल की दीवार थी। अचानक दीवार गिर गई और तीनों मलबे में दब गए। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

परिजनों व ग्रामीणों ने तुरंत तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान धनदेवी की मौत हो गई। दोनों पोते की टांगें टूट गई हैं और उनका इलाज जारी है। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2019-20 में स्कूल की दीवार मानकों के विपरीत बनाई गई थी। बरसात में कमजोर दीवार भरभराकर गिर गई, जिससे यह हादसा हुआ। परिजनों के अनुसार सोमवार सुबह धनदेवी का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## लोदीपुर खन्नौत पुल से व्यक्ति ने लगाई छलांग, तलाश में जुटी पुलिस

**शाहजहांपुर।** शहर में कूदा-फांदी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब लोदीपुर स्थित खन्नौत पुल पर सोमवार को एक व्यक्ति ने छलांग लगाकर सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार युवक अपनी बाइक से पुल पर पहुंचा। बाइक साइड में लगाकर पहले नीचे झांका और फिर अचानक रेलिंग लांघकर नदी में कूद गया। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू कर दी। घटना के बाद पुल पर राहगीरों की भीड़ जुट गई।



मिली जानकारी के मुताबिक युवक की पहचान आशीष उर्फ आदित्य सक्सेना निवासी रोजा एकता नगर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से तनाव में चल रहे थे। कूदने से पहले उन्होंने अपनी बाइक पर मोबाइल नंबर भी लिख छोड़ा था। जिससे उनकी शिनाख्त हो सकी। फिलहाल एसडीआरएफ और पुलिस की टीम युवक की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वित्तीय समावेशन अभियान के तहत पंजाब एंड सिंध बैंक ने लगाए शिविर



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** पंजाब एंड सिंध बैंक, प्रधान कार्यालय नई दिल्ली के महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण ने सोमवार को बरेली अंचल का दौरा किया। उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन परिपूर्णता अभियान को बढ़ावा देना रहा।

इस अभियान के तहत सामाजिक सुरक्षा योजनाओं- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जन धन योजना की जानकारी पात्र नागरिकों तक पहुंचाई जा रही है। यह अभियान 1 जुलाई से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेगा। सोमवार को निर्णय लिया गया कि इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु बैंक की परसाखेड़ा, गुलेरिया राजकुल निशा और महानगर शाखाओं में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण ग्राहकों को योजनाओं की जानकारी देंगे। इस अवसर पर बरेली आंचलिक कार्यालय के आंचलिक प्रबंधक किरण शंकर, मुख्य प्रबंधक प्रेम प्रकाश तथा अमित मोहन अस्थाना भी मौजूद रहेंगे।

## एक नजर

### 17 कनिष्ठ लिपिकों को नियुक्ति पत्र वितरण किये



**बरेली।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित कनिष्ठ लिपिक को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश सचिवालय के लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम लखनऊ में वितरण समारोह के सजीव प्रसारण के पश्चात जनपद बरेली के चयनित 17 नव नियुक्त कनिष्ठ लिपिकों को कलेक्ट्रेट सभागार नियुक्ति पत्र का वितरण बिथरी विधायक राघवेन्द्र शर्मा तथा जिला पंचायत अध्यक्षा रश्मि पटेल द्वारा वितरित किये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. विश्राम सिंह द्वारा सभी को बधाई दी गयी तथा अपर जिलाधिकारी एफआर संतोष कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अमित कुमार, जिला प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार एवं अपर शोध अधिकारी अजय पाल सिंह गंगवार, विक्रम सिंह, डीसीपीएम जितेन्द्र कुमार, टीएसयू से अरुण कुमार, वरिष्ठ लिपिक नीलम रॉय, रविन्द्र कुमार, संजीव दुबे, सुनील, सुशील उपस्थित थे।

### बाढ़ पीड़ित परिवारों को वितरण की गई किटें



**पीलीभीत।** बाढ़ पीड़ित परिवारों को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में अधिकारियों द्वारा खाद्यान्न किट वितरण करने का सिलसिला जारी है। सोमवार को मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की उपस्थिति में खाद्यान्न किट का वितरण किया गया। बीते दिनों हुई बरसात के कारण आमजन-मानस का जीवन थम सा गया। गावों में बाढ़ के प्रकोप से घरों में पानी भर गया, जिसके कारण परिवार भुखमरी की कगार पर आ गए। दैवीय आपदा व बाढ़ पीड़ित परिवारों की मदद करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद्य सामग्री मुहैय्या कराई जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को ब्लॉक मरौरी क्षेत्र के गाँव दियूनी केसरपुर एवं बक्सपुर में बाढ़ पीड़ित परिवारों को गन्ना विकास राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की मौजूदगी में उप-जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार अर्चि गुप्ता सहित डीपीआरओ रोहित भारती ने खाद्यान्न किट का वितरण किया। इस दौरान सम्बंधित पंचायत सचिव मनोरंजन सिंह, ग्राम प्रधान एवं तमाम पीड़ित परिवार मौजूद रहे।

## सौतन बनी सीतु की मौत का कारण, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** सौतन के घर में आने से शुरू हुए क्लेश ने दंपत्ति को विषाक्त पदार्थ खाकर जान देने के लिए विवश कर दिया। रविवार को दंपत्ति ने विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिससे पत्नी की मौत हो गई। उपचार के दौरान पति की हालत में सुधार होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। भनक लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

विदित हो कि न्यूरिया कस्बा निवासी राजू मौर्य छत्तीसगढ़ में साइकिल मिस्त्री का काम करता था इसी दौरान उसने स्थानीय निवासी सीतु उर्फ छोटी (26 वर्ष) से शादी कर ली। सीतु ने एक बेटा और बेटी को जन्म दिया। राजू मौर्या मनचला होने के कारण बीते दिनों अपनी पत्नी की मौसेरी बहन को घर ले आया और पत्नी बनाकर उसे अपने साथ रखने लगा, जिस पर राजू की पत्नी सीतु ने आपत्ति व्यक्त की और इसी कारण दोनों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। घरेलु कलह इस कदर बढ़ गया कि दोनों अपनी जीवन लीला समाप्त करने पर आमादा हो गए। रविवार की देर रात हुए कलह के दौरान दोनों पति-पत्नी ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में दंपती को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सीतु की मौत हो गई। राजू की हालत में सुधार होने पर उसे छुट्टी दे दी गई। सोमवार को जब मृतका सीतु के शव के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी, तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रशिक्षु सीओ गायत्री यादव मौके पर पहुंचीं और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर फैलते ही मृतका के घर पर भीड़ जुट गई और आसपास के क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

## राज्यपाल ने ड्रैगन फ्रूट किसान अंशुल मिश्रा से की मुलाकात, नवाचार की जमकर सराहना

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में शाहजहांपुर के चर्चित ड्रैगन फ्रूट किसान अंशुल मिश्रा व उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान अंशुल मिश्रा के पिता आदित्य मिश्रा, भाई किशन व चाचा सुशील मिश्रा भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने अंशुल से ड्रैगन फ्रूट की खेती और नवाचार से जुड़ी विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर अंशुल ने अपने चिलौआ फॉर्म में उगाए गए ड्रैगन फ्रूट राज्यपाल को भेंट किए। अंशुल के पिता आदित्य मिश्रा ने राजभवन में एकीकृत कृषि प्रणाली की जानकारी दी, जिसमें ड्रैगन फ्रूट के साथ टिंबर प्लांट, सब्जियां और गौपालन को भी शामिल किया गया है। मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने अंशुल के परिवार की शिक्षा जगत से जुड़ी पृष्ठभूमि पर भी चर्चा की। आदित्य मिश्रा यूपीएस इस्लामगंज, जलालाबाद में कार्यरत हैं।



राज्यपाल ने स्कूल संबंधी जानकारी लेते हुए शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्ति दिलाने पर बातचीत की। जब राज्यपाल ने चिलौआ ड्रैगन फ्रूट का लोगो देखा तो उन्हें शाहजहांपुर भ्रमण के दौरान का वह क्षण याद आया जब वे इसी गांव के आईएएस समीर शुक्ला को सम्मानित कर चुकी थीं। अंशुल मिश्रा ने राज्यपाल को अपने द्वारा विकसित हाइपर ग्रोथ प्लांट तकनीक के बारे में बताया, जिसके जरिए ड्रैगन फ्रूट का उत्पादन समय 18 माह से घटकर 6 माह हो गया है। राज्यपाल ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से निकलकर कृषि क्षेत्र में किया गया यह कार्य प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य किसानों को भी ड्रैगन फ्रूट की खेती में हाथ आजमाना चाहिए। साथ ही आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय स्तर पर जल्द ही ड्रैगन फ्रूट आधारित कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। अंशुल ने इस अवसर पर राज्यपाल के जीवनवृत्त पर आधारित पुस्तक चुनौतियां मुझे पसंद हैं पर उनका ऑटोग्राफ भी लिया। इस पर मुस्कराते हुए राज्यपाल बोलीं आपने यह किताब खरीदी है।

## आईटी कंपनी छोड़ बनाया फर्जी आधार सॉफ्टवेयर लोगों को लगाया चूना, एसटीएफ के हत्थे चढ़ा आरोपी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** आधार कार्ड बनाने का फर्जी सॉफ्टवेयर बेचकर हजारों लोगों को चूना लगाने वाले साइबर ठग को एसटीएफ ने बरेली से दबोच लिया। आरोपी खुद को आईटी एक्सपर्ट बताकर लोगों को झांसे में लेता और महज 1000 से 1500 रुपये में नकली सॉफ्टवेयर बेचता था। खास बात यह है कि आरोपी ने यह फर्जी सॉफ्टवेयर उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और गुजरात समेत कई राज्यों में करीब 2000 से अधिक लोगों को बेच डाला।

एसटीएफ की बरेली यूनिट ने शनिवार रात सुभाषनगर पुलिया से जंक्शन रोड पर घेराबंदी कर ठग को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रेमनगर के राजेंद्र नगर निवासी जयवीर गंगवार पुत्र मेवाराम के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के दौरान एसटीएफ ने आरोपी के पास से एक लैपटॉप, मोबाइल, दो फर्जी आधार कार्ड और चार एटीएम/डेबिट कार्ड बरामद किए।

### आईटी कंपनी छोड़ बनाई ठगी की स्क्रिप्ट

पूछताछ में जयवीर ने बताया कि वह कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने के बाद नोएडा की एक आईटी कंपनी में नौकरी करता था। यहीं से उसे फर्जी सॉफ्टवेयर बनाने का आइडिया आया। नौकरी छोड़कर उसने घर पर ही आधार बनाने का नकली सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया। इसके बाद वह फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप्स पर विज्ञापन डालकर लोगों से संपर्क करता था। जब कोई ग्राहक तैयार हो जाता तो जयवीर एनीडेस्क के जरिए उनके कंप्यूटर में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करता और आईडी-पासवर्ड देकर भरोसा जीत लेता। लेकिन जब यह सॉफ्टवेयर काम नहीं करता तो वह नए-नए बहाने बनाकर और पैसे मांगता और आखिर में मोबाइल बंद कर देता।

### दो साल से चला रहा था ठगी का धंधा

एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक आरोपी पिछले दो साल से इस धंधे में सक्रिय था और अब तक 2000 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुका है। पकड़े गए जयवीर गंगवार के खिलाफ थाना सुभाषनगर में धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## युवा ही पार्टी की रीढ़ हड्डी है : शिव चरन

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सभी फ्रंटल प्रकोष्ठों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष असलम खान ने की। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा कि युवाओं को पार्टी की रीढ़ बनकर मेहनत करनी होगी। संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत करना ही समाजवादी आंदोलन की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, नौजवान, अल्पसंख्यक सभी वर्ग परेशान हैं। ऐसे समय में समाजवादी पार्टी ही असली विकल्प है जो संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर सकती है।



अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर ने कहा कि सभी युवाओं को समाजवाद और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचार समाज को दिशा देने वाले हैं। हमें पीडीए के सभी वर्गों को जोड़कर एक मज़बूत सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़नी है। बैठक का संचालन जावेद गद्दी ने किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, जिला सचिव बृजेश श्रीवास्तव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष एजाज़ अहमद, छात्रा सभा के अविनाश मिश्रा, श्रमिक सभा के यशवीर यादव, अधिवक्ता सभा के श्याम वीर सिंह ने भी अपने विचार रखे। ठाकुर संतोष सिंह, पिंकू गुजर, सुदेश यादव, संजीव कश्यप, संदीप मौर्य, शुभलेश यादव, श्रीपाल यादव, रामदीन सागर, गुरजीत सिंह, प्रवेंद्र दिबाकर, बारिश अली, मो फहीम, शाहिद खा, धूम सिंह, आयुष गंगवार, सोमपाल राजपूत, धर्मपाल लोधी, पन्नालाल साहू आदि कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर की बाढ़ त्रासदी में मदद को आगे आए पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** जनपद में बाढ़ की विभीषिका ने हर गली-कूचे और कॉलोनी को अपनी चपेट में ले लिया है। गर्रा और खन्नौत नदियों के उफान ने सैकड़ों परिवारों को प्रभावित किया है। हालात ऐसे हैं कि मेडिकल कॉलेज परिसर तक पानी भर आया, दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर दो फुट तक पानी जमा हो गया और कई कॉलोनियों में लोग घरों में कैद होकर रह गए।

इस भीषण स्थिति में प्रशासन द्वारा राहत कार्य तो किए ही जा रहे हैं, साथ ही समाज के प्रबुद्ध नागरिक भी सेवा भावना के साथ आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व विधान परिषद सदस्य संजय मिश्रा ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सुभाष नगर कॉलोनी, न्यू आनंदपुरम कॉलोनी, काशीराम कॉलोनी समेत आसपास के प्रभावित गाँवों में पहुँचकर जरूरतमंद परिवारों को भोजन के पैकेट वितरित किए। उनके साथ समाजसेवी हरिशरण बाजपेई, नीरज वाजपेयी व संजय मिश्रा सहित अन्य सहयोगी भी मौजूद रहे। भोजन वितरण के दौरान संजय मिश्रा ने कहा कि आपदा के इस समय में हर व्यक्ति को अपने स्तर से सहयोग करना चाहिए। जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, हमारा प्रयास रहेगा कि हर ज़रूरतमंद तक मदद पहुँचे।" लोगों ने भी राहत पाकर राहत की साँस ली और संजय मिश्रा व उनकी टीम का आभार जताया।



## राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के अपमान पर शिवसेना (एकनाथ शिंदे) ने सौंपा ज्ञापन

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** शिवसेना (एकनाथ शिंदे) बरेली पश्चिमी के जिला प्रमुख दीपक पाठक सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के अपमान के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित हजरतबल दरगाह परिसर में भारत के गौरवशाली राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ की स्थापना की गई थी, किंतु कुछ असामाजिक तत्वों ने इस पवित्र प्रतीक को तोड़कर उसका अपमान किया। यह कृत्य राष्ट्रीय सम्मान अधिनियम, 1971 एवं भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं का उल्लंघन है, जिस पर कठोरतम दंड दिया जाना चाहिए। शिवसेना नेताओं ने मांग की कि दोषियों के खिलाफ फास्ट-ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित की जाए।



इस प्रकरण को राजनीतिक रंग देने और भड़काऊ बयान देने वाले कांग्रेस नेताओं पर कानूनी कार्रवाई की जाए। जम्मू-कश्मीर प्रशासन को जवाबदेह बनाते हुए राष्ट्रीय प्रतीकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। केंद्र और राज्य सरकारें देशभर में राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को राजद्रोह की श्रेणी में लाकर कठोर दंडात्मक प्रावधान लागू करें। पार्टी ने कहा कि राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद को इस घटना पर कठोर कदम उठाना चाहिए, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत हो। इस मौके पर राकेश यादव, विनोद मिश्रा, विश्वप्रताप सिंह, संतोष सिंह, नवीन सक्सेना, शशांक पाठक, गनोज पांडेय, राजीव पांडेय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ड्रोन कैमरा प्रतिबंध हटाने की मांग, फोटोग्राफरों ने सौंपा ज्ञापन



**बरेली।** उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन के सदस्य सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। फोटोग्राफरों ने कहा कि उनका मुख्य कार्य विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में फोटोग्राफी करना है, और आधुनिक समय में ड्रोन कैमरा इसका अहम हिस्सा बन चुका है। उन्होंने बताया कि हाल ही में ड्रोन के संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध से हजारों फोटोग्राफरों की आजीविका प्रभावित हो रही है। ग्राहकों की मांग पूरी नहीं हो पा रही है और फोटोग्राफरों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संगठन की मांग है कि पंजीकृत फोटोग्राफरों को विवाह समारोह, मैरिज हॉल और निजी आयोजनों में निर्धारित नियमों व सुरक्षा मानकों के तहत ड्रोन कैमरे के उपयोग की अनुमति दी जाए। साथ ही सरकार ड्रोन संचालन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और अनुमति की प्रक्रिया तय करे। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष अरविंद आनंद, पुष्पेंद्र यादव, संजीव, इंद्रपाल यादव, प्रमोद बॉबी, प्रियंका, गुड्डू मौर्य सहित अन्य फोटोग्राफर मौजूद रहे।

## सपा नेता राजकुमार राजू ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित



विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य मे समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सपा नेता राजकुमार राजू ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे सेवानिवृत्त शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई।

युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ₹राजू₹ ने आए हुए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों ने अपने जीवन को राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित किया है। उन्होंने बताया वह खुद शिक्षक थे उसी दौरान जनता की सेवा करने का मन आया और इस्तीफ़ा देकर राजनीति मे आए। शिक्षको के प्रयासों से ही हमारे समाज में शिक्षा का स्तर सुधरा है और युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक अरशद खा एव पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कार्यक्रम की सराहना करतें हुए कार्यक्रम में पहुंचे सभी शिक्षकों स्व. मुलायम सिंह यादव के शिक्षक रहने के दौरान के संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम में मौजूद सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मास्टर गुरदयाल सिंह, कौशल वाजपेयी, सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी, कल्याण सिंह सरोज, संजय खान, मीता सिंह, दिनेश वर्मा, भगवान दीन वर्मा आदि शामिल रहे।

## जनपद को मिले 8 कनिष्ठ सहायक जिलाधिकारी ने सौंपे नियुक्ति पत्र



विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा नव-चयनित प्रदेश के 1112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण किये गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम से किया गया।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में 8 नवनियुक्त कनिष्ठ सहायक को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नवनियुक्त धीरज कुमार, अभय सिंह, वीरपाल, रितेश सिंह, राहुल भारती, प्रतिभा गंगवार, अजय कुमार, आदित्य टंडन को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। सभी ने अपने भाव प्रकट करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में लोक भवन लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में देखा एवं सुना गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय सारक्षता दिवस पर संगोष्ठी संपन्न

विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बेसिक शिक्षा विभाग ने संगोष्ठी आयोजित की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सभी स्कूली बच्चे फर्नीचर पर ही बैठेंगे, कोई भी विद्यालय फर्नीचर विहीन नहीं होना चाहिए। साक्षर समाज होगा तभी विकास होगा। शिक्षित समाज ही मजबूत विकास की बुनियाद होती है।

डीएम ने शिक्षको से अपनी कार्यशैली बेहतर बनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने लिखने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह बुनियादी कौशल भी है, जो सामाजिक विकास के लिए व्यक्तियों को सशक्त भी बनाता है। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने कहा कि शिक्षा में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों की सूरत बदली है। स्कूली बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक से लेकर तमाम सुविधाएं दी जा रही है।



कार्यशाला के दौरान जिले के मास्टर ट्रेनर शिक्षक सोनिल कुशवाहा, प्रवीण कुमार, अनुज कुमार, अमनदीप सिंह, मोहम्मद लतीफ, उषा रानी गोपाल कृष्ण सहित 16 शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर डीएम, सीडीओ, डीआईओएस राजीव कुमार, बीएसए अमित कुमार सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर जेल अधीक्षक, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, जिला समन्वयक राकेश पटेल सहित शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन शिक्षक दुर्गेश कुमार आर्य ने किया।

## एक नजर

### पति से विवाद पर फांसी पर झूली युवती, मौत

**बांदा।** मायके न जाने को लेकर पति से हुए विवाद पर पत्नी ने दो मंजिला मकान में पंखा की हुक पर साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पैलानी कस्बा निवासी माया देवी कुशवाहा (24) पत्नी राहुल कुशवाहा का पति से विवाद हो गया, जिसके बाद उसने रविवार की रात दो मंजिला मकान के अंदर पंखा की हुक पर साड़ी से फांसी लगारकर खुदकुशी कर लिया। मृतका के ससुर पवन का कहना है कि माया अपने मायके जाना चाहती थी, इस पर पति ने मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया और नाराज होकर माया ने खुदकुशी कर ली है। वहीं मृतका के पिता मोहनलाल निवासी भरुआ सुमेरपुर ने बताया कि माया की शादी 18 फरवरी 2022 को हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ति करते थे। आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुरालीजनों ने उसकी बेटी गला दबाकर हत्या कर दी और आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फंदे पर लटका दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है। मायकेवालों की तरफ से कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कर-करेत्तर की समीक्षा में वसूली अभियान तेज करने की हिदायत

**बांदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में आयोजित कर-करेत्तर और राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में स्टांप देयकों, आबकारी, व्यापार कर, परिवहन आदि विभागों में वसूली अभियान को तेज करने और लक्ष्य को प्राप्त करने की हिदायत दी गई। जिलाधिकारी ने प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती रीभा ने परिवहन एवं आबकारी की वसूली बढ़ाये जाने और शराब की दुकानों के आकस्मिक चेकिंग कराए जाने के साथ प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने तहसीलदार को बड़े बकायेदारों से धनराशि की वसूली किये जाने के के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए राजस्व वादों का समय के साथ निस्तारण किए जाने तथा पुराने वादों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। कहा कि तहसीलदार व नायब तहसीलदार सभी लंबित राजस्व वादों का तेजी से निस्तारण करें। एक वर्ष से अधिक समय के राजस्व वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस में प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र समय बढ़ता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि ऑडिट आपत्तियों एवं न्यायालय के वादों का समय पर निस्तारण किया जाए।

### पुलिस ने डीसी एम में 14 गौवंशो सहित 2 तस्करों को अवैद्य तमंचा सहित गिरफ्तार किया



**जालौन उरई।** जालौन पुलिस द्वारा 2 अभियुक्तगण को डीसीएम में 14 गोवंश को क्रूरतापूर्वक बांधकर परिवहन करते मय असलाहा सहित जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। जालौन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकडे 2 गौ तस्कर– 2 मौके से फरार तस्करी कर ट्रक से ले जा रहे 14 गौ वंशो को किया। डीसीएम सहित बरामद आरोपियों के पास से 315 बोर के 2 देशी तमंचा व 6 जिन्दा कारतूस बरामद किए। आरोपी इब्राहिम व सलमान के साथ छविराम व ट्रक चालक सहित कुल 4 लोगो के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार इब्राहिम व सलमान के आपराधिक इतिहास की पुलिस कर रही तलाश। जालौन के जालौन कोतवाली क्षेत्र के लोना रोड स्थिति पेट्रोल पम्प के पास का पूरा मामला।

### बारिश से ध्वस्त हुए मकान, मुआवजे की मांग



**बांदा।** जनपद में जहां बीते दिनों केन और यमुना नदी की बाढ़ से हजारों बीघा खेतों की फसल नष्ट हो गई, वहीं अब बारिश व जलभराव के चलते लोगों के कच्चे–पक्के मकान ध्वस्त हो रहे हैं। पीड़ित परिवारों के लोग खुले आसमान के नीचे जीवन बसर करने को विवश हैं। बीते कई दिनों से रुक रुक कर हो रही बरसात ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। बारिश के बाद लोग जलभराव की समस्या का सामना कर रहे हैं और जलभराव की चपेट में आकर लोगों के कच्चे–पक्के मकान धराशाई हो रहे हैं। बबेरू विधानसभा क्षेत्र के भभुवा और पिंडारन आदि गांवों में अतिवृष्टि के चलते जगह–जगह जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह पटेल ने समर्थकों संग क्षेत्र का भ्रमण किया और वस्तु स्थिति से रूबरू हुईं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी नींद से जागें और सर्वे का काम जल्द से जल्द से पूरा करने की बात कही। कहा कि पीड़ित ग्रामीणों को राहत उपलब्ध कराते हुए उन्हें जल्द ही मुआवजा दिलाया जाना चाहिए।

# ड्रोन और चोरी की अफवाहों पर विराम लगाने को पुलिस ने चलाया अभियान

» गांव–गांव जाकर पुलिस टीमों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

» अफवाहों से सावधान रहने की दी नसीहत, सहयोग की अपील



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** इन दिनों जिले में ड्रोन उड़ने और चोरी की घटनाओं को लेकर अफवाहों का बाजार खासा गरम है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में दहशत का माहौल कायम है। हालांकि पुलिस विभाग लगातार ऐसी अफवाहों को हवा न देने और इन पर ध्यान न देने की अपील कर रहा है, लेकिन पुलिस की अपील का कोई खास असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। इसीक्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अब पुलिस टीमों ने गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है।

रविवार की देररात पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपर एसपी शिवराज ने गिरवां थाना क्षेत्र के विंध्यवासिनी मंदिर के आसपास जागरूकता अभियान चलाया और ड्रोन के माध्यम से लोगों को सचेत रहने की नसीहत दी। कहा कि ड्रोन किसी भी दशा में चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे सकता। ऐसे में आसमान में उड़ते ड्रोन को देखकर घबराने की जरूरत नहीं है। बताया कि बांदा पुलिस ड्रोन के जरिए सभी इलाकों की विशेष निगरानी का काम कर रही है। पुलिस ड्रोन, पीआरवी और मुखबिरों के जरिए जिले में होने वाले अपराधों पर नजर रखने का काम कर रही है। अपर एसपी ने कहा कि ड्रोन उड़ाकर चोरी को लेकर कुछ असामाजिक तत्व अफवाह उड़ा रहे हैं और ग्रामीणों को परेशान करने का काम कर रहे हैं। ऐसे अराजकतत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को अफवाहों से सचेत रहने और किसी संदिग्ध घटना या व्यक्ति की सही जानकारी करने के बाद ही पुलिस को जानकारी देने की नसीहत दी। साथ ही उन्होंने कहा कि अफवाहों या आशंका के आधार पर किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ मारपीट न करें और कानून को अपने हाथ में न लें। ऐसे ही पुलिस की टीमों ने गिरवां थाना क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण किया और ग्रामीणों को सचेत व सावधान रहने की नसीहत दी।

## वाहन ने बाइक मे मारी जोरदार टक्कर, महिला की मौके पर मौत



» बेटा बचा, अंतिम संस्कार में जाते समय हुआ हादसा

विश्ववार्ता संवाददाता

**कालपी जालौन।** कालपी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह 9 बजे एक सड़क हादसा हुआ। उरई के कोंच स्टैंड निवासी विजयलक्ष्मी और उनका बेटा ऋतुराज बाइक से कदौरा जा रहे थे। वे एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने निकले थे

उसरगांव के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोर दार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिसमे विजयलक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गईं। एम्बुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सक डॉ. शेख शहरयार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया

कालपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन अक्सर दुर्घटनाओ को दावत देता हैं। पुलिस अधिकारियों ने परिजनो को वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। मृतका के परिवार को हरसंभव मदद का भी वादा किया गया है।

## कांग्रेस जिला महामंत्री को मीडिया प्रभारी का दायित्व

**बांदा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की सहमति से पार्टी के जिला महामंत्री सत्यप्रकाश द्विवेदी को मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्री द्विवेदी पर भरोसा जताते हुए उन्हें मीडिया प्रभारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने श्री द्विवेदी से निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम करते हुए कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन की मजबूती के लिए काम करने की अपेक्षा जताई है। श्री द्विवेदी के मनोनयन पर पूर्व विधायक शिरोमणि भाई, एआईसीसी रमेश चन्द्र कोरी, पीसीसी साकेत बिहारी मिश्र, भगवानदीन गर्ग, मुमताज अली, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, सुमन शुक्ला, सूरज बाजपेई आदि ने बधाई दी है।

## विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित ि वधिक जागरूकता शिविर में न्यायिक अधिकारियों ने कामकाजी महिलाओं को सुरक्षा और कानूनों की विस्तार से जानकारी दी और उन्हें कार्यस्थल पर यौन शोषण से बचाव व आत्मनिर्भर बनने की नसीहत दी। समाजसेवी संगठनों के लोगों ने भी महिलाओं से संबंधित कानूनों पर विस्तृत चर्चा की।

सोमवार को सदर तहसील सभागार में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने कहा कि असंगठित क्षेत्रों, निजी या सरकारी संगठनों समेत घरेलू काम करने वाली महिलाओं के साथ अक्सर उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती हैं। बताया कि ऐसी महिलाओं को अक्सर मानव तस्करी, यौन शोषण, लिंग आधारित शोषण, पीछा करने जैसी घटनाओं का शिकार होना पड़ता है।

ऐसे में पीड़ति महिलाएं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नाम एक प्रार्थना पत्र देकर मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं। बताया कि पारिवारिक मामलों की संख्या कम करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। सदर तहसीलदार विकास पांडेय ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आत्मचिंतन व स्वनिर्णय की क्षमता को आवश्यक बताया।

## राष्ट्रीय कवियों, साहित्यकारों व शायरों की सजी महफिल



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** नूतन बाल समाज के तत्वावधान में शहर के गणेश भवन में आयोजित 103वें गणेश महोत्सव के अंतिम दिन राष्ट्रीय कवियों, साहित्यकारों व शायरों की महफिल सजी। कवि सम्मेलन में साहित्यकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया।

रविवार की देरशाम गणेश भवन में आयोजित 103वें गणेश महोत्सव के अंतिम दिन राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियित्री ममता वाणी ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उरई से पधारे कवि वीरेंद्र तिवारी ने देश की अजड़ी पर आधारित कविता प्रस्तुत करते हुए सुनाया। धौलपुर राजस्थान से आये कवि रामबाबू सीकरवाल ने आपरेशन सिन्दूर पर अपनी बहुत ही सुन्दर रचना पेश करते हुए सुनाया। प्रख्यात व्यंगकार प्रदीप दिलुहिया चरखारी, कवि अर्जुन सिंह चांद झांसी ने अपनी रचनाओं के जरिए सभी गुदगुदाया। शायर अख्तर जलील ललितपुर ने कलाम पेश किया। अतुल बाजपेई लखनऊ, हरि बहादुर हर्ष प्रतापगढ़, अयोध्या से पधारे कवि जमुना प्रसाद उपाध्याय आदि ने कविताओं के माध्यम से देशभक्ति की बयार बहाई। कवि सम्मेलन में देर रात तक महफिल सजी रही। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि नरैनी विधायक ओममणि वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू, अशोक अवस्थी, निखिल सक्सेना, सत्यदेव त्रिपाठी, दंतू पंत गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## 31 साल पुराने दोहरे हत्याकांड में पूर्व विधायक दोषी : गिरफ्तारी वारंट जारी, 11 सितंबर को सजा का फैसला

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** 31 वर्ष पुराने दोहरे हत्याकांड के मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। जिला अपर सत्र न्यायालय/ईसी एक्ट कोर्ट ने सोमवार को कालपी क्षेत्र से 2007 से 2012 तक बसपा से विधायक रहे और वर्तमान में भाजपा नेता छोटे सिंह चौहान को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। कोर्ट के न्यायाधीश ने मामले में दोषी करार दिया है। कोर्ट के न्यायाधीश ने सोमवार को उनकी हाजिरी माफी अर्जी को खारिज करते हुए गिरफ्तारी वारंट भी जारी कर दिया। अब इस मामले में सजा 11 सितंबर को सुनाई जाएगी।

यह मामला 30 मई 1994 का है। चुर्खी थाना क्षेत्र के बिनौरा वैद गांव निवासी राम कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह अपने कोठी वाले मकान के बरामदे में बड़े भाई जगदीश शरण, राजकुमार उर्फ राजा भैया, भतीजे कुलदीप कुमार, जीजा रामेंद्र सेन और गांव के ही वीरेंद्र सिंह व रामकरन तिवारी के साथ बैठा हुआ था। तभी गांव के रुद्रपाल सिंह उर्फ लल्ले गुर्जर, राजा सिंह, संतावन सिंह गुर्जर, करन सिंह उर्फ कल्ले और दो अज्ञात व्यक्ति हथियारों से लैस होकर वहां पहुंच गए। आरोप है कि रुद्रपाल सिंह ने जोर से चिल्लाते हुए कहा कि सभी को घेर लो, कोई जिंदा न बचे। इसके बाद सभी ने बंदूक और राइफल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में राजकुमार और जगदीश शरण गंभीर रूप से घायल हुए और उन्हें मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं, वीरेंद्र सिंह को भी गोली लगी थी। रामकुमार किसी तरह जमीन पर लेटकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। घटना के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और विवेचना शुरू की। जांच में छोटे सिंह चौहान समेत अखिलेश कृष्ण मुरारी, बच्चा सिंह और छुन्ना सिंह के नाम सामने आए। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की, जिसके बाद छोटे सिंह ने आत्मसमर्पण किया और उन्हें जेल भेजा गया।

**कोर्ट ने दोषी को 11 सितंबर को पेश करने के दिए आदेश** – बाद में छोटे सिंह 2007 में बसपा से कालपी विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। इस बीच, हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार और राज्यपाल ने यह केस वापस लेने का निर्णय लिया। हालांकि, वादी पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के आदेश को निरस्त करते हुए इस मामले की शीघ्र सुनवाई का आदेश दिया।

## गणेश विसर्जन में सेवा देने वाले गोताखोरों को डीएम, एसपी ने सम्मानित किया



» डीएम–एसपी ने 13 लोगों को प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट कर किया सम्मानित

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** कोंच नगर में तहसील सभागार में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने गणेश विसर्जन में सहयोग करने वाले 13 गोताखोरों को सम्मानित किया। नगर पालिका कोंच के इन गोताखोरों को प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट किए

डीएम और एसपी ने कहा कि गणेश विसर्जन, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और बाढ़ जैसी स्थितियों में गोताखोरों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने गोताखोरों को दूसरों के साथ-साथ अपनी सुरक्षा पर भी ध्यान देने की सलाह दी। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, तहसीलदार जितेंद्र सिंह और नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव भी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जल से जुड़ी घटनाओं में गोताखोरों की विशेषज्ञता और तत्परता जान बचाने में मददगार साबित होती है। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों और आपदा की स्थिति में गोताखोरों की सेवाएं बहुत महत्व रखती हैं।

## एक नजर

### युवती की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत

**बांदा।** शहर के इंदिरा नगर निवासी राधा (30) पत्नी गोपाल पांडे पॉलीटेक्निक कालेज के पीछे स्थित प्राइवेट शिक्षक गौरव के यहां काम करती थी। सोमवार की सुबह वह काम करने गई थी। तभी अचानक चक्कर आ जाने से वह बाथरूम के बाहर गिर कर अचेत हो गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के भाई रोहित ने बताया कि पति डेढ वर्ष पहले रास्जस्थान के रूकनवा रेलवे स्टेशन में छोड आया था और उसके पूरे जेवर छीन लिए थे। पति इन दिनों मथुरा मे रह रहा है। पति उसका मानसिक उत्पीड़न करता था। सुबह भी पति का फोन आया था दोनो के बीच क्या बात हुई इस बात की जानकारी नही है। मौत का करण अज्ञात है।

### केन नदी में मिले शव की हुई शिनाख्त

**बांदा।** केन नदी में बुजुर्ग ने छलांग लगाकर खुदकुशी कर लिया। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे भांजे इमाम बक्स ने शव की शिनाख्त अपने मामा नत्थू (60) पुत्र मिटटू मंसूरी निवासी खुटला के रूप में किया। बताया कि नत्थू श्वास का मरीज था। वह रविवार की सुबह खिन्नी नाका स्थित डॉक्टर के यहां दवा लेने आया था। दवा लेने के बाद कटरा मोहल्ला जाने की बाद कह कर निकला था। उसका कहना है कि चक्कर आने से वह केन नदी में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उधर पुलिस का कहना था कि उसने पुल से नदी में छलांग लगाकर खुदकुशी की है।

## वैश्य समुदाय ने सांसद व उनके नवनियुक्त प्रतिनिधि को किया सम्मानित



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** अयोध्यावासी वैश्य पंचायती समाज और अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल और उनके नवनियुक्त प्रतिनिधि को वैश्य समाज के लोगों ने सम्मानित किया और समाज के लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराने को प्राथमिकता देने की अपेक्षा जाहिर की।

सोमवार को शहर के बन्योटा मोहल्ला स्थित अयोध्यावासी वैश्य पंचायती श्रीराममंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद और अयोध्यावासी वैश्य समाज की ओर से सांसद कृष्णा पटेल के प्रतिनिधि ई.पुरुषोत्तम गुप्ता का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद पटेल ने वैश्य समाज के लोगों को उनकी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। कहा कि उनके प्रतिनिधि ई. पुरुषोत्तम गुप्ता समाज के बीच हमेशा सक्रिय रहते हैं और समाज की समस्याओं के निस्तारण को तत्पर रहेंगे। पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने वैश्य समाज के लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज के लोगों की मदद में हमेशा आगे रहे हैं। उन्होंने अपने विधायक व मंत्री कार्यकाल में भी समाज के सभी लोगों की समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता में शामिल रखा है। ई. पुरुषोत्तम गुप्ता को प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर वैश्य समाज के लोगों ने सांसद का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि ई.गुप्ता ने समाज की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। कहा कि सांसद पटेल के मार्गदर्शन में वह वैश्य समाज के लोगों के हितों को साधने में सफल होंगे। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, मोहन साहू, संजय गुप्ता, वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सपा जिलाध्यक्ष डा. मधुसूदन कुशवाहा, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव नीलम गुप्ता, योगगुरु प्रकाश साहू, मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष मेवालाल गुप्ता, अनुराग गोयल, अनीता गुप्ता आदि शामिल रहे।

### युवक ने जहर खाया

**बांदा।** शहर के निम्नी पार निवासी अनुज (27) पुत्र मोतीलाल ने रविवार की रात किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### करंट लगने से महिला झुलसी

**बांदा।** शहर के गायत्री नगर निवासी सुनीता (47) पत्नी सिपाही लाल रविवार की रात पंखा का प्लग लगा रही थी। तभी उसकी हाथ तार में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

## मौरम–गिट्टी ट्रक ऑपरेटरों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

» विभागीय उत्पीड़न के खिलाफ चेतावनी, 15 सितंबर को लखनऊ कूच की घोषणा



विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** मौरम-गिट्टी ट्रक ऑपरेटरों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी और ट्रक मालिक बड़ी संख्या में एकत्र हुए। उन्होंने सेल टैक्स, खनिज और आरटीओ विभाग की कथित मनमानी का विरोध किया। ट्रक मोटर्स ऑपरेटर्स संगठन के महासचिव कल्याण यादव ने कहा कि इस इस व्यवसाय से हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी है। विभागीय उत्पीड़न के कारण ट्रक मालिक कर्ज में डूब रहे हैं। संगठन की मुख्य मांग है कि मौरम-गिट्टी की अंडरलोडिंग खदान से ही सुनिश्चित की जाए। ओवरलोडिंग पर ट्रक मालिकों के साथ खनन पट्टाधारक और ठेकेदारों पर भी कार्रवाई हो।

संगठन ने आरोप लगाया कि एक ही ट्रक पर तीन विभाग अलग-अलग जुर्माना वसूलते हैं। उनकी मांग है कि केवल संबंधित विभाग ही कार्रवाई करे। खनिज और परिवहन विभाग द्वारा किए गए गलत चालान रद्द किए

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विभागीय दबाव और भारी जुर्माने से कई ट्रक मालिक आत्महत्या कर चुके हैं। उन्होंने ट्रक ऑपरेटरों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 15 सितंबर को लखनऊ कूच कर मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

जनपद को मिले 27 कनिष्ठ सहायक, बांटे गए नियुक्ति पत्र | चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग में हुई है 1134 कर्मियों की नियुक्ति

# जलशक्ति राज्यमंत्री व जिलाधिकारी ने जिले के नवनियुक्तों को सौंपे नियुक्ति पत्र



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग में प्रदेशभर से कुल 1112 कनिष्ठ सहायक व 22 टेक्निशियनों की नियुक्ति की गई है। जिनमें से 27 कनिष्ठ सहायक बांदा जनपद को भी मिले हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरित करके कार्यक्रम का आगाज किया। वहीं जिलास्तर पर सूबे के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, नगर पालिका चेयरमैन मालती बासू व जिलाधिकारी जे. रीभा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले को मिले 27 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और उन्हें कर्तव्य व निष्ठा का पाठ पढ़ाया। लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवनियुक्त कर्मचारियों को दिखाया गया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री श्री निषाद ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को बधाई दी। कहा कि भाजपा की योगी सरकार की अगुवाई में प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया का माहौल बदला है और निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से विभिन्न विभागों में नियुक्तियां की जा रही हैं। बताया कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों में करीब साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने का काम किया है। उन्होंने सभी नवनियुक्त कनिष्ठ सहायकों को अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने की नसीहत दी। कहा कि प्रदेश को स्वस्थ बनाकर ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। नियुक्ति पत्र पाने वाले कनिष्ठ सहायकों में अभिषेक कुमार, अखिलेश कुमार, आरती वर्मा, अमर सिंह, अंशु गुप्ता, मिलन प्रियांशी, नितेश द्विवेदी, परमार सिंह आदि अभ्यर्थी शामिल रहे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.बिजेंद्र कुमार, अपर सीएमओ आरएन प्रसाद, अजय कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आधा सैकड़ा टीबी मरीजों को बांटी पोषण किट



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व जिलाधिकारी जे.रीभा ने करीब आधा सैकड़ा टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की और उन्हें सहारा दिया। पोषण किट प्राप्त करने वाले मरीजों में सीमा यादव, आशमा, प्रतिज्ञा साहू, शीतल देवी, नाथू लाल, सूरज कुमार, विनय कुमार आदि शामिल रहे। बता दें कि टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराने का जिम्मा रोटी बैंक सोसाइटी के लोगों ने उठा रखा है और सोसाइटी के लोग टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण दिलाने में मददगार साबित हो रहे हैं। पोषण किट वितरण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, सीएमओ डॉ. बिजेंद्र सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, रोटी बैंक के अध्यक्ष रिजवान अली, सुनील सक्सेना, चंद्रमौलि भारद्वाज, मनु बंसल, सुबोध यादव आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय


# आत्महत्या निषेध

वर्तमान समय मे आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं विशेष रूप से___ ₹कोचिंग क्लास ₹के विद्यार्थियों के मध्य ज्यादा देखी जा रही है। साथ ही देश के कई बुद्धिजीवियों, उद्योगपतियों, सेवा के जवानों और महिलाओं में भी आत्महत्या के आंकड़े .कम नही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में प्रतिवर्ष करीब 8.00 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से अब समाज, देश व सामाजिक संगठनों के साथ धार्मिक संप्रदायों में काफी चिंताएँ होरही, इसे रोके जाने के उपायों पर भी उपाय/सुझाव विकसित हो रहे हैं। आत्महत्या के प्रमुख कारणों में ₹ मानसिक विकार₹ एक प्रमुख कारण के साथ जागरूकता की कमी, समाज का डर और पेशेवरों की कमी के भी कारण मानसिक विकार वाले 70 से 92 प्रतिशत लोगों का इलाज उपलब्ध नहीं है।वही दूसरी ओर-- बढ़ती निराशा, त्वरित व्यक्तिगत लक्ष्य प्राप्ति की होड़, अनुचित भौतिक इच्छायें, मानसिक स्वास्थ्य की प्रतिकूलता से बढ़ता आर्थिक बोझ आदि शामिल है। इसी प्रकार जब कोई व्यक्ति हर तरह उपायों से हार जाता हैं। तब वह आत्महत्या का कदम उठा लेता हैं। कोई भी व्यक्ति आरंभ में किसी परेशानी के कारण आत्महत्या के बारे में नहीं सोचता, लेकिन जब उसे लगता है, कि अब कोई उम्मीद, उपचार, समाधान, उपाय नहीं बचे है, किसी प्रकार की सहायता नहीं मिलती, तब वह आत्महत्या कर लेता है। डिप्रेशन या अवसादग्रस्त व्यक्ति ही आत्महत्या के बारे में सोचता है। डिप्रेशन से घिरे व्यक्ति के बारे में यह मान लिया जाता है, कि उसका स्वभाव ही इस तरह का है, परंतु ऐसा नहीं है। मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी बताते हैं, --कि ₹आमतौर पर भारतीय परिवेश में सगाई या शादी का टूटना, पत्नी या पति का किसी और से अफेयर होना, पत्नी का रूठ कर मायके चले जाना, ऑफिस, स्कूल या कोचिंग क्लास का तनाव होना, परीक्षा या इंटरव्यू में फेल होना, प्रेमी प्रेमिका में झगड़ा होना, आर्थिक कठिनाई, माता-पिता की अधिक अपेक्षाएं, हर क्षेत्र में लगातार असफल होना एवं स्वास्थ्य के लगातार प्रतिकूल होने के साथ ही पारिवारिक कलह जैसी परिस्थितियों में व्यक्ति मानसिक रूप से टूट जाता है, और इन परिस्थितियों में व्यक्ति आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लेता हैं।₹ सर्वे बताते हैं कि दुनिया में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है, जिसमें बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 20 से 34 वर्ष के युवाओं के सबसे ज्यादा है। WHO के अनुसार दुनिया में 79% आत्महत्या निम्न और मध्यम वर्ग वाले लोग करते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में युवा वर्ग सम्मिलित है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनिया भर में आत्महत्या के आंकड़े काफी चिंताजनक रहे हैं, इसका प्रमुख कारण डिप्रेशन या अवसाद की स्थिति है। एक शोध के अनुसार देश के औसतन 1.5 लाख लोगों की मौत हर साल आत्महत्या की वजह से होती है। वर्ष 2021 में देश में 1.64 लाख से अधिक लोगों ने आत्महत्या की, यानी रोजाना 450 से अधिक लोगों की मौत आत्महत्या की वजह से हुई है। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब कोई व्यक्ति या युवा गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा बदलाव देखने को मिलता है। साथ ही व्यक्ति बहुत ज्यादा या कम खाने लगता है, लोगों से मिलना जुलना टालता है, छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा होना या बात-बात पर भावुक होता है ,व अपनी प्रिय चीजों को भी दूसरों को देने लगता है। अब देश में पहली बार डिप्रेशन के मरीज की सर्जरी मुंबई में एक ऑस्ट्रेलियाई महिला की की गई। 2017 में मेंटल हेल्थ एक्ट बनने के बाद यह पहली सर्जरी है। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के लोगों में आत्महत्या के विचार सबसे ज्यादा दिसंबर महीने में आते हैं, जिसमें तड़के 4 से 6 बजे के बीच आत्महत्या करने की सबसे अधिक आशंका रहती है। ऐसी कोई भी समस्या नहीं होती है जिसका कोई समाधान ना हो। पारिवारिक तनाव, ऑफिस, कोचिंग क्लास आदि के तनाव तो प्रत्येक जगह होते हैं, परंतु उनसे घबराकर पलायन करने के बजाय उनका दृढ़ता से मुकाबला करना चाहिए। ऐसे अवसादग्रस्त लोगों की मदद करने के लिए कनाडा में एक कॉल सेंटर तेल-एईद मोंटरियल खोला गया है ,जहां लोग फोन पर अपनी परेशानी या तनाव के बारे में बात कर सकते हैं।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# रिश्तों की गरिमा की पुनर्स्थापना का यक्ष प्रश्न


अशोक मधुप

आज जगह – जगह रिश्तों का खून हो रहा है। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति-पत्नी को मार रहा है। पत्नी –पति की हत्याकर रही है। भाई– बहिन को मारते नही झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नही कांप रहे। मां – बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे है। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है।

आज समाज का सबसे दुखद और चिंताजनक पहलू यह है कि जिन रिश्तों को सबसे पवित्र और मजबूत माना जाता है, वहीं रिश्ते टूट रहे हैं और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। समाचार पत्र और टीवी चैनल लगभग रोज़ाना ऐसी ख़बरें दिखाते हैं।हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है ।बेटी बाप को मार रही है ।पति-पत्नी को मार रहा है। पत्नी –पति की हत्याकर रही है।भाई– बहिन को मारते नही झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नही कांप रहे।मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नही बाप की भी हत्या कर रहे हैं।ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है। व्यक्तिवाद ने समाज पर अपना अधिकार कर लिया। इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर इंसान को इतना निर्दयी और क्रूर कौन बना रहा है? जिन संबंधों में विश्वास, अपनापन और प्रेम होना चाहिए, वहां नफरत, तनाव और हिंसा क्यों बढ़ रही है?लगता है कि भारतीय परिवार टूटने का असर यह हुआ है कि एकल परिवार अब अपने तक सीमित होने की जद्दोजहद में है।पहले संयुक्त परिवार होते है।सामूहिक चूल्हा होता था। सामूहिक खान – पान था। हमारे बचपन तक खाना रसोई के पास जमीन पर बैठकर जीमा जाता था।परिवार के बुजुर्ग बच्चे साथ बैठकर भोजन करते थे। सब दुख– सुख के साथी थे।प्रायः जरूरत के सामान सब घर के आसपास मिल जाते थे।धीरे – धीरे परिवार की जरूरते बढ़ने लगीं। युवक रोजगार के लिए बाहर जाने लगे।धीरे– धीरे उनके साथ पत्नी और बच्चे नौकरी वाले स्थान पर रहने लगे। आज आदमी अपने तक सीमित होकर रह गया। व्यक्तिवाद हावी हो गया। लगता है कि जैसे समाज ने सारे रिश्ते जंगल बनाकर रहेंगे। हम आदि व्यवस्था से भी आदम की ओर बढ़ते जा रहे हैं ।इन सब रिश्तों को दोबारा कैसे जिंदा किया जाए इस पर विचार करना होगा।पहले के समय में संयुक्त परिवार होते थे। परिवार के बुज़ुर्ग विवादों को संभालते, बच्चों को संस्कार देते और छोटी-छोटी गलतियों को समय रहते सुधार लेते। आज अधिकांश परिवार 'न्यूक्लियर फैमिली' यानी छोटे परिवार बन गए हैं। ऐसे में पति-पत्नी के झगड़े सुलझाने वाला कोई नहीं होता।माता-पिता और बच्चों के बीच पीढ़ीगत संवाद टूट गया है।अकेलापन और अवसाद घर कर जाता है।जब संवाद टूटता है तो ग़लतफ़हमियाँ बढ़ती हैं और छोटी-सी बात हिंसा तक पहुँच जाती है। पहले मोहल्ले और गाँव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक-दूसरे से अलग-थलग हो गए हैं।'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते।इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं।परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है।महँगाई, बेरोज़गारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है।पिता बेरोज़गार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है।पति-पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी-कभी खून-खराबे में बदल जाते हैं।शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है। बच्चों को नैतिक शिक्षा, संस्कार और धैर्य सिखाने की परंपरा कमजोर हो चुकी है।सम्मान और सहनशीलता की जगह 'आत्मकेंद्रितता' बढ़ रही है।लोग रिश्तों को बोझ समझने लगे हैं।आपसी विश्वास और त्याग की भावना खत्म हो रही है।यही कारण है कि भाई-बहन, पति-पत्नी, माँ-बेटे जैसे पवित्र रिश्ते भी हत्या जैसे अपराध तक पहुँच जाते हैं। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन की धारा को बदला है।युवा वर्ग आभासी (Virtual) दुनिया में ज्यादा जी रहा है।परिवार को समय न देकर 'फ्रस्ट्रेशन' (तनाव) में डूब जाता है।अपराध आधारित वेब सीरीज़ और हिंसक वीडियो गेम ने भी संवेदनाओं को कुंद कर दिया है।लोग वास्तविक जीवन में भी गुस्से और हिंसा को सामान्य मानने लगे हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ी समस्या है। डिप्रेशन, तनाव और मनोविकृति से पीड़ित लोग अक्सर हिंसा की ओर बढ़ जाते हैं।कई बार माता-पिता अवसाद में आकर अपने ही बच्चों की हत्या कर देते हैं।युवा अवसादग्रस्त होकर माता-पिता पर हमला कर बैठते हैं।मानसिक रोगों की पहचान और इलाज की व्यवस्था की कमी के कारण ऐसी घटनाएँ बढ़ रही हैं।परिवारों में संपत्ति विवाद हिंसा का बड़ा कारण है।भाई-भाई की हत्या कर देते हैं।बेटे-बेटियाँ माँ-बाप की संपत्ति हथियाने के लिए उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं।ज़मीन-जायदाद के झगड़े अक्सर खून-खराबे तक पहुँच जाते हैं। पारिवारिक हिंसा सिर्फ़ अपराध नहीं है, बल्कि समाज की चेतावनी भी है। यह हमें बताता है कि हम रिश्तों के मूल्य, संस्कारों और आपसी संवाद को खोते जा रहे हैं। अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया तो परिवार जैसी संस्था ही कमजोर हो जाएगीहमें यह समझना होगा कि पैसा, आधुनिकता और तकनीक से ज़्यादा महत्वपूर्ण मानवता, प्रेम और विश्वास है। यदि रिश्तों में करुणा, धैर्य और संवाद कायम रहेगा तो न बाप बेटी को मारेगा, न बेटी बाप को, न पति पत्नी पर हाथ उठाएगा और न ही भाई-बहन, माँ-बाप, बेटे-बेटी हत्या तक पहुँचेंगे।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# स्वदेशी चिप आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम


रोहित माहेश्वरी

बीते दिनों पहली 'मेड इन इंडिया' चिप, जी हां भारत ने 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर सेमीकॉन इंडिया 2025 में लॉन्च की गई। भारत में बनी यह पहली स्वदेशी चिप है। इस चिप का नाम है विक्रम। इस चिप को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। किसी भी देश के लिए ये गर्व का क्षण है। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। यह भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बताना अहम है कि दुनिया भर में बनने वाली चिप डिजाइनिंग का 20 प्रतिशत काम भारत में होता है। कुछ साल पहले तक भारत में चिप निर्माण को असंभव मान लिया गया था, लेकिन अब इस साल से भारत में चिप का कमर्शियल निर्माण होने लगेगा। मतलब डेटा प्रोसेसिंग, स्टोरेज, कंट्रोल्स और कम्युनिकेशन्स जैसे कामों को अंजाम देने वाला सेमीकंडक्टर न सिर्फ मोबाइल, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए अहम साबित होगी, बल्कि खेती-किसानी में भी किसानों को बड़ी राहत देगी। स्मार्ट सिंचाई, फसल की निगरानी और मौसम पूर्वानुमान जैसी आधुनिक तकनीकों में इसका उपयोग खेती की तस्वीर बदल सकता है। कुछ सालों में भारत इस चिप का निर्यातक भी बन जाएगा। इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने विक्रम प्रोसेसर को बनाया है। यह भारत का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है। यह लॉन्चिंग के दौरान मुश्किल हालातों में भी काम करने के लिए तैयार है। 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू होने के बाद से सिर्फ चार साल में भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना की घोषणा की है। इसमें से लगभग 65,000 करोड़ रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं। अभी चिप के लिए भारत पूरी तरह से आयात पर निर्भर करता है। अभी दुनिया में ताइवान, अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया जैसे देश चिप का निर्माण करते हैं।ऑटोमोबाइल और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। लेकिन मोबाइल फोन, आईटी और औद्योगिक उपयोग अभी भी सबसे ज्यादा कमाई वाले सेक्टर हैं। इन तीनों से लगभग 70 प्रतिशत तक होती है। भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। वर्तमान में चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं। दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिए डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटेलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूटर करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। हमारे देश में 1962 के प्रयास किया गया था सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग का एक इकोसिस्टम बने, जो पॉलिसी रही उस समय कि वो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में सेमीकंडक्टर का एक अच्छा इकोसिस्टम बन रहा है। भारत में इनकी बढ़ती मांग से नौकरियों के नए अवसर भी पैदा होंगे। साल 2024-25 में भारत में सेमीकंडक्टर की खपत 52 अरब डॉलर की थी। अब 2030 तक इस मार्केट के 13 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ने की उम्मीद है। मतलब हर साल यह मार्केट पहले से 13 प्रतिशत बड़ा होता जाएगा।

## कविता


मोनिका डागा

### श्राद्ध पक्ष

देने शुभ आशीर्वाद अपने वंशजों को सारे,
श्राद्धपक्ष में धरती पर आते पूर्वज हमारे,
करते हैं वो शांति सुख समृद्धि की कामना,
रखना तुम भी सच्ची श्रद्धा प्रेम की भावना।
फलते-फूलते रहे हमारे सारे बच्चे प्यारे-प्यारे,
सदा ही बने वो प्राणियों के रक्षक और सहारे,
पिंडदान और तर्पण श्रद्धा से तुम भी करना,
अपने मन का दर्पण स्वच्छ व निर्मल रखना।
भूल चूक जो हुई तो पितर सदा माफ़ करते,
अपने बच्चों के प्रेम भाव को स्वीकार करते,
क्षमायाचना तुम भी निःसंकोच उनसे करना,
अपनी गलतियों को स्वीकारने से मत डरना।
आशीष सदा पूर्वजों का अपनों पर नित बरसे,
परिवार का हर एक सदस्य रहे ख़ुशहाल मन से,
आदर कृतज्ञता ₹आनंद₹ पूर्वजों के प्रति रखना,
ये मनुज जन्म जो पाया आभार भी व्यक्त करना।
कुशलता से सभी जिम्मेदारियों को निवृत्त करके,
मान रखना तुम अपनी परम्पराओं का बढ़ चढ़के,
ताकि पूर्वजों का चित्त हो शांत व प्रसन्नता से भरा,
गमन हो दिव्य मार्ग की ओर सुगम सुखमय हरा।

# उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 : जीत एनडीए की तय, पर असली जंग विपक्ष की एकजुटता तोड़ने की


अजय कुमार

भारतीय राजनीति में उपराष्ट्रपति चुनाव हमेशा औपचारिकता भर लगते हैं, क्योंकि सत्तारूढ़ पक्ष आम तौर पर आंकड़ों के बल पर बाजी मार लेता है। लेकिन इस बार 9 सितंबर 2025 को होने जा रहा चुनाव महज जीत-हार तक सीमित नहीं है। असली लड़ाई जीत के अंतर को बढ़ाने और विपक्ष की एकजुटता को कमजोर करने की है। यही कारण है कि सत्ता और विपक्ष, दोनों खेमों ने अपनी-अपनी रणनीतियों को आक्रामक बनाया है। एनडीए की ओर से सीपी राधाकृष्णन उम्मीदवार हैं और उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी. सुदर्शन रेड्डी को मैदान में उतारा है और चुनाव को वैचारिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। लेकिन पूरे माहौल में सबसे ज्यादा चर्चा समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच हुई फोन कॉल को लेकर है, जिसने क्रॉस वोटिंग की संभावनाओं पर नई बहस छेड़ दी है। 6 सितंबर को राजीव राय का जन्मदिन था। इस मौके पर अमित शाह ने उन्हें फोन कर बधाई दी। यह कॉल सतह पर तो शिष्टाचार लग रही थी, लेकिन इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक हलकों में सवाल उठने लगे। वीडियो में राजीव राय हल्के-फुल्के अंदाज में अपनी उम्र को लेकर मजाक करते नजर आए, जिसे यूपी-बिहार की राजनीति में नेताओं की उम्र पर चलने वाली चुटकियों से जोड़कर देखा गया। पर असली महत्व इस कॉल की टाइमिंग और संदर्भ का था। उपराष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले हुई इस बातचीत ने विपक्षी खेमे की बेचैनी बढ़ा दी। राय ने सफाई दी कि यह रिकॉर्डिंग उनके किसी कार्यकर्ता ने की और अनजाने में व्हाट्सएप ग्रुप पर डाल दी। बावजूद इसके, यह सवाल बना रहा कि क्या अमित शाह का यह कदम केवल शिष्टाचार था या फिर किसी गहरी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा। राजीव राय का राजनीतिक सफर भी इस बहस को और दिलचस्प बनाता है। 2024 लोकसभा चुनाव में उन्होंने घोसी सीट से एनडीए प्रत्याशी अरविंद राजभर को हराया और सपा के लिए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। उन्हें अखिलेश यादव का करीबी और रणनीतिकार माना जाता है। दिलचस्प यह भी है कि उनकी जीत में बीजेपी के परंपरागत वोटरों का योगदान माना गया था। ऐसे में सत्ता पक्ष से तालमेल बनाए रखना उनके लिए व्यावहारिक राजनीति हो सकती है। यही कारण है कि यूपी-बिहार के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि सपा के कुछ सांसद उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के पक्ष में वोट डाल सकते हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि सपा के 3 से 5 सांसद क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं, खासकर वे जिनके क्षेत्र में बीजेपी का प्रभाव मजबूत है उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 781 सांसदों को वोट डालना है, लेकिन 6 सीटें खाली हैं, इसलिए निर्वाचक मंडल में 775 वोट होंगे। जीत के लिए 388 वोट की जरूरत है। एनडीए के पास पहले से ही 439 वोटों का मजबूत आधार है। इसमें बीजेपी के 240 लोकसभा और 95 राज्यसभा सांसदों के अलावा जेडीयू के 12, टीडीपी के 16, शिवसेना के 7 और अन्य सहयोगियों के वोट शामिल हैं। यानी राधाकृष्णन की जीत तय है। इसके विपरीत इंडिया गठबंधन के पास 324 वोट का अनुमान है। इसमें कांग्रेस के 99 लोकसभा और 26 राज्यसभा सांसद, सपा के 37, टीएमसी के 29, डीएमके के 22 और आम आदमी पार्टी के 10 सांसद शामिल हैं। हालांकि 18 सांसद ऐसे हैं, जिनका रुख अब तक साफ नहीं है। इनमें बीजेडी के 7, बीआरएस के 4, अकाली दल का 1, जेडपीएम का 1, वीओटीटीपी का 1 और 3 निर्दलीय सांसद शामिल हैं। चुनाव गुप्त मतदान और एकल हस्तांतरणीय वोट प्रणाली से होता है। इसमें सांसदों को प्राथमिकता अंकित करनी होती है और गलत वोटिंग से मतपत्र रद्द हो सकता है। यही कारण है कि क्रॉस वोटिंग की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। इस बार भी यही स्थिति है। बीजेपी ने अपने सांसदों के लिए प्रशिक्षण सत्र कराए हैं ताकि कोई वोट अमान्य न हो और 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। एनडीए की रणनीति साफ है सिर्फ जीतना नहीं बल्कि भारी अंतर से जीतकर विपक्ष को यह संदेश देना कि उसकी एकजुटता महज कागजी है।एनडीए के वरिष्ठ नेता विपक्षी सांसदों और निर्दलीयों से सीधे संपर्क साध रहे हैं। अमित शाह और राजनाथ सिंह व्यक्तिगत तौर पर कई सांसदों से बातचीत कर चुके हैं। वाईएसआरसीपी, जिसके पास 11 सांसद हैं, पहले ही संकेत दे चुकी है कि वह विपक्ष का साथ नहीं देगी। 2022 के उपराष्ट्रपति चुनाव में भी



वाईएसआरसीपी ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया था। बीजेडी भी अतीत में एनडीए को समर्थन देती रही है और इस बार भी संभावना इसी की है। बीआरएस के 4 सांसद और कुछ निर्दलीय भी एनडीए के खेमे में जा सकते हैं। इन हालात में विपक्ष की मुश्किलें और बढ़ती दिख रही हैं। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन इस चुनाव को वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। उनका कहना है कि यह संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का सवाल है। उन्होंने बी. सुदर्शन रेड्डी को इस रूप में पेश किया है कि वे संविधान की आत्मा की रक्षा करेंगे। कांग्रेस ने अपने सांसदों को एकजुट रखने के लिए रणनीतिक बैठकें और मॉक पोल कराए हैं। हर 15 सांसदों पर एक समन्वयक नियुक्त किया गया है। लेकिन गठबंधन की एकजुटता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का डिनर कार्यक्रम बाढ़ की वजह से रद्द हो गया, जिससे असंतोष की खबरें आईं। राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, जिससे विपक्षी खेमे का मनोबल प्रभावित हुआ है।कांग्रेस के कुछ सांसदों पर भी क्रॉस वोटिंग की आशंका जताई जा रही है, खासकर मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में जहां बीजेपी का दबदबा है। हालांकि 2022 में कांग्रेस के सांसदों ने ऐसा नहीं किया था और विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को एकजुट होकर वोट दिया था। लेकिन इस बार माहौल अलग है। समाजवादी पार्टी पर नजरें सबसे ज्यादा हैं, क्योंकि उसके कुछ सांसदों के क्रॉस वोटिंग करने की चर्चा जोरों पर है। राजीव राय जैसे नेता, जिनका व्यवसाय भी फैला हुआ है, सत्ता पक्ष से संबंध बनाए रखना चाहेंगे। क्रॉस वोटिंग भारतीय संसदीय राजनीति में नई बात नहीं है। 2017 में वेंकैया नायडू को 516 वोट मिले थे, जबकि एनडीए की आधिकारिक संख्या इससे कम थी। 2022 में जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले थे, जो एनडीए की ताकत से कहीं ज्यादा था। इसमें बीजेडी, वाईएसआरसीपी और बीआरएस की भूमिका रही। लोकसभा स्पीकर चुनाव 2019 में भी ओम बिरला को ऐसे ही अतिरिक्त वोट मिले थे। ये सभी उदाहरण बताते हैं कि गुप्त मतदान में व्यक्तिगत समीकरण और सत्ता पक्ष की लॉबिंग अहम होती है।अमित शाह का राजीव राय को फोन कॉल इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सत्ता पक्ष ने यह साफ कर दिया है कि वह विपक्षी सांसदों से भी व्यक्तिगत संपर्क साधने से पीछे नहीं हटेगा। भले ही जीत पहले से तय हो, लेकिन इस जीत का अंतर विपक्ष की साख को कमजोर करेगा। अगर सपा या अन्य विपक्षी दलों से क्रॉस वोटिंग होती है, तो इंडिया गठबंधन की संगठनात्मक कमजोरी उजागर होगी। बीजेपी इसे अपनी रणनीतिक क्षमता और विपक्ष को तोड़ने की ताकत के रूप में प्रचारित करेगी। यह उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 का असली संदेश भी है। आंकड़ों की बाजीगरी से परे यह चुनाव सत्ता और विपक्ष की ताकत, संगठन और रणनीति की परीक्षा है। एनडीए भारी बहुमत से जीतकर यह दिखाना चाहता है कि विपक्ष की एकजुटता खोखली है। वहीं, विपक्ष इस चुनाव को वैचारिक रंग देकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराना चाहता है। लेकिन अब तक के हालात बताते हैं कि विपक्ष न सिर्फ हार की तरफ बढ़ रहा है, बल्कि उसकी एकजुटता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।अमित शाह और राजीव राय की बातचीत छोटी सी घटना लग सकती है, पर इसके पीछे छिपा संदेश गहरा है। सत्ता पक्ष यह जता रहा है कि वह विपक्ष की दीवार में सेंध लगाने से पीछे नहीं हटेगा। इंडिया गठबंधन के लिए यह चुनाव सिर्फ हार नहीं, बल्कि चेतावनी भी साबित हो सकता है कि अगर उसने अपनी रणनीति और नेतृत्व को मजबूत नहीं किया तो भविष्य में भी इसी तरह की चुनौतियों से जूझना पड़ेगा।

## पीएम नरेन्द्र मोदी व मॉरीशस के प्रधानमंत्री के प्रस्तावित काशी दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के प्रस्तावित काशी दौरे को लेकर वाराणसी प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है।

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक अहम समीक्षा बैठक आहूत की गई, जिसमें काशी आगमन के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रमों और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मंडलायुक्त एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने मुख्य सचिव को पीपीटी के माध्यम से तैयारियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्य सचिव और डीजीपी उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री और विदेशी मेहमान के आगमन में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारी को तन्मयता से निभाएं और सुनिश्चित करें कि आयोजन की भव्यता और गरिमा हर स्तर पर बनी रहे। बरसात को देखते हुए मुख्य सचिव ने खासतौर से सड़कों और पार्किंग स्थलों की स्थिति पर ध्यान देने के निर्देश दिए।





उन्होंने कहा कि गाड़ियों के सुगम आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। ट्रैफिक डायवर्जन, मूवमेंट और पार्किंग व्यवस्था समय से पहले तय कर ली जाए, ताकि आमजन और मेहमान दोनों को सुविधा हो। सुरक्षा को लेकर डीजीपी राजीव कृष्ण ने पुलिस विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद और अभेद्य होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर कोताही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी रूटों की बारिकी से मॉनिटरिंग और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री का तीन दिवसीय काशी प्रवास प्रस्तावित है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वाराणसी में मौजूद रहेंगे और होटल ताज में दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। यह बैठक कूटनीतिक दृष्टि से भी बेहद अहम मानी जा रही है।

प्रशासन की कोशिश है कि कार्यक्रम को विश्वस्तरीय आयोजन का रूप दिया जाए ताकि काशी की संस्कृति और आतिथ्य का संदेश दुनिया तक पहुंचे। बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरी मीना, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, एडीएम सिटी आलोक वर्मा, सीएमओ संदीप चौधरी, एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से पहले रिहर्सल कर सभी व्यवस्थाओं को परख लिया जाए, ताकि किसी भी स्थिति से निपटने में दिक्कत न हो।

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक मशीनरी ने कमर कस ली है और विभागवार जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। अगले कुछ दिनों में शहर भर में साफ-सफाई, मार्गों के सौंदर्यीकरण और सुरक्षा इंतजामों को और तेज कर दिया जाएगा।

## गंदगी से अटा पड़ा शिव मंदिर परिसर, श्रद्धालु आहत

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** बरवाराजापाकड़ गांव के टोला बरवा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में कूड़े का ढेर लगा है। पन्नियां, प्लास्टिक और सड़ा-गला कचरा इतना बढ़ गया है कि श्रद्धालु पूजा करने आते हैं तो दुर्गंध से नाक पर कपड़ा रखे बिना ठहर भी नहीं पाते।

गांव के लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। बरसात ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। गंदगी से मच्छरों की भरमार हो गई है और बच्चे-बुजुर्ग बीमारी की चपेट में आने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ दबंग खुलेआम मंदिर के पास कचरा डालते हैं और डर की वजह से कोई सीधा विरोध नहीं कर पाता।

ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। एक ओर श्रद्धालु आस्था के स्थल को अपवित्र देखकर मायूस हैं, तो दूसरी ओर स्थानीय लोग स्वास्थ्य संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का आंदोलनात्मक रूख बताता है कि अब जिम्मेदारियों से बचने की गुंजाइश प्रशासन के पास नहीं बची है। भुआल गोंड, संतोष कुमार गोंड, श्याम किशोर, जगदीश अंसारी, किशोर आदि ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक उदासीनता अब असहनीय हो चुकी है।

» बरसात में कूड़े के ढेर ने संक्रमण और मच्छरों का खतरा बढ़ाया

» जिम्मेदारों की उदासीनता से सफाई व्यवस्था ध्वस्त

## एक नजर

### अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन



**कप्तानगंज (कुशीनगर)।** नगर के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मिर्जा इक़तेदार हुसैन व महामंत्री उमेश दुबे के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौप आवश्यक कार्यवाही की मांग किया है। कप्तानगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम विनोद गुप्ता को सौपते हुए प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व संहिता के इस प्रस्ताव का विरोध दर्ज कराया है जिसमे रजिस्ट्री बैनामा के बाद सीधे खतौनी में नाम दर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।इससे भूमाफिया प्रवृत्ति के लोगो द्वारा फर्जी बैनामा कराकर सीधे खतौनी में नाम दर्ज करा लिया जाएगा। इससे आम लोगो को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मुकदमे की संख्या में बृद्धि होगी।इस लिए सरकर इस प्रस्ताव की पहले जांच कराए।इसके परिणाम की जानकारी के उपरांत किसी प्रकार का कानून बनाया जाए।

### दो चोर गिरफ्तार, नकदी व गहने बरामद

**कप्तानगंज (कुशीनगर)।** थाना क्षेत्र के मथौली बाजार में विगत दिनों हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश करने का दावा करते हुए मुकामी पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी समेत गहने बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाप विधिक कार्यवाही की जा रही है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र बोदरवार निवासी सिप्पी साहनी पुत्र बेचू व आकाश पुत्र सुरेश को मुकामी पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी के मंगलसूत्र, अंगूठी, झुमका, पायल समेत नगदी बरामद करते हुए पूर्व में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 392/ धारा 305(ए), 331(4), 317(2) बीएनएस अंतर्गत कार्यवाही में जुटी है। इस कार्यवाही में एसओ चन्द्र भूषण प्रजापति प्रमोद कुमार अंजनी कुमार शुभम सिंह अजय यादव आदि शामिल रहे।



### जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के बनने में हो रहे विलंब को लेकर सभासद हुए आक्रोशित

**अम्बेडकरनगर।** जिले के नगर पालिका परिषद जलालपुर के सभासदों ने संपूर्ण समाधान दिवस में जरिए प्रार्थना पत्र शिकायत किया कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने में हो रहे विलंब को लेकर उप जिलाधिकारी से शिकायत किया। सभासदों ने स्थानीय प्रशासन से मांग किया कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने में हो रहे विलंब के चलते बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश बाधित हो रहा है।साथ ही नगर पालिका परिषद जलालपुर में विरासत का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। सभासदों के प्रतिनिधि मंडल को उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के सभी मामलों का निस्तारण कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में सभासद मोहम्मद साजिद, पुनीता वर्मा,बृजेश कुमार, बेचन पाण्डेय,सुलेखा,मोहम्मद तौहीद आदि शामिल रहे।

### मोबाइल रिकवरी सेल ने 201 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर हासिल की उल्लेखनीय सफलता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस ने मोबाइल रिकवरी सेल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेन्द्र कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्याम देव के पर्यवेक्षण में गठित मोबाइल रिकवरी सेल (सर्विलांस सेल) ने अथक प्रयासों से कुल 201 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत 35 लाख 55 हजार रुपये है, विभिन्न स्थानों से बरामद किए। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आम नागरिकों द्वारा गुमशुदा मोबाइलों की शिकायतों के आधार पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई। बरामद मोबाइलों के मालिकों को सूचित कर उनके फोन लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस अभियान में प्रभारी सर्विलांस उपनिरीक्षक प्रभाकान्त तिवारी के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी प्रदीप यादव, आरक्षी अंकुर यादव और आरक्षी कुलदीप कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नाबालिग से दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन कराये जाने के मामले में अभियुक्त नसरे आलम गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने एक हिन्दू नाबालिग युवती को बहला – फुसला कर भगाने , उसके साथ दुष्कर्म करने और प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले एक शख्स को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बावत पुलिस की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार पीड़ति युवती के भाई ने कल इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस के अनुसार पीड़िता के भाई द्वारा पुलिस को सौंपी गई तहरीर में उसकी बहन (उम्र लगभग 16 वर्ष) को जाताहै बाजारथाना क्षेत्र के खेसिया – मंशाछापर गांव के नसरे आलम पुत्र हसबुल्लाह खान प्रेमजाल में फँसाकर घर से भगा ले गया और प्रलोभन देकर धोखे से धर्म परिवर्तन करा दिया है। इस तहरीर के आधार पर नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस मुकदमा दर्ज कर इस मामले की तहकीकात में जुट गई थी और आज उसने अभियुक्त नसरे आलम पुत्र हसबुल्लाह खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पीईटी परीक्षा–2025 में फर्जीवाड़े का भंडाफोड़, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अकबरपुर।** जनपद अम्बेडकरनगर के थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस ने PET परीक्षा-2025 में फर्जीवाड़े का सनसनीखेज मामला उजागर करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेन्द्र कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

07 सितंबर को रमाबाई महिला महाविद्यालय, अकबरपुर में आयोजित PET परीक्षा-2025 की दूसरी पाली (15:00 से 17:00 बजे) के दौरान कक्ष संख्या R2 में परीक्षा दे रहे शैलेंद्र सिंह यादव (अनुक्रमांक 100893) के बायोमेट्रिक सत्यापन में अनियमितता पाई गई। कंट्रोल रूम, लखनऊ की सूचना पर पुनः बायोमेट्रिक जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि शैलेंद्र सिंह यादव के स्थान पर अरुण कुमार यादव पुत्र जगदम्बा प्रसाद, निवासी बूढापुर, कुतुब अली, ईशापुर, थाना दीदारगंज, जनपद आजमगढ़, फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहा था।

जांच में पता चला कि अरुण कुमार ने कूटरचित आधार कार्ड (संख्या 214294496857) का उपयोग कर शैलेंद्र सिंह यादव के स्थान पर परीक्षा देने का प्रयास किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अरुण को 07 सितंबर को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ थाना कोतवाली अकबरपुर में मुकदमा संख्या 685/25, धारा 319(2)/338/336(3)/340(2)/318(4)/61(2) बीएनएस और 13(2) सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2024 के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद, 08 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जाफरगंज चौराहे के पास अर्पित मिष्ठान भंडार के सामने से सुरेंद्र यादव को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सुरेंद्र ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

## वाराणसी में चितईपुर के होटल पर एसओजी–2 का छापा

### देह व्यापार का बड़ा अड्डा पकड़ा गया

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**वाराणसी।** महानगर की पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चितईपुर स्थित एक होटल में देह व्यापार के अड्डे का पर्दाफाश किया। एसओजी-2 की टीम ने होटल पर छापा मारकर मौके से नौ महिलाओं, छह पुरुषों और होटल मैनेजर को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही होटल से बड़ी मात्रा में कंडोम और शक्तिवर्धक दवाइयां भी बरामद की गईं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यहां लंबे समय से अवैध तरीके से धंधा चल रहा था, जिसकी सूचना खुफिया तंत्र के जरिए डीसीपी क्राइम को मिली थी।

डीसीपी क्राइम सरवणन टी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि चितईपुर क्षेत्र में होटल की आड़ में देह व्यापार का धंधा धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। इस पर गंभीरता दिखाते हुए एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार के नेतृत्व में एसओजी-2 की टीम गठित की गई और रविवार को गुप्त तरीके से निगरानी के बाद होटल पर छापा डाला गया। पुलिस की इस कार्रवाई से मौके पर हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार इस धंधे को बड़े ही चालाक तरीके से संचालित किया जा रहा था। ग्राहक को सीधे होटल पर नहीं बुलाया जाता था बल्कि पहले उसे किसी अन्य स्थान पर बुलाकर बातचीत की जाती और उसकी संतुष्टि के बाद ही होटल तक पहुंचाया जाता था। इसके बाद होटल में मौजूद युवतियां उपलब्ध कराई जाती थीं। पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क संगठित तरीके से काम कर रहा था और इसमें कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

छापेमारी के दौरान पकड़ी गई महिलाओं और पुरुषों से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं होटल मैनेजर से भी कड़ी पूछताछ की जा रही है कि वह इस अवैध कारोबार में किस हद तक शामिल था। डीसीपी क्राइम ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में होटल मालिक की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब तक की जांच में यही सामने आया है कि होटल की आड़ में व्यवस्थित तरीके से देह व्यापार कराया जा रहा था और ग्राहकों को फंसाने के लिए अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एसओजी की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लोग आपस में चर्चा करते नजर आए कि शहर के बीचोंबीच इतने बड़े स्तर पर इस तरह का धंधा संचालित हो रहा था और किसी को कानों-कान खबर तक नहीं लगी। पुलिस की इस सफलता को लेकर आमजन ने भी राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि अपराधियों के हौसले पस्त हों।

## जन चौपाल में बरसी राहत मौके पर निस्तारण

### 30 परिवारों को मिला घरौनी प्रमाणपत्र



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** नगर पंचायत फाजिलनगर के सभागार में सोमवार को आयोजित "शासन आपके द्वार जन चौपाल" कार्यक्रम में जनता की समस्याएँ सीधे प्रशासन तक पहुँचीं और तत्काल समाधान भी मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कसया डॉ. संतराज सिंह बघेल ने की।

चौपाल में कुल 13 प्रार्थनापत्र मिले जिसमें से 08 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।शेष 05 प्रार्थनापत्रों को संबंधित विभाग/नगर पंचायत को भेजते हुए निर्धारित अवधि में निस्तारण का निर्देश दिया गया।जमीन की पैमाइश, कब्जा, आवास, पेंशन आदि के मामलों में लोगों को तुरंत राहत मिली।कार्यक्रम के अन्त में क्षेत्र पंचायत फाजिलनगर के अशोगंवा गांव के 30 परिवारों को घरौनी प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

इनमें प्रमुख रूप से किशोरी पुत्री बीर बहादुर,रामनारायण पुत्र रतन,रमवती पत्नी राजदेव,केश्वर पुत्र मधुसूदन,सुरेश पुत्र रतन सहित कुल 30 लाभार्थी शामिल रहे।घरौनी प्रमाणपत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और सभागार तालियों से गूंज उठा।एसडीएम डॉ. संतराज सिंह बघेल ने कहा कि जनता की समस्या का मौके पर निस्तारण करना शासन की प्राथमिकता है। अब किसी को व्यर्थ की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी, त्वरित न्याय और पारदर्शी व्यवस्था ही प्रशासन का लक्ष्य है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी अमित कुमार सिंह,शुभम मिश्रा,कानूनगो संजय राय,लेखपाल नंदलाल पाठक, राधेश्याम सिंह,अमीन संग्रह कृष्ण मुरारी,नीतू उपाध्याय सभासदगण कमलेश वर्मा, जे.पी. सिंह, अब्बास अंसारी, सन्नी गुप्ता, शमशाद, गोलू, रामसेवक, रमेश,वार्ड सदस्य, आशा व एनएम कार्यकत्री, नगरवासी मौजूद रहे।

जनता ने इस पहल को जनता और प्रशासन के बीच की दूरी मिटाने वाला सराहनीय कदम बताया।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर जनसमस्याओं का हुआ निस्तारण

**अंबेडकरनगर।** शासन के मंशानुसार जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया गया।

तहसील अकबरपुर में मुख्य विकास अधिकारी श्री आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष को संबंधित विभागों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया।

इसी प्रकार तहसील आलापुर में उप जिलाधिकारी आलापुर की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 76 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 09 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

तहसील भीटी में उप जिलाधिकारी भीटी के समक्ष 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टांडा में कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील जलालपुर में 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 06 प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण किया गया।

## देख–रेख के अभाव में पौधे ले रहे अंतिम सांस

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**हजपुरा, आंबेडकरनगर।** धरती को हरा भरा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पौधे रोपे जाते हैं। जिस पर पानी की तरह पैसा खर्च किया जाता है। लेकिन देख-रेख के अभाव में ना तो यह पौधे बच पा रहे हैं और ना ही धरती पर हरियाली बढ़ रही है। खबर के साथ लगी तस्वीर जमीनी हकीकत बयां कर रही है। कागजों में केवल पौधारोपण का लक्ष्य पूरा किया जा रहा है।

तालाबों, स्कूल परिसर, बंजर भूमि, चक मार्ग आदि पर हरियाली बिखेरने के लिए प्रतिवर्ष बन विभाग की ओर से सभी विभागों को पौधा रोपण का लक्ष्य दिया जाता है। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विभागों की ओर से हरियाली का संदेश दिया जाता है। हजारों संख्या में पौधे रोपे गए फोटो खींची गई लेकिन फिर पौधों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। देखरेख के अभाव में यह पौधे अब अंतिम सांस ले रहे हैं। कई जगह तो इनके नामोनिशान तक गायब हो चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के तहत नारीपुर मेहनाजपुर गांव में भी बड़ी संख्या में पौधे रोपे गए थे। लापरवाही के चलते यहां अधिकांश पौधे सूख गए हैं। जो कुछ बचे भी है वह अंतिम सांस ले रहे हैं। सलाहुद्दीनपुर कंपोजिट विद्यालय में अभियान के तहत प्रतिवर्ष विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पौधे रोपे जाते हैं। इस वर्ष भी पौधे रोपे गए।

लापरवाही के चलते विद्यालय परिसर में रोपे गए पौधों के नामो निशान तक गायब है। केवल लक्ष्य पूरा करने के लिए कागजी कोरम पूरा किया जाता है। पौधों के संरक्षण का उचित प्रबंध नहीं किया जाता है। प्रधानाध्यापिका गिरजा वर्मा का कहना है कि विद्यालय चाहारदीवारी विहीन है।

गांव के पशुपालक जानवरों को चराने के दौरान ध्यान नहीं देते विद्यालय बंद होने की स्थिति में पशु रोपे गए पौधों को नष्ट कर देते हैं। भीषण गर्मी में पेड़ पौधों की उपयोगिता आज हर किसी को महसूस हो रही है। यही हाल रहा तो धरती कभी हरा भरा नहीं हो पाएगी। बरियावन, वल्लीपुर, कल्याणपुर, दाउदपुर, बलुआ बहादुरपुर, अस्ताबाद, आदि ग्राम सभाओं में रोपे गए पौधों को अंतिम सांस लेते हुए देखा जा सकता है ।

## पन्द्रह प्रतिशत से ज्यादा काम दर पर निर्माण कार्यों का ठेका लेने वालों पर ठेकेदारों के संगठन की तनी भृकुटी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» ऐसे निर्माण कार्यों की तकनीकी समिति से जांच करा कर ही हो भुगतान

**कुशीनगर।** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों के संगठन की कसया स्थित लोनिवि परिसर में आज आयोजित रही बैठक में कुछ ठेकेदारों द्वारा निर्धारित दर से बहुत ही कम दर पर निर्माण कार्यों के ठेकों को हासिल करने की होड़ किये जाने की स्थिति पर चिंता का इजहार किया गया। संगठन के कई पदाधिकारियों ने कहा कि बहुत कम दर पर ठेका हासिल करने वालों के कार्य की गुणवत्ता संदिग्ध होती है और उनकी वजह से सभी ठेकेदारों की बदनामी हो रही है। इसलिए अब यह आवश्यक हो गया है कि संगठन व विभाग दोनों के स्तर पर ऐसे लोगों को हतोत्साहित किया जाए।

इस मुद्दे पर बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल्द ही संगठन यानी कुशीनगर ठेकेदार कल्याण समिति का एक प्रतिनिधि मंडल जिले के दोनों खंडों के अधिशासी अभियंतासों से मिलकर यह आग्रह करेगा कि 15 प्रतिशत से ज्यादा कम दर पर होने वाले अनुबंधों से संबंधित कार्यों के सापेक्ष धन का भुगतान तकनीकी समिति गठित कर जांच कराने के बाद ही किया जाए। इससे कम दर पर ठेकों को हासिल करने और जैसे तैसे अधोमानक कार्य कराने की प्रवृति पर अंकुश लगेगा।

संगठन के अध्यक्ष अखिलेश चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में कम दर वाले अनुबंधों से जुड़े कार्यों की तकनीकी समिति से जांच कराए जाने का आग्रह करने के साथ ही कार्यों आगणन के अनुसार सम्पूर्ण मात्रा बीओक्यू में शामिल किये जाने, बेलवा बटेसरा मार्ग से अवर अभियंता गोपाल राय को न हटाने, जीएसटी के डिफर को भुगतान किये जाने, रिटेंशन मनी एवं अन्य कटौतियों का भुगतान तथा रायल्टी के सापेक्ष एमएम 11 आईएसटीपी को स्वीकार किये जाने की मांग अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने का भी निश्चय किया गया। बैठक में दयाशंकर सिंह, संजय ओझा, कैलाश सिंह,अनिल जायसवाल, नंदकिशोर पाठक, रमेश राय सज्जाद भाई, अशोक सिंह, अशोक शुक्ल, धनन्जय तिवारी, बृषभान गुप्ता, सत्येंद्र राव आदि ठेकेदार उपस्थित रहे।

**अभियान** संगठन के 'हर हाथ कलम अभियान' से जुड़े बच्चों ने ही अपने परिवारों की इन महिलाओं को बनाया है साक्षर

## निरक्षरता के अभिशाप से भठही बाबू गांव की तेरह महिलाओं को मिली मुक्ति

» स्वयंसेवी संस्था नयी दिशा ने किया गया सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आज नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा हाटा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत भठही बाबू स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भठही राजा में संस्था के अध्यक्ष प्रो. सीमा त्रिपाठी की अध्यक्षता में साक्षरता संकोच से सम्मान की ओर कार्यक्रम का आयोजन कर संस्था के प्रयास से साक्षर हुई 13 महिलाओं को कलम, कॉपी एवं साड़ी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इन्हें साक्षर बनाने वाले बच्चों का मेडल भेंट कर अभिनंदन किया गया। सम्मान पाने वाली महिलाएं इस अवसर पर खुशी से भावुक नजर आईं।

कार्यक्रम के आयोजन में क़्वालिटी टीवीएस पडरौना का विशेष सहयोग से किया गया था। साक्षर बनी महिलाओं - सरोज देवी, सुनीता देवी, सुधा देवी, कुसुमावती देवी, कलावती देवी, ममता देवी, सरिता देवी, कौशल्या देवी, गुंजा देवी, संध्या देवी, स्नेहलता देवी, सरिता देवी तथा मनोज देवी को साक्षर बनाने वाले बच्चे भी अपनी उपलब्धि पर फूल नहीं समा रहे थे।

इस अवसर पर संस्थान के सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने बताया कि निरक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा ' हर हाथ कलम अभियान ' के माध्यम से प्रयास किया जाता है , ताकि पढ़े लिखे लोग अपने घर के अनपढ़ लोगों को साक्षर बनाने में अपना योगदान दे सकें। इसी क्रम में विद्यालय के बच्चों को स्लेट, चॉक, किताब आदि भेंट कर परिजनों को साक्षर बनाने हेतु प्रेरित किया गया था।यह मुहिम सफल रही और गांव की एक दर्जन से अधिक महिलाएं अपने बच्चों के सहयोग सेनिरक्षरता के अभिशाप से मुक्त हुई हैं। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र, अतिथियों का स्वागत प्रवीण राव व आभार अमित सिंह ने किया। इस अवसर पर नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रो. राम भूषण मिश्र, डॉ. सत्य प्रकाश, विशेषता मिश्रा, ह्रदयानंद पांडेय, विनय शर्मा, अभिषांक शर्मा, विनीत शुक्ल आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### हिंदू जागरण यात्रा निकली गई, जय श्रीराम के नारों से गूंजे रास्ते



**बाबागंज,बहराइच।** ब्लॉक नवाबगंज में हिंदू जागरण यात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सर्वेश ने किया। यह यात्रा मिर्जापुर तिलक नानपारा से शुरू हुई और इसका उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक गौरव को पुनर्जीवित करना और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारों से रास्ते गूंज उठे और स्थानीय निवासियों ने पुष्पवर्षा और जलपान से यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता ललित त्रिपाठी,अजय मिश्रा,रामनिवास वर्मा,संतोष त्रिपाठी,विकास पाण्डेय,अमरजीत यादव,संदीप त्रिपाठी,आशीष त्रिपाठी,पंकज त्रिपाठी,पवन पाण्डेय सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं पर ललित त्रिपाठी की अगुवाई में बरवालिया चौराहे पर यात्रा में चल रहे लोगों पर पुष्प की वर्षा कर स्वागत किया गया तथा संदीप त्रिपाठी के आवास पर सभी लोगों को जलपान की व्यवस्था कराई गई। यात्रा का पहला दिन नवाबगंज में स्वागत के साथ संपन्न हुआ। सोमवार को यह यात्रा जिले के अन्य मंडलों में जाएगी। यात्रा में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। जयघोष की आवाजें देर तक वातावरण में गूंजती रहीं।

### दस छोटे वाहन व एक बस को एआरटीओं ने किया सीज



**रुपईडीहा, बहराइच ।** सोमवार की सुबह एआरटीओ, एआरएम, उपजिलाधिकारी नानपारा व एसएचओ रुपईडीहा ने एक साथ इंडो नेपाल बार्डर पर छापामारी कर दस छोटे वाहन व एक बस को सीज कर दी ।उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी, एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह, एआरएम रुपईडीहा डिपो राम प्रकाश व प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बार्डर पर दस छोटे वाहन व एक बस सीज कर दी। एआरटीओ ओपी सिंह ने बताया कि छोटे वाहन बार्डर पर ही नेपाली सवारियों को पकड़ लेते थे। एक भी वाहन टेक्सी मे रजिस्टर्ड नही हैं। ये सिर्फ सवारियां ढोने का काम करती हैं। जिससे रोडवेज को भारी क्षति होती है। छोटे वाहनों पर ढाई लाख का जुर्माना लगाया गया है। बस में परमिट सत्र उलंघन, डीएल नही था, नम्बर प्लेट रिफलेक्टर आदि कमियां पाई गई। इसपर 46 हजार का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दिनों भी इसी प्रकार इन यातायात नियमों के उलंघन पर 8 वाहनों का चालान किया गया था। इसी प्रकार आकस्मिक रूप से बार्डर पर छापेमारी की जाती रहेगी।

### नवनियुक्त सात कनिष्ठ सहायको को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रकिया के अन्तर्गत चयनित 1112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियन को लोक भवन स्थित सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी तथा विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार के साथ जनपद में नवनियुक्त 07 कनिष्ठ सहायकों एश्वर्य कुमार गुप्ता, शालिनी चौधरी, राघवेन्द्र शुक्ला, राजन सिंह, नितिन यादव, कमल नयन तिवारी व कुमारी स्वाती देवी को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण से पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह ने किया।

### शिक्षक हित के लिये कतिबद्ध राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

**बहराइच।** सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद देश के शिक्षण संस्थानों मे पढ़ा रहे शिक्षकों को सेवा में बने रहने हेतु टेट की अनिवार्यता के फैसले पर बीते 6 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश प्राथमिक संवर्ग की वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 12 सितम्बर 2025 को विशाल शिक्षक समूह के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की समस्त जिला इकाइयां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर टीईटी की अनिवार्यता संबंधी आरटीई एक्ट में संशोधन ज्ञापन देकर आग्रह करेंगी। इसके अलावा यदि आवश्यकता पड़ी तो 15 सितंबर 25 सितंबर 2025 के मध्य उत्तर प्रदेश के सभी सांसदों से मिलकर केंद्र सरकार के माध्यम से आर टीई एक्ट में संशोधन कराने का आग्रह किया जाएगा। बैठक मे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने कहा है कि शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश हर संभव प्रयास करेगा और किसी की शिक्षक भी सेवाओं पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। जनपद के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र व जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी ने जिला संगठन की बैठक मे ब्लॉक पदाधिकारियों को दायित्व निर्धारण कर तैयारियों के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

### गोंडा लखनऊ आने जाने वाली सवारी गाड़ी को बहाल करने की मांग

**गोंडा।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मिलकर पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत रेल यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों को हो रही समस्याओं के संबंध में अवगत कराया।
भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने चेयरमैन रेलवे बोर्ड सतीश कुमार से दिल्ली में मिलकर गोंडा जंक्शन से लखनऊ एवं लखनऊ से गोंडा जंक्शन तक आने-जाने वाली सवारी गाड़ी को बहाल करने, गोंडा जंक्शन पर वॉशिंग पिट लाइन बनाए जाने, गोंडा से जयपुर तथा जयपुर से गोंडा हेतु ट्रेन चलाये जाने, अयोध्या धाम से मनकापुर होकर गोंडा जंक्शन तथा गोंडा जंक्शन से अयोध्या धाम वाया मनकापुर तक डेमो ट्रेन का विस्तार किए जाने, सरयू साकेत एक्सप्रेस का विस्तार गोंडा तक किए जाने,को पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत आउटसोर्सिंग पर रेलवे में कार्य कर रहे बेरोजगार युवाओं और महिलाओं का शोषण रेलवे के अधिकारियों एवं कार्यरत ठेकेदारों द्वारा किये जाने सहित कई समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया ।उस समय मध्य रेलवे के सलाहकार समिति के सदस्य ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय नेता के .के .सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जीएसटी में मोदी सरकार ने कटौती कर व्यापारियों व आमजन को भी बड़ी राहत

विश्ववार्ता संवाददाता



**बहराइच।** केन्द्र की मोदी सरकार ने जीएसटी काउंसिल की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश में आर्थिक क्रांति की नई इबारत लिख दी है। रविवार को नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं देवीपाटन मंडल प्रभारी आनन्द अग्रवाल ने कहा कि ये फैसले न सिर्फ व्यापारियों के लिए संजीवनी साबित होंगे बल्कि आम जनता के लिए भी बड़ी राहत का तोहफ़ा हैं।

अग्रवाल ने बताया कि मोदी सरकार ने टैक्स ढांचे को सरल बनाते हुए 28 प्रतिशत के स्लैब को घटाकर 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के स्लैब को घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे दैनिक उपयोग के समान, फुटवियर और कपड़े पहले से काफी सस्ते मिलेंगे। साथ ही हेल्थ इंश्योरेंस को पूरी तरह जीएसटी मुक्त कर दिया गया है और जीवन रक्षक दवाओं से टैक्स हटा लिया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि अब 40 लाख रुपये तक के कारोबार पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन की बाध्यता समाप्त कर दी है। साथ ही व्यापारियों के लिए 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर देने का निर्णय भी सरकार ने लिया है। उद्योग लगाने पर उद्योगपतियों को भूमि की रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क से पूरी तरह छूट देने की घोषणा की गई है, जिससे औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। डबल इंजन सरकार ने यह साबित कर दिया है कि उनकी प्राथमिकता व्यापारियों और जनता की सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि है।

बैठक में संगठनात्मक विस्तार की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बहराइच के जिला अध्यक्ष अतीश केडिया का पदोन्नति कर उन्हें प्रदेश मंत्री बनाया गया है। जबकि पंकज कुमार सोनी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## शिक्षकों व शिक्षामित्रों को मिलेगा कैशलेस इलाज का लाभ

विश्ववार्ता संवाददाता

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के शिक्षकों व कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। अब बेसिक व एडेड स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइये भी कैशलेस इलाज की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस योजना से प्रदेश के 11 लाख से अधिक शिक्षक और उनके लगभग 60 लाख परिजन लाभान्वित होंगे।

सरकार का कहना है कि इस सुविधा से अब शिक्षा परिवार को इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह पहल शिक्षा परिवार के स्वास्थ्य व सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ रेहरा बाजार के ब्लॉक अध्यक्ष उमेश कुमार ने कहा कि सरकार का यह कदम काबिले तारीफ है। अब अध्यापकों को इलाज के लिए बिल और वाउचर डॉक्टर से लेकर प्रस्तुत करने होंगे, जिसका वहन सरकार करेगी।

आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन रेहरा बाजार के ब्लॉक अध्यक्ष विजय प्रकाश जायसवाल ने कहा कि यह कदम खास तौर पर शिक्षामित्र परिवारों के लिए बेहद राहत देने वाला है। अनुदेशक अभिलाष कुमार पांडेय ने इसे शिक्षक दिवस पर सरकार की ओर से दिया गया बड़ा तोहफा बताया। रसोइया गुड़िया देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खासकर रसोइयों के लिए बहुत बड़ा काम किया है। मानदेय पहले से ही कम और भुगतान समय पर न होने से इलाज कराना कठिन हो जाता था, अब यह योजना बेहद सहायक साबित होगी।

## रातभर चौकसी कर रहे लोग चोरों की अफ़वाहों से बढ़ा डर

» लोगों ने कहा– प्रशासन गश्त बढ़ाए, अफ़वाह फैलाने वालों पर हो कार्रवाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बीते कई दिनों से चोरों की अफ़वाहों ने लोगों को भयभीत कर दिया है। स्थिति यह है कि नगर से लेकर गांव तक लोग अपने-अपने मोहल्लों और गलियों में चौकसी कर रहे हैं और रातभर पहरा देने को मजबूर हैं।

रविवार देर रात राजा बाज़ार स्थित मदीना मस्जिद के पास अचानक भगदड़ मच गई। अफ़वाह उड़ी कि इलाके में चोर घुस आए हैं। कुछ ही मिनटों में पूरा मोहल्ला अफ़रा-तफ़री में आ गया और लोग घरों से बाहर निकल पड़े। इसी तरह नगर के पूर्वी हिस्से हलवाई गली में भी शोर-गुल सुनाई दिया, जिसके बाद लोग चौकन्ने हो गए और देर रात तक गलियों में पहरा देते रहे।

लोगों का कहना है कि बीते एक सप्ताह से लगातार अफ़वाहें फैल रही हैं। हालात ऐसे हैं कि नगर के उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम चारों दिशाओं में समूह बनाकर लोग लाठियां, टॉर्च और डंडे लेकर चौकसी कर रहे हैं।

सिर्फ नगर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी चोरों की अफ़वाहों ने दहशत फैला दी है। ग्राम बदलपुर, चौखड़िया, इमलिया, बनकटवा, चीती समेत दर्जनों गांवों में पूरी रात पहरेदारी की जा रही है। सैकड़ों की संख्या में लोग समूह बनाकर गलियों और रास्तों पर गश्त लगा रहे हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जनपद न्यायाधीश ने की बैठक

**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता तथा अपर जनपद न्यायाधीश नोडल अधिकारी, लोक अदालत अरबिंद कुमार गौतम व अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि की मौजूदगी में सिविल कोर्ट सभागार में न्यायिक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया गया कि आगामी 13 सितम्बर 2025 को सम्पन्न होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण कराया जाय। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु मौजूद न्यायिक अधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किये गये।

## उतरौला बस स्टेशन में शौचालय बन्द होने के कारण हजारो यात्री परेशान

विश्ववार्ता संवाददाता



**उतरौला, बलरामपुर।** बलरामपुर मुख्यालय पर बस डीपो के तहत कुल 101 बसे चल रही है जिसमे पिछले महीने परिवहन विभाग द्वारा 6 बसे खटारा निरस्त कर दिया जो सड़क पर या यात्री को लेकर चलने योग्य नही था जनपद में एक डीपो व एक बस स्टेशन उतरौला में है बस स्टेशन उतरौला के अधीक्षक मोहम्मद वसीम ने बताया कि उतरौला बस स्टेशन से कुल 20 बस का संचालन है जो इस प्रकार है 3 बस उतरौला से लखनऊ होते हुए कानपुर 8 बजे सुबह, 3 बस गोण्डा के लिए, 4 बस उतरौला से लखनऊ होते हुए कानपुर, 1 बस लखनऊ कैसरबाग, 1 बस इटावा, 3 बस उतरौला से बलरामपुर होते हुए बहराइच, 7, 9 बजे व 10 बजे छूटती है उन्होंने बताया कि बस स्टेशन उतरौला में कुल 3 कर्मचारियों की जरूरत है जिसमे एक ही स्टॉप है एक स्टॉप होने के नाते बहुत कार्य करना बहुत कठिनाई होती है।

मोहम्मद वसीम का कहना शेष 2 स्टॉप 1 लिपिक व 1 गार्ड की मांग काफी दिनों उच्चाधिकारियो से करता चला आ रहा हूं। बस स्टेशन परिसर में बने सामुदायिक शौचालय काफी दिनों झाड़ियों से ढका है तथा बन्द पड़ा है। नगर वासियो ने बस स्टेशन उतरौला को डिपो बनाए जाने की मांग प्रशासन से की है। रहमान का कहना है कि बस स्टेशन में बने शौचालय कई वर्षों से बंद पड़ा उसका संचालन कराया जाय, मोहम्मद समीम का कहना है बस स्टेशन उतरौला को डिपो बनाया जाय ताकि नगरवासियो को दर दर भटकना न पड़े, शमशाद अहमद का कहना है कि डिपो बनाया जाय ताकि यात्रियों को चौराहे पर बस पकड़ने न जाना पड़े, जोखन, वाजिद अली, समीम समय सैकड़ो नगवासी डिपो बनवाने की मांग ए आर एम से की है।

## नेत्र सहायक ने की आत्महत्या, क्षेत्र में मचा हड़कंप

विश्ववार्ता संवाददाता



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सीएचसी रेहरा बाज़ार में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम में तैनात नेत्र सहायक नरेन्द्र पाण्डेय पुत्र ओम प्रकाश पाण्डेय ने सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

नरेन्द्र पाण्डेय मूलरूप से इटियाथोक, जनपद गोण्डा के निवासी थे और वर्ष 2012 से सीएचसी रेहरा बाज़ार में तैनात थे। वह रेहरा बाज़ार कस्बे में अपनी पत्नी रंजना, 14 वर्षीय पुत्री मानवी और 6 वर्षीय पुत्र अप्पू के साथ किराए के मकान में रहते थे। उनकी पत्नी एक निजी विद्यालय में अध्यापिका है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह नरेन्द्र पाण्डेय ड्यूटी पर अस्पताल गए और हस्ताक्षर करने के बाद वापस अपने कमरे पर आ गए थे। इसके बाद पत्नी स्कूल चली गई। दोपहर को जब वह वापस लौटीं तो दरवाज़ा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांककर देखा तो नरेन्द्र पाण्डेय छत के कुंडे में साड़ी के सहारे लटकते मिले। सूचना पर मौके पर पहुंची रेहरा बाज़ार पुलिस ने दरवाज़ा तोड़कर शव को नीचे उतारा।

प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सीरत–ए–नबी मोहम्मद साहब सभी के लिए रहमत

**जरवल,बहराइच।** जरवल कस्बा स्थित शहनाई मैरेज हॉल में सामाजिक सद्भावना मंच के तत्वावधान में सीरत-ए-नबी स.अ.व. कार्यक्रम के अंतर्गत मोहम्मद साहब सभी के लिए रहमत विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एडवोकेट जनाब अकरम खान झांसी तथा विशेष अतिथि उमाशंकर बौद्ध रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोमिन हाशमी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफिज अबरार साहब की तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। प्रथम वक्ता शिक्षक अलीम अहमद ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, कन्या हत्या और मानवाधिकार हनन जैसी कुरीतियों को समाप्त कर एकेश्वरवाद व मानवता की स्थापना की। नीलेंद्र सिंह राणा ने कुरआन को जीवन का मार्गदर्शक बताया। शिक्षक रवींद्र कुमार वर्मा ने कहा कि पैगंबर साहब का जीवन शांति और भाईचारे के लिए समर्पित रहा।

## गांवों में गंदगी का लगा अंबार सफाई कर्मी प्रधानों के बने दरबान

विश्ववार्ता संवाददाता

**सादुल्ला नगर/बलरामपुर।** शासन ने ग्राम पंचायत को साफ सुथरा रखने के उद्देश्य से सफाई कर्मीयों की नियुक्ति की थी। परंतु सफाई कर्मी सरकार की मनसा पर पानी फेर रहें हैं। गांव की नालियां चौंक पड़ी हुई है प्राथमिक विद्यालय सार्वजनिक शौचालय एएनएम सेंटर पंचायत भवन के आसपास गंदगी का साम्राज्य स्थापित है।

कुछ गांवों के लोग अपने सफाई कर्मी को पहचानते तक नहीं है यह सफाई कर्मी ग्राम प्रधानों के दरबान बने बैठे हुए हैं। उनके यहां कौन आता है कौन जाता है किसको पानी मिला किसको चाय मिला इसका हिसाब करते हैं।

ग्राम पंचायत गूमा फातिमाजोत, रहमतपुर, देवरिया आदि गाँवो में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। गांव की नालियां पूरी तरह से जाम पड़ी हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। ग्रामीण सफाई कर्मी को पहचानने से भी इनकार करते हैं। गांव की गलियों और नालियों में गंदगी व कीचड़ जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

इससे डेंगू, मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण भानु मौर्या,विनोद, राम अवध शर्मा, अरबिंद,नंद किशोर श्रीवास्तव आदि प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और सफाई कर्मी की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

इस संबंध में डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय ने बताया कि जांच करवा कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।

## पुलिस लाइन पोस्टमार्टम हाउस रोड जल्द होगी दुरुस्त



विश्ववार्ता संवाददाता

**गोण्डा।** शहर के बीचों बीच स्थित पुलिस लाइन में पोस्टमार्टम हाउस की ओर जाने वाली सड़क का आयुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क काफी खराब मिली एवं सड़क पर पानी भरा मिला।

इस सड़क से होकर आए दिन आने-जाने वाले सैकड़ों पुलिस कर्मियों और अन्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द इस रोड की मरम्मत कराकर रोड को सही किया जाये जिससे कि पोस्टमार्टम कराने आने वाले वाहन सुरक्षित तरीके से पोस्टमार्टम हाउस पहुंच सके। इस दौरान संयुक्त विकास आयुक्त संबंधित अधिकारी का उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान–गणित मेला का आयोजन

**बहराइच।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय विज्ञान-गणित मेले और सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के पांच विद्यालयों से 140 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत किसान पीजी कॉलेज के वर्तमान सचिव और पूर्व प्राचार्य मेजर एसपी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। विज्ञान प्रमुख जितेंद्र बाजपेई ने कार्यक्रम का वृत्त प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विज्ञान प्रदर्शनी, गणित प्रदर्शनी, विज्ञान प्रयोग, गणित मापन, विज्ञान प्रश्नमंच, संस्कृत प्रश्नमंच, आशुभाषण, मूर्तिकला और पत्रवाचन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## लोक अदालत की जानकारी के लिए निकाली जागरुकता रैली

विश्ववार्ता संवाददाता



**गोंडा।** आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयोजन में वाहन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज दानिश हसनैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी हफ्ते शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। प्रयास किया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ दिलाया जा सके।

इसी कड़ी में सोमवार को वाहन रैली निकालकर लोगों को लोक अदालत में अपने वाद निस्तारित कराने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद न्यायालय परिसर से प्रभारी जिला जज रश्मि नंदा व प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुनीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अपर जिला जज दानिश हसनैन ने बताया कि जिला न्यायालय के साथ ही करनैलगंज, तरबगंज व मनकापुर ग्राम न्यायालय में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पक्षकार अपने वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते हैं। लोक अदालत की प्रक्रिया अत्यंत सरल व सुगम है। इसमें आप सभी प्रकार से शमनीय आपराधिक मामले बैंक बाउस से संबंधित धारा 138 एनआईएक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली, जल से संबंधित शमनीय दंडवाद, राजस्व वाद, सिविल वाद, वैवाहिक वादों को कानूनी जटिलता से दूर सरलता के साथ निपटा सकते हैं। रैली के आयोजन अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी अपर जिला जज नम्रता अग्रवाल, अपर जिला जज एसपी सिंह, अपर जिला निर्भय प्रकाश, सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय कर्मचारी व पीएलवी उपस्थित रहे।

**चन्द्रग्रहण** ग्रहण के उपरांत सरयू नदी में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड

# ग्रहण के उपरांत पवित्र नदियों में स्नान करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है

विश्ववार्ता संवाददाता



**गोंडा।** ग्रहण के दौरान केतु जैसी आसुरी शक्तियाँ जागृत होती हैं और नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है, जिसे पवित्र नदी में स्नान से नष्ट किया जा सकता है। उक्त सुविचार आचार्य पंडित ध्रुव चंद्र ने बताया।

आचार्य के अनुसार ग्रहण के दौरान चंद्रमा से निकलने वाली असामान्य किरणें शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता को कमजोर कर सकती हैं। स्नान से संक्रमण का खतरा कम होता है और शरीर को ताजगी मिलती है ग्रहण के बाद नदी में स्नान करने के धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों महत्व हैं। धार्मिक रूप से, यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है, शरीर को शुद्ध करता है, और पापों से मुक्ति दिलाता है। वैज्ञानिक रूप से, ग्रहण के दौरान वातावरण में रोगाणुओं का प्रभाव बढ़ जाता है और असामान्य किरणें सेहत पर बुरा असर डाल सकती हैं, इसलिए स्नान से हानिकारक तत्व बाहर निकलते हैं और स्वास्थ्य ठीक रहता है। धार्मिक महत्व नकारात्मक ऊर्जा का नाश, शारीरिक और आध्यात्मिक शुद्धि।

ग्रहण के दौरान शरीर अपवित्र हो जाता है। स्नान करने से शरीर फिर से शुद्ध होता है और देव-पितृ कार्य के लिए योग्य बनता है। पापनाश और पुण्य प्राप्ति,शास्त्रों में पवित्र नदी में स्नान को पापनाश करने वाला बताया गया है। ग्रहण के बाद ऐसा स्नान करने से व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है।

गंगा स्नान का विशेष महत्व,पवित्र नदी, विशेष रूप से गंगा में स्नान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। वैज्ञानिक महत्व के अनुसार रोगाणुओं का प्रभाव कम होता है। ग्रहण के समय वातावरण में बैक्टीरिया और रोगाणुओं का प्रभाव बढ़ जाता है। स्नान करने से ये हानिकारक तत्व शरीर से निकल जाते हैं।

**स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभावः**

नदी स्नान संभव न होने पर क्या करें यदि पवित्र नदी या तालाब में स्नान करना संभव न हो, तो घर के पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान किया जा सकता है। जीवनदायिनी नदियों का बहुत महत्व है। जो हमारे सुख-दुख में शामिल रहती हैं।

## जनपद में 10 सितम्बर से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह सितम्बर 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत वितरण का कार्य 10 से 25 सितम्बर 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 किलो ग्राम खाद्यान्न 21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न 03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 हेतु प्रति कार्ड 03 किग्रा. चीनी का वितरण 18 रुपए प्रति किग्रा की दर से किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 सितम्बर 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

## एक नजर

### डे नाईट कब्बडी प्रतियोगिता ने जीता फाइनल मैच

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के महुगढ़ समती गांव में रविवार को डे नाईट कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कब्बडी मैच के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल ने कब्बडी टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारम्भ किया। कब्बडी मैच में कुल चौदह टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें डेरवा मिरजापुर, समती डी, मिर्जापुर के छानबे, मध्य प्रदेश के मऊगंज, लालगंज,से जीरो, व घोरावल गड़बड़ा डी व राजगढ़ आदि टीमों के मध्य ट्राई डालकर जोरदार कब्बडी का प्रदर्शन किया गया। फाइनल मैच में प्रयागराज व डेरवा के बीच खेला गया कब्बडी मैच में प्रयागराज की टीम ने डेरवा को हराकर हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। प्रयागराज व मऊगंज के बीच कब्बडी मैच में प्रयागराज की टीम प्रथम, डेरवा द्वितीय, मऊगंज तृतीय स्थान प्राप्त किया पुरुस्कार के तौर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100,द्वितीय टीम को 3100और तृतीय स्थान कि टीम को 2100 रूपये का नगद पुरस्कार दिया गया है। कब्बडी मैच के रेफरी के रूप में बबलू अंसारी व पिंटू मौर्य रहे। कार्यक्रम के आयोजक हाफिज अंसारी, कमेटी बुद्धि पाल व जयकुमार ने किया। इस मौके पर मोबिन खान, मिठाई लाल, फूलचंद, इंडियन मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष विजेंद्र पाण्डेय मौजूद रहे।

### किशोरी से छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी

**असोथर, फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के खदरहा गांव निवासी एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां सरला देवी पत्नी स्व. शंकर निवासी खदरहा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे वह खेत से काम करके घर वापस आई तो बेटी ने रोते हुए बताया कि मंगल पुत्र रामौतार ने घर आया और अकेला देख उसके साथ छेड़खानी किया। जो कि गांव का ही रहने वाला पड़ोसी है। जब मैं मंगल के घर पूंछने उसके घर गई तो मंगल ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए गांव से भाग गया। महिला का कहना है कि आरोपी आए दिन उनकी पुत्री को परेशान करता है। तहरीर के आधार पर थाना असोथर पुलिस ने आरोपी मंगल पुत्र रामौतार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक अंकुश यादव को विवेचना सौंपी गई है। थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 10 सितंबर

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में समर्थ पोर्टल पर स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 10 सितंबर 2025 है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो . डॉ. माधवी शुक्ला ने बताया कि मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मिर्जापुर के निर्देशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र - छात्राएं 10 सितंबर 2025 तक समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें।

### जल निकासी में पालिका फेल, हल्की बरसात से सड़के बनती तालाब



**फतेहपुर।** जलभराव रोकने के बड़े बड़े दावे करने वाली नगर पालिका परिषद के लाख जतन के बाद भी बारिश से शहर की सड़कों पर होने वाले जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल रही। शहर की जल निकासी के लिए सड़कों के दोनों ओर गहरे नालों का निर्माण का कार्य विगत कई वर्षों पूर्व शुरू किया गया लेकिन आज भी पूरा नहीं हो सका। निर्माण इकाई जल निगम द्वारा बनाये गए नॉलो को आपस में नहीं जोड़ा जा सका जिसके चलते समुचित जल निकासी की समस्या जस की तस बनी है। सोमवार को हल्की बरसात में ही सड़को में लबालब पानी भरने से जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गयी। बारिश बंद होने के काफी बाद तक पानी सड़कों के दोनों ओर बनी नालियों की जगह सड़क पर ही बहता रहा। जिससे सड़क व नालों के बीच कोई अंतर नहीं रह गया। जल निकासी के उचित व्यवस्था न होने की वजह से बरसात में निचले इलाकों के कई मोहल्ले हमेशा जलभराव की चपेट में रहते है। इसके बाद भी बरसात से पूर्व जलभराव से निपटने का कोई रोड मैप तैयार नहीं किया जाता। सरकारी संसाधनों से परिपूर्ण सदर नगर पालिका परिषद द्वारा बरसात से पूर्व साफ-सफाई व जलभराव वाली जगहों पर पानी निकासी की व्यवस्थाओं के दावे तो किये जाते है। नाला सफाई के नाम पर करोड़ों का बजट भी खर्च किया जाता है। उसके बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात जैसा। मामूली बरसात में ही नगर पालिका की जल निकासी के तमाम दावों की हवा निकल जाती है। रानी कालोनी, आवास विकास, खलील नगर, सैयदवाड़ा, पुराना जीटी रोड स्थित लक्ष्मी टाकीज के निकट व शिव शंकर पैलेस आर्य समाज वाली रोड समेत अनेक मोहल्लों की सकरी गलियों में भीषण जलभराव हो जाता है। बरसात बन्द होने के घन्टो बाद तक यही स्थिति रहती है। जलभराव की वजह से दो पहिया वाहन चालकों व सड़क से गुजरने के लिए महिलाओं व बच्चों को गंदे पानी के अंदर से होकर जाना पड़ता है।

### सरकारी रास्ते की पैमाइश न होने से ग्रामीण परेशान

**खागा, फतेहपुर।** तहसील क्षेत्र के कटोघन गांव में सरकारी रास्ता पैमाइश का मामला लगातार टलता जा रहा है। ग्राम प्रधान का कहना है कि उन्होंने चार माह पहले तत्कालीन तहसीलदार इंद्रेश कुमार को लिखित शिकायत देकर रास्ते की पैमाइश कराए जाने की मांग की थी, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सके लेकिन शिकायत किए जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम प्रधान खुशबू देवी ने बताया कि गांव में प्रस्तावित सरकारी मार्ग कई किसानों के खेतों से होकर गुजरता है। इस कारण पैमाइश और सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करना बेहद जरूरी है। जब तक राजस्व विभाग की ओर से नाप-जोख नहीं की जाएगी, तब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ ग्रामीण सरकारी रास्ते में अवैध कब्जा किए है। प्रधान ने आरोप लगाया कि कानूनगो अरविंद सिंह की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण काम अटका हुआ है। उनका कहना है कि पैमाइश के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारी जानबूझकर टालमटोल कर रहे हैं और रिश्वत की मांग कर रहे है। यही वजह है कि चार महीने बीत जाने के बाद भी रास्ते की नाप-जोख पूरी नहीं हो सकी। गांव के लोगों का कहना है कि इस रास्ते के निर्माण से हजारों की आबादी को राहत मिलेगी। खेतों से होकर जाने वाला यह रास्ता जाने के लिए सबसे आसान और छोटा मार्ग है, लेकिन पैमाइश न होने के कारण ग्रामीणों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है।

# वैकल्पिक रास्ता बना फर्राटा भरते रहते हैं मोरंग लदे ओवरलोड वाहन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**विजयीपुर,फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर कस्बा से बांदा बहराइच चित्रकूट जनपद को जोड़ने वाला दादों यमुना पुल से बड़े वाहन सख्त प्रतिबंधित के बाद भी बांदा जनपद के खनन कारोबारी क्षतिग्रस्त एप्रोच पुल के बगल से वैकल्पिक रास्ता बना दिन-रात धड़ल्ले से बांदा जनपद के दर्जनों मोरंग भंडारणो बालू डपों से यमुना सेतु के सहारे जनपद समेत अन्य कौशांबी प्रयागराज कानपुर आदि जनपदों में सैकड़ो ओवरलोड मोरंग लदे कंडम ट्रक ट्रैक्टरों की धमचौकड़ी प्रशासन से बेखौफ को धड़ल्ले से परिवहन जारी है।

थाना परिसर के चंद कदम दूरी पर खनन कारोबारियों ने बांदा जिला से जनपद समेत अन्य जनपदों में मोरंग कारोबार के लिए क्षतिग्रस्त यमुना पुल के बगल से बिना अनुमति वैकल्पिक रास्ता बना मोरंग डपों से विभाग एवं प्रशासन से बेखौफ हो धड़ल्ले से शाम होते ही सैकड़ो ओवरलोड मोरंग से लदे ओवरलोड वाहनों का परिवहन जारी किया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा यमुना सेतु से भारी वाहनों के निकलने पर सख्त प्रबंध होते हुए भी खनन कारोबारी सिस्टम और सेटिंग के दम पर पुलिस एवं खनन, परिवहन विभाग से निश्चित भयमुक्त हो ओवरलोडिंग अवैध परिवहन का खेल जारी किया है। वैकल्पिक रास्ते के संपर्क में आ रहे एक दर्जन से अधिक गांवों का मुख्य मार्ग महावतपुर असहट मार्ग से हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे राहगीरों व क्षेत्रवासियों को धूल गुब्बार एवं फर्राटा भर रहे ओवरलोड वाहनों के रास्ते से ओवरटेक हो गुजरने में बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने ओवरलोड वाहन परिवहन एवं वैकल्पिक रास्ते का सख्त विरोध किया है। साथ ही प्रशासन एवं विभागीय जिम्मेदारों की भूमिका कार्यशैली पर संदिग्धता मिलीभगत की आशंका जताई है। मामले के बाबत उप जिलाधिकारी खागा अभिनित कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ संबंधित को सूचना दे।

## कचरे से संक्रमण फैलने का मंडरा रहा खतरा, नहीं होती सफाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**असोथर, फतेहपुर।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही उजागर हुई। अस्पताल परिसर में बने कूड़े के ढेर पर बड़ी मात्रा में इंजेक्शन, दवाइयां और मेडिकल वेस्ट बिखरे पड़े मिले। खुले में पड़े इस खतरनाक कचरे से संक्रमण फैलने का खतरा मंडराने लगा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन की उदासीनी के चलते आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। मरीजों को दवा की कमी बताई जाती है, जबकि सरकारी दवाइयां और इंजेक्शन खुले में सड़ते मिलते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि इस तरह का मेडिकल वेस्ट वैज्ञानिक तरीके से नष्ट नहीं किया गया तो हेपेटाइटिस, एचआईवी जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से फैल सकती हैं।

ग्रामवासियों ने जिला स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सवाल यह है कि जब सरकार हर साल मेडिकल वेस्ट निस्तारण पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, तो फिर असोथर स्वास्थ्य केंद्र में नियमों की धज्जियां क्यों उड़ाई जा रही हैं? यह एक बड़ा सवाल है। ग्रामीणों ने इस पर नाराजगी का इजहार करते हुए तत्काल सफाई करवाए जाने की मांग की है।

## प्लाट खरीदवाना पड़ा महंगा, दबंग ने की मारपीट

**फतेहपुर।** जरूरतमंद को प्लाट खरीदवाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। प्लाट की रजिस्ट्री धारा-80 के तहत हुई थी। लोगों के बहकावे में आकर प्लाट खरीददार दबंग अब प्लाट को वापस लेने का दबाव बना रहा है। इतना ही नहीं प्लाट खरीदवाने वाले के साथ मारपीट की। राधानगर थाना प्रभारी निरीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ति कमर इस्लाम पुत्र मेंहदी हसन निवासी अंदौली थाना राधानगर ने बताया कि गांव के ही अकिल खान उर्फ बब्लू पुत्र नईम कुली को जमीन खरीदवाई थी। जमीन उसे पसंद थी। उस जमीन की रजिस्ट्री धारा 80 के अनुसार जिलाधिकारी की अनुमति से हुई थी। अब वह लोगों के बहकावे में आकर कह रहा है कि जमीन वापस लो। इसी बात को लेकर उसने व उसके भाई नइयूम ने उससे विवाद किया और उसे रोक कर मारपीट पर उतारू हो गया। करंट युक्त पंखा फेंक कर जानलेवा हमला किया।

## बच्चों से गाली गलौज के बाद चाकू से हमला कर की हत्या

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** मौसेरे भाई ने गाली-गलौज करते हुए रिश्ते के भतीजे पर चाकू से वार करते हुए उसका सीना छलनी कर दी और मौके से भाग निकला। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि समथरी निवासी 30 वर्षीय अतुल सिंह पुत्र कमलेश सिंह लुधियाना में नौकरी करता था। जैसा कि बताया गया है कि शाम को उसके बड़े भाई आशुतोष सिंह के बच्चे तपस्या और रेशू बगल में रह रही अपनी चचेरी बुआ कुंती के घर जा रहे थे,उसी बीच अतुल के मौसा अशोक सिंह का भाई अमरीश सिंह वहीं रास्तें में खड़ा था,उसने तपस्या और रेशू को देखते ही पहले तो धमकाया, फिर गाली-गलौज करने लगा, अमरीश सिंह की बात सुन कर तपस्या और रेशू पलट कर घर पहुंचे, आशुतोष सिंह को सारी बात बताई, जिस पर आशुतोष, उसकी पत्नी सीमा सिंह और छोटा भाई अतुल बाहर निकल कर अमरीश से ऐसा करने की वजह पूछने लगा। अमरीश ने चाकू से अतुल के सीने पर कई बार किए और भाग निकला। इस तरह की वारदात होने से पूरे गांव में कोहराम मच गया, अतुल को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मौसा-मौसी की लड़ाई में भतीजा निर्दोष मारा गया। दरअसल उसके मौसा अशोक सिंह की शह पर उसका भाई अमरीश सिंह मौसी दुर्गा की 5 बीघा ज़मीन हड़प करना चाहता था। अतुल के बड़े भाई आशुतोष ने बताया कि उसी 5 बीघा ज़मीन की रंजिश के चलते करीब 5 साल पहले गोलीकांड हो चुका था।

## हथगाम नगर पंचायत में स्वच्छता पर प्रशिक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**खागा, फतेहपुर।** पीएम और सीएम के स्वच्छता अभियान में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सोमवार को नगर पंचायत हथगाम में स्वच्छता जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने की। अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन, संजय सिंह, अर्बन कोऑर्डिनेटर आईटीसी रोहित कुमार समेत अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से गीला एवं सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा तथा अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को यह भी सिखाया गया कि किस प्रकार अलग-अलग प्रकार के कचरे की पहचान कर उसे उचित ढंग से निस्तारित किया जाए।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने और इसे जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दे। अधिशासी अधिकारी ने भी कर्मचारियों से अपील की कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसबीएम जेएसए के पंकज बिदलानी तथा स्वच्छता शपथ दल के सदस्य भी मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पंचायत के कर्मचारी अश्वनी अग्निहोत्री, अशोक कुमार अभियंता, मो. खुर्शीद, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## ग्राम पंचायत भवन में शराब पार्टी और डांस का वीडियो हुआ वायरल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**चुनार (मिर्जापुर)।** विकासखंड पटेहरा कला गांव के ग्राम पंचायत के हिनौता गांव का एक वीडियो सामने आया है जिसमें फिल्मी गानों पर हाथों में शराब की बोतल दिए ग्राम प्रधान शिक्षा मित्र जमकर ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान जश्न में ग्राम प्रधान पूर्व प्रधान और शिक्षामित्र शामिल हैं।

मामला मड़हिान तहसील क्षेत्र के विकासखंड पटेहरा कला के हिनौता गांव स्थित पंचायत भवन का है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत भवन गांव के विकास और आम बैठकों के लिए बना है लेकिन ग्राम प्रधान और उनकी टीम के लिए मौज मस्ती अड्डा बना हुआ है। यह केवल सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाता है बल्कि पंचायत व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुंच रहा है। गांव में विकास कार्य दिखाई नहीं देते हैं और ग्रामीण ब्लॉकों का चक्कर लगाने को मजबूर हो गए हैं। लेकिन इस कृत्य से गांव में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी राजीव शर्मा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ नियमानुसार वीडियो की जांच कर कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पंचायत भवन के अंदर कुर्सियों पर बैठकर शराब पी जा रही है। उसके बाद गाने पर ठुमके लगाए जा रहे हैं। जो की शर्मनाक है। जब ग्राम प्रधान और शिक्षा मित्र ऐसे कृत्य कर रहे हैं तो आम जनता पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

## ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा एक माह से नशामुक्ति पर चलाया जा रहा है अभियान

» मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आध्यात्मिक स्नेह मिलन एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**चुनार (मिर्जापुर)।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लोअर लाइन चुनार शाखा द्वारा आयोजित मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में रविवार को आध्यात्मिक स्नेह मिलन एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि छत्रपति सतेंद्र कुमार सिंह ब्लॉक प्रमुख सीखड़, विशिष्ट अतिथि दिनेश चौबे अध्यक्ष प्रधान संघ सीखड़, डॉ रीती सिंह रहे। अतिथियों का स्वागत शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीनू दीदी, संचालन प्रियंका बहन धन्यवाद ज्ञापित शाखा सह प्रभारी ब्रह्माकुमारी तारा दीदी ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान बैच अलंकरण व अंगवस्त्रम से किया गया। कार्यक्रम में वाराणसी से आए नन्हे बाल कलाकारों रामकृष्ण, राधाकृष्ण, राधेकृष्ण द्वारा दरूअवा मत पिया भैया, घरवा तू भेजा रुपैया और चुनार के स्थानीय कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति पर संगीतमय लघु नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को तंबाकू, गुटखा, शराब से होने वाले बीमारी के बारे में अच्छा संदेश दिया। कार्यक्रम में आए अतिथियों को संस्था द्वारा एक एक पौधा भेंट किया गया।

कार्यक्रम में नैनी प्रयागराज से आए वैभव भाई व सच्ची बहन का उल्लेखनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, हेड कांस्टेबल रविंद्र प्रताप सिंह, सुमित सिंह, विनय राय, विमलेश सिंह, कृति सागर, ब्रह्माकुमारी चनतारा, सुनीता, दीपिका, पड़री शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी गूंजा, नरायनपुर शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी विद्या, चेतना सुलेखा, ब्रह्मकुमार पंकज दुबे, जगदीश, सतनारायण सहित बड़ी संख्या में सीखड़ ब्लॉक के ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ रेलवे कर्मचारी

**हरदोई:** साइबर अपराधियों ने फिर अपनी फितरत दिखाते हुए रेलवे हरदोई में टिकट क्लर्क के पद पर कार्यरत सुजीत कुमार के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 95,420 रुपये निकाल लिए गए। सोमवार की सुबह 5 बजे रेलवे कर्मी सुजीत ड्यूटी पर थे। उनके मोबाइल पर लगातार ओटीपी और डेबिट ट्रांजेक्शन के मैसेज आने लगे।

सुजीत के बैंक ऑफ इंडिया, कछौना पतसेनी शाखा के खाते से चार संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए, जिनके जरिए उनके खाते से 95420 रुपए साइबर चोरों ने उड़ा दिए। सुजीत कुमार गौतम ने बताया कि उन्होंने न तो कोई OTP शेयर किया और न ही कोई ट्रांजेक्शन किया। बैंक ऐप भी लॉगिन नहीं हो रहा,जिससे शक है कि उनका अकाउंट हैक हुआ। सुजीत ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें आधार कार्ड,बैंक स्टेटमेंट, एस एम एस और स्क्रीनशॉट संलग्न किए गए हैं।

## वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में किया हाजिर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव से पुलिस ने सोमवार की सुबह न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है। एसआई श्याम लाल मय हमराह के साथ मुखबिर की सूचना पर न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी महुगढ़ गांव निवासी वेद प्रकाश तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार कर वारंटी को न्यायालय में हाजिर कर दिया है। वारंटी किसी मामले में काफ़ी दिनों से न्यायालय में हाजिर नही हो रहा था। जिस पर न्यायालय ने वारंट जारी कर पुलिस को निर्देश दिया था की वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष हाजिर किया जाय। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर वारंटी को न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

## पुलिस बल के सहयोग से अवैध कब्जों को त्वरित कब्जा मुक्त करायें : अनुनय झा

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**शाहाबाद हरदोई।** तहसील सभागार शाहाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आम जनमानस की शिकायतों के निस्तारण कराने एवं पात्र गरीबों तक प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए लाभान्वित करायें।

सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों पर डीएम ने राजस्व विभाग के कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये। तहसील क्षेत्र में जिन स्थानों पर सरकारी व गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें प्राप्त हुई उन सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए भूमि का चिन्हिांन करें और अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए नायब तहसीलदार व पुलिस बल के सहयोग से सभी अवैध कब्जों को त्वरित कब्जा मुक्त कराना सुनिश्चित करें।

खाद्यान्न वितरण की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन का वितरण नामित क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारियों की देखरेख में वितरण कराना सुनिश्चित करने के साथ राशन वितरण में अनियमितता करने वाले कोटेदारों के खिलाफ कार्यवाही करें। वृद्वावस्था, निराश्रित एवं दिव्यांग पेंशन न मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन पेंशनरों किसी कारण बन्द हो गयी हैं उनकी जांच कराकर पात्र लोगों की पेंशन बहाल करायें।

विद्युत विभाग की शिकायतों पर डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बरसात या किसी अन्य कारण से जिन गांवों में ट्रांसफारमर खराब है उन्हें तत्काल प्रभाव बदलवायें और जर्जर लाइनों को ठीक करायें। उन्होने एस डी एम शाहाबाद से कहा कि तहसील क्षेत्र के बाढ़ एवं जल भराव वाले स्थानों पर लेखपालों के माध्यम से निगरानी करायें तथा बाढ़ चौकियों को सक्रिय बनाये रखें। अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकार की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक समय सीमा में करायें तथा शिकायत निस्तारण की प्रति शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध करायें।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में अपराध की रोकथाम के लिए अपराधी, आराजक तत्वों,भूमाफियों द्वारा क्षेत्र में की जा रही समस्त गतिविधियों की जानकारी सम्बन्ध में गांव के चौकीदार एवं बीट सिपाहियों के माध्यम से प्रतिदिन लें तथा सरकारी एवं गरीबों की भूमि अवैध कब्जा मुक्त कराने में राजस्व टीमों के साथ सहयोग करें। समाधान दिवस में सीएमओ, डीएफओ, एसडीएम व तहसीलदार शाहाबाद, डीपीआरओ व अन्य सभी जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ आदि उपस्थित रहें।

हरदोई सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम बीरमपुर व पचदेवरा तथा उमारिया का मोटर वोट से निरीक्षण किया तथा बीडीओ को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित लोगों तक प्रत्येक दिन दोनों समय भोजन पहुंचायें। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित गांवों के बीमार लोगों की जांच एवं उपलब्ध कराने हेतु कैम्प लगवायें। डीएम ने पशु अधिकारी को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित गांव के जानवरों के लिए भूसा एवं हरे चारे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

**फरियाद** डीएम व एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, 138 प्रार्थना पत्रों में से 14 का किया गया निस्तारण

# सभी तहसीलों में आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष मौके पर 138 प्रार्थना पत्रों में से 14 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित की संबंधित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि शिकायतों का फीडबैक शासन स्तर से शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी फरियादी तहसील दिवस में एक बार शिकायत लेकर आ रहा है।

निस्तारण संतुष्टिपूर्ण न होने पर यदि दोबारा वही फरियादी वही शिकायत लेकर आता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से वार्ता कर शिकायत का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना अंतर्गत जो भी शिकायत आ रही हैं संबंधित अधिकारी उन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित करते हुए कहा कि पिछले तहसील दिवस की जो भी शिकायतें निस्तारण हो गई हैं उनमें से कुछ शिकायत को टीम बनाकर जांच कराए। जांच में अगर शिकायत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न हुई हो तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें।



इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में तहसील मड़हिान में अपर जिलाधिकारी वि 0/रा0 अजय कुमार सिंह के समक्ष 53 प्रार्थना पत्रों में से 01 का निस्तारण, तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता के समक्ष 56 प्रार्थना पत्र में से 02 का निस्तारण, तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी भू राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह के समक्ष 95 प्रार्थना पत्रों में से 17 का निस्तारण किया गया।

शेष प्रार्थना पत्र को सम्मिलित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया गया। तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी महेंद्र सिंह एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## इफको ने किया नैनो जागरूकता कार्यक्रम

**फतेहपुर।** इफको ने ब्लाक स्तरीय नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें समिति के अध्यक्ष अजयराज सिंह, समिति के सचिव आनंद पाल सिंह, कृषक योगेंद्र सिंह, मो असलम ने किसानों को अपना अनुभव किसानों को बताया। वक्ताओं ने जैविक खेती के बाबत भी विस्तार से जानकारी दी। किसानों से कहा कि जैविक खेती करके अपनी उपज को बढ़ाया जा सकता है।

इसके साथ ही उर्वरकों का सही इस्तेमाल करने की भी जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि उर्वरकों को अत्यधिक मात्रा में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से उपज पर भूमि पर भी असर पड़ता है। इस मौके पर मो. साजिद अंसारी, इफको एमसी से अपील गंगवार, कृषि विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## एक्सरे टेक्नीशियन व कनिष्ठ सहायकों को मिले नियुक्ति पत्र



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन स्थित आडीटोरियम में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ से चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के नवचयनित कतिपय एक्स-रे टेक्नीशियन एवं कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की उपस्थिति में देखा व सुना गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा जनपद से चयनित दो एक्स-रे टेक्नीशियन एवं 19 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव नयन गिरि, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर शोध अधिकारी, मनोज कुमार, कृष्णपाल एवं मुकेश कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सिराज ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को अगस्त महीने के ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। उनके अलावा, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स भी नॉमिनेट हुए हैं। सिराज को यह नॉमिनेशन इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा। 5 मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले। इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। उन्होंने 185.3 ओवर डाले।

### अल्काराज ने सिनर को हराकर जीता US ओपन



स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम US ओपन जीत लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में इटली के जैनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। 22 साल के अल्काराज ने करियर का छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। अल्काराज ने दूसरी बार US ओपन जीता। पिछली बार वे 2022 में चैंपियन बने थे। न्यूयॉर्क में स्पेनिश स्टार अल्काराज ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में सिनर ने वापसी करते हुए 6-3 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में अल्काराज ने दबदबा बनाया और एक गेम गंवाते हुए 6-1 से सेट अपने नाम किया। चौथे सेट में सिनर ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 से जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही अल्काराज सिनर से वर्ल्ड नंबर-1 का ताज भी छीन लिया। अल्काराज 2023 के बाद पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 बने हैं। वे 5वीं बार वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में अपनी पारी शुरू करेंगे। इससे पहले वे कुल मिलाकर 37 हफ्ते नंबर-1 रह चुके हैं।

### पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज जीती

टी-20 एशिया कप से ठीक पहले पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज जीत ली है। टीम ने रविवार को फाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराया। शारजाह में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने 141 रन बनाए। फिर मोहम्मद नवाज के सटीक गेंदबाजी के दम पर अफगानी टीम को 66 रन पर ऑलआउट कर दिया। नवाज ने हैट्रिक सहित 5 विकेट झटके। नवाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कोई कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। साहिबजादा फरहान पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। कोई भी बल्लेबाज 30 रन से ज्यादा नहीं बना सका।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर को 12-0 से हराया

## एशिया कप के सुपर-4 में जगह बनाई, नवनीत-मुमताज ने गोल की हैट्रिक लगाई



मुमताज खान ने मैच में 3 गोल किए। वें हॉकी एशिया कप 2025 की सेकेंड टॉप स्कोरर भी है।



29 साल की नवनीत कौर भारतीय हॉकी टीम में फॉरवर्ड प्लेयर के रूप में खेलती है।

**हांगझोउ।** विमेंस हॉकी एशिया कप में भारत ने सुपर-4 में जगह पक्की कर ली है। टीम ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगापुर को 12-0 से हरा दिया। विमेंस हॉकी एशिया कप चीन के हांगझोउ शहर में खेला जा रहा है।

भारत की ओर से नवनीत कौर और मुमताज ने गोल की हैट्रिक लगाई। नेहा ने दो गोल दागे। जबकि लालरेम्सियामी, उदिता, शर्मिला और रुतुजा पिसल ने एक-एक गोल किए। भारतीय टीम 10 सितंबर को सुपर-4 के मुकाबले में पूल-ए की दूसरे स्थान की टीम से भिड़ेगी।

**मैच के दूसरे ही मिनट में मुमताज का गोल**

मैच की शुरुआत से ही भारत हावी रहा। दूसरे ही मिनट में मुमताज ने गोल करके भारत का खाता खोला। इसके बाद 11वें मिनट में नेहा और 13वें मिनट में लालरेम्सियामी ने लगातार गोल कर टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। चौथे गोल के रूप में 14वें मिनट में नवनीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया।

दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा। नवनीत ने 20वें और 28वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। इसी बीच उदिता ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। हाफ टाइम तक भारत 7-0 से आगे था।

**तीसरे क्वार्टर में मुमताज की हैट्रिक**

तीसरे क्वार्टर में मुमताज ने 32वें और 39वें मिनट में दो गोल किए और अपनी हैट्रिक पूरी कर ली। 38वें मिनट में नेहा ने भी अपना दूसरा गोल किया। शर्मिला ने 45वें मिनट में स्कोर 11-0 कर दिया। चौथे क्वार्टर में रुतुजा पिसल ने 53वें मिनट में गोल कर भारत को 11-0 की बढ़त दिला दी।


**पूल-बी में भारत टॉप पर रहा**

पूल-बी के मुकाबलों में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते टॉप पोजिशन हासिल की। टीम ने 3 मैच खेले, जिनमें 2 जीते और 1 ड्रॉ खेला। भारत ने कुल 25 गोल किए और सिर्फ 2 गोल खाए, इस तरह टीम का गोल अंतर +23 रहा। भारत ने पूल 7 अंक पर खत्म किया।

जापान ने भी सुपर-4 के लिए क्वालीफाई किया। टीम ने भी 3 में से 2 मैच जीते और 1 ड्रॉ खेला। जापान ने 17 गोल किए और केवल 2 गोल खाए, +15 के गोल अंतर के साथ टीम 7 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही।

# क्रिस गेल बोले- पंजाब से खेलते हुए डिप्रेशन झेला

## IPL लीजेंड ने कहा- राहुल ने संभाला लेकिन टीम ने बुरा व्यवहार किया



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के दिग्गज बैटर क्रिस गेल ने खुलासा किया कि IPL में पंजाब किंग्स से खेलने के दौरान उनके साथ बुरा व्यवहार किया गया था। लीग में सीनियर प्लेयर होने के बावजूद मुझे नए प्लेयर की तरह माना गया।

IPL लीजेंड गेल ने यूट्यूब पर शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में अपने IPL करियर पर बात की। उन्होंने बताया कि टीम के कप्तान राहुल ने मुझे संभालने की कोशिश भी की, लेकिन मैं डिप्रेशन में जाने लगा था।

**जीवन में पहली बार डिप्रेशन झेला-** गेल ने पॉडकास्ट में कहा, 'पंजाब में मुझे सीनियर प्लेयर की तरह नहीं माना गया। जीवन में पहली बार मैं डिप्रेशन में जाने लगा था। अनिल कुंबले (कोच) से बात करते हुए मेरी आंखों से आंसू आ गए थे। मैं उनके काम और फ्रेंचाइजी के तरीकों से बेहद दुखी था।' गेल ने आगे बताया, 'पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने मुझे संभालने की कोशिश की। उन्होंने कहा था, क्रिस रुक जाओ, तुम अगला मैच खेलोगे, लेकिन मैंने बस कह दिया, आपको आगे के लिए शुभकामनाएं। फिर मैंने अपना बैग पैक किया और वहां से चले गया।' गिल ने पंजाब से 4 सीजन खेले गेल ने 2009 में कोलकाता नाइट राइडर्स से IPL डेब्यू किया। 2 सीजन खेलने के बाद 2011 में उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीद लिया।

# सेंसेक्स 77 अंक चढ़कर 80,787 पर बंद

## निफ्टी के 50 में 26 शेयरों में तेजी और 24 में गिरावट रही



**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 8 सितंबर को सेंसेक्स 77 अंक चढ़कर 80,787 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 32 अंक की बढ़त रही, ये 24,773 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 15 शेयरों में तेजी और 15 में गिरावट रही। टाटा मोटर्स और महिंद्रा के शेयरों में 4% से ज्यादा की तेजी रही। मारुति और अडाणी पोर्ट्स 2% से ज्यादा चढ़े। वहीं, ट्रेंट, एशियन पेंट्स और HCL टेक में 4% तक की गिरावट रही। निफ्टी के 50 में 26 शेयरों में तेजी और 24 में गिरावट रही। NSE के मेटल इंडेक्स में सबसे 3.30% की तेजी रही। मेटल, बैंकिंग और रियल्टी इंडेक्स चढ़े हैं। IT, FMCG और फार्मा में गिरावट रही।

**शिवालय कंस्ट्रक्शन ने IPO के लिए DRHP फाइल किया**

दिल्ली की शिवालय कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने IPO के लिए SEBI के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) दाखिल किया है। इस IPO में कंपनी 450 करोड़ रुपए के नए शेयर्स जारी करेगी। वहीं कंपनी के मौजूदा निवेशक 2.48 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। कंपनी इस रकम से 340 करोड़ रुपए के कर्ज चुकाने और अन्य कॉरपोरेट जरूरतों के लिए इस्तेमाल करेगी।

कंपनी की शुरुआत 1997 में शुरू हुई थी। यह सड़क, हाईवे और पुल बनाती है। कंपनी ने 31 जुलाई 2025 तक 19 राज्यों में 41 प्रोजेक्ट पूरे किए हैं, जिसमें 2700 किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाईं। कंपनी के पास 3626.9 करोड़ रुपए के 14 प्रोजेक्ट का ऑर्डर बुक है और 6969.8 करोड़ रुपए 19 प्रोजेक्ट की बिड बुक है।

**स्पाइसजेट का शेयर 5% तक गिरा**

खराब तिमाही नतीजों के चलते एयरलाइन कैरियर स्पाइसजेट का शेयर 2.90% ज्यादा गिरा। शुरुआती कारोबार में इसमें 5% तक की गिरावट थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी को 237 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। पिछले साल की समान तिमाही में एयरलाइन को 159 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। कंपनी को यह नुकसान एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस नहीं होने के चलते ग्राउंडेड होने, एयरोस्पेस प्रतिबंधों और कस्टमर्स की कमी के चलते हुआ है।

# सोना-चांदी के दाम ऑल टाइम हाई पर :गोल्ड 1,699 बढ़कर 1.08 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ



**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम आज यानी 8 सितंबर को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार आज सोना 1,699 रुपए बढ़कर 1,08,037 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,06,338 रुपए पर था। वहीं चांदी 1,243 रुपए बढ़कर 1,24,413 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,23,170 रुपए थी।

**भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,08,530 और 22 कैरेट सोने की कीमत 99,500

**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,08,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 99,350

**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,08,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,660

चेन्नई: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,08,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 99,700

भोपाल: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,08,410 और 22 कैरेट सोने की कीमत 99,400

इस साल सोना 32,000 और चांदी 37,000 महंगी हुई

इस साल अब तक सोने की कीमत 31,875 रुपए (40%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,08,037 रुपए का हो गया है।

# सबसे पतला आईफोन कल लॉन्च करेगी एपल

## इस साल भी फोल्डेबल फोन नहीं आएगा, क्या स्टीव जॉब्स के बाद इनोवेशन में पिछड़ रही एपल?

**नई दिल्ली।** एपल 9 सितंबर को अपने लॉन्च इवेंट 'ऑव ड्रॉपिंग' में आईफोन 17 सीरीज पेश करेगी। बीते कुछ साल में एपल के प्रोडक्ट्स में ज्यादा इनोवेशन नहीं दिखा है। इस बार भी कयास लगाए जा रहे हैं कि एपल छोटे-मोटे बदलावों के साथ ही इस सीरीज को पेश करने वाली है।

कई लोग मानते हैं कि 2011 में कंपनी के फाउंडर स्टीव जॉब्स के निधन के बाद एपल ने कोई बड़ा इनोवेशन नहीं किया है। दूसरी तरफ, सैमसंग जैसी कंपनियां फोल्डेबल फोन्स, AI और नए हार्डवेयर के साथ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। तो क्या अब एपल इस रेस में पिछड़ रहा है? एपल 9 सितंबर को अपने लॉन्च इवेंट 'ऑव ड्रॉपिंग' में आईफोन 17 सीरीज पेश करेगी। बीते कुछ साल में एपल के प्रोडक्ट्स में ज्यादा इनोवेशन नहीं दिखा है। इस बार भी कयास लगाए



जा रहे हैं कि एपल छोटे-मोटे बदलावों के साथ ही इस सीरीज को पेश करने वाली है।

कई लोग मानते हैं कि 2011 में कंपनी के फाउंडर स्टीव जॉब्स के निधन के बाद एपल ने कोई बड़ा इनोवेशन नहीं किया है। दूसरी तरफ, सैमसंग जैसी कंपनियां फोल्डेबल फोन्स, AI और नए हार्डवेयर के साथ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। तो क्या अब एपल इस रेस में पिछड़ रहा है?

इस बार के इवेंट का नाम है 'ऑव ड्रॉपिंग' यानी, कुछ ऐसा जो लोगों को हैरान और प्रभावित करें। इवेंट में कंपनी आईफोन17 सीरीज के चार मॉडल्स- आईफोन 17, आईफोन 17 एयर, आईफोन 17 प्रो पेश कर सकती है। इसके अलावा एपल वॉच सीरीज 11 को लॉन्च किया जा सकता है। iOS 26 भी पेश किया जा सकता है जिसमें लिक्विड ग्लास इंटरफेस आएगा।

स्लिम फोनः आईफोन 17 एयर को लॉन्च किया जा सकता है। ये एपल का सबसे पतला फोन होगा। ये लॉन्च होता है तो ये iPhone X के बाद सबसे बड़ा डिजाइन बदलाव होगा।

सेल्फी कैमराः इस बार सभी मॉडल्स में 24MP सेल्फी कैमरा मिलेगा। पहले 12MP फ्रंट कैमरा मिलता था। प्रो मॉडल्स में पहली बार 8K वीडियो रिकॉर्डिंग दी जा सकती है।

# आशा भोसले @92, भागकर शादी की :घरेलू हिंसा का शिकार

## खुद को खत्म करना चाहा, सिंगिंग के साथ सफल रेस्तरां व्यवसायी भी बनीं



लीजेंड्री सिंगर आशा भोसले ने हर शैली के गीतों में अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा। उनकी आवाज की मिठास ऐसी है कि आज भी लोगों के दिलों पर राज करती है। अपने करियर में 12,000 से ज्यादा गीत गा चुकीं आशा भोसले के लिए संगीत का सफर इतना भी आसान नहीं था। 9 साल की उम्र में ही पिता का साया उठ गया। 16 साल की उम्र में जब आशा भोसले ने भाग कर परिवार वालों के खिलाफ बड़ी बहन लता मंगेशकर के सेक्रेटरी गणपतराव भोसले से शादी की, तब लता ने बहन से रिश्ता तोड़ लिया। शादी के बाद आशा भोसले को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा और वह घरेलू हिंसा का शिकार भी हुईं। इतना ही नहीं, जिंदगी से इतना निराश हो गई थीं कि खुद को खत्म करना चाहती थीं। बहरहाल, 14 से अधिक भाषाओं में गीत गा चुकीं आशा भोसले की आवाज में 92 साल की उम्र में भी वही खनक और जादू बरकरार है। जबकि एक समय ऐसा भी था जब इसी आवाज को खराब बताकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो से उन्हें निकाल दिया गया था। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर 'दीनानाथ मंगेशकर' की बेटी और स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर की छोटी बहन हैं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने अपनी बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी। आशा की खासियत यह है कि उन्होंने हर तरह के गीतों में खुद को ढाला। चाहे वह रोमांटिक गाने हों, कैबरे सॉन्ग हो, गजल हो या फिर क्लासिकल संगीत। हर शैली में उन्होंने अपनी आवाज की अमिट छाप छोड़ी। गणपतराव का परिवार बहुत रूढ़िवादी था और वे एक सिंगिंग स्टार को एक बहू के रूप में स्वीकार नहीं कर सकते थे। मेरे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया गया और जब मैं अपने सबसे छोटे बेटे आनंद को जन्म देने वाली थी तो मुझे घर से निकलने के लिए कह दिया गया और मैं अपनी मां-बहनों के पास वापस लौट गई। फिर भी मैं किसी को दोष नहीं देती और मेरे मन में किसी के लिए कोई बुरा नहीं सोचती। दोनों के तीन बच्चे हुए। 2 बेटे और एक बेटी। हालांकि, शादी के 11 साल बाद यानी 1960 में दोनों अलग हो गए। आशा भोसले की बायोग्राफी 'Asha Bhosle : A Life In Music' में उनकी जिंदगी से जुड़े तमाम पहलुओं के बारे में लिखा है।

# भारत की अनुपर्णा रॉय ने रचा इतिहास

## 82वें वेनिस फिल्म महोत्सव में जीता सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमाई समारोहों में से एक, 82वें वेनिस फ़िल्म समारोह का शनिवार को अपने पुरस्कार समारोह के साथ समापन हुआ, जिसमें वैश्विक फ़िल्म निर्माण के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों का सम्मान किया गया। वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में जहाँ भारत की अनुपर्णा रॉय ने इतिहास रच दिया, वहीं ड्वेन जॉनसन की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' ने भी एक बड़ा पुरस्कार जीता। 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर तक चले इस प्रतिष्ठित महोत्सव में दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का न केवल प्रीमियर हुआ, बल्कि सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित भी किया गया।

इस साल का वेनिस फिल्म महोत्सव भारत के लिए बेहद खास रहा। निर्देशक अनुपर्णा रॉय ने 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़' के लिए ओरिज़ोंटी सेक्शन में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। यह फिल्म मुंबई की दो प्रवासी महिलाओं की कहानी है, जो अकेलेपन और संघर्ष के बीच रिश्तों और उम्मीद की तलाश करती हैं। इस समारोह में एक आश्चर्यजनक मोड़ तब आया जब अमेरिकी स्वतंत्र फ़िल्म 'फ़ादर मदर सिस्टर ब्रदर' ने



सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का प्रतिष्ठित गोल्डन लायन पुरस्कार जीता, जिसने बेहद लोकप्रिय 'द वॉयस ऑफ़ हिंद रजब' को पीछे छोड़ दिया। गाज़ा संकट पर आधारित एक सशक्त कहानी पर आधारित इस फ़िल्म को दर्शकों ने 22 मिनट तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं, लेकिन यह शीर्ष पुरस्कार से चूक गई। 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़', इस साल ओरिज़ोंटी सेक्शन में एकमात्र भारतीय प्रविष्टि है। इसमें नाज़ शेख और सुमी बघेल ने अभिनय किया है और यह मुंबई की दो महिलाओं के आपस में जुड़े जीवन को दर्शाती है। बिभांशु राय, रोमिल मोदी और रंजन सिंह द्वारा निर्मित इस फिल्म को इसकी कहानी और रॉय के आत्मविश्वास से भरे निर्देशन के लिए व्यापक प्रशंसा मिली।

# दबंग डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने सलमान को कहा गुंडा:बोले- बात नहीं मानी तो पीछे पड़ते हैं, बदतमीज हैं



सलमान खान के साथ दबंग और रणबीर कपूर के साथ बेशरम जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके अभिनव कश्यप ने हाल ही में सलमान खान को गुंडा कहा है। अभिनव ने सलमान ही नहीं बल्कि उनके परिवार के लिए भी कई तरह की बातें की हैं। हाल ही में द स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में दबंग डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने कहा, ₹सलमान कभी भी शामिल नहीं होता। उसे एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है, और पिछले 25 सालों से नहीं है। वह सिर्फ एहसान करता है काम पर आकर। उसे एक्टिंग से ज्यादा सेलिब्रिटी होने की ताकत पसंद है, लेकिन उसे एक्टिंग में दिलचस्पी नहीं है। वह एक गुंडा है। मुझे यह बात दबंग से पहले नहीं पता थी। सलमान बदतमीज है, गंदा इंसान है। ₹वे बदले की भावना रखने वाले लोग हैं। वे पूरे सिस्टम को कंट्रोल करते हैं। अगर आप उनसे सहमत नहीं होते, तो वे आपके पीछे पड़ जाते हैं। बातचीत में अभिनव ने ये भी कहा कि उनके भाई अनुराग कश्यप ने साल 2003 में सलमान खान की फिल्म तेरे नाम में काम किया था। इसके बाद जब उन्होंने सलमान की फिल्म दबंग साइन की तो अनुराग कश्यप ने उन्हें वॉर्निंग दी थी। बताते चलें कि इससे पहले सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद भी अभिनव कश्यप ने सलमान और उनके परिवार को अपना करियर बर्बाद होने का जिम्मेदार ठहराया था। अभिनव का कहना था कि उन्हें दबंग 2 से बाहर करने में अरबाज, सोहेल और खान परिवार की मिलीभगत थी।

# गणपति बप्पा मोरिया न कहने पर विवादों में अली गोनी

## बोले- पूजा में नहीं जाता, मेरे धर्म में इसकी इजाजत नहीं, सभी धर्मों की इज्जत करता हूं



हाल ही में अली गोनी गणेश चतुर्थी के उस वीडियो से विवादों से घिर गए, जिसमें उन्होंने गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन के साथ गणेश आरती के समय गणपति बप्पा मोरिया नहीं कहा। एक्टर की जमकर आलोचना हुई और उन्हें कई भद्दे कमेंट्स किए गए। अब अली गोनी ने बताया है कि विवाद के चलते उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। अली गोनी ने फिल्मीज्ञान को दिए इंटरव्यू में इस विवाद पर बात करते हुए कहा है, 'ये पिछले तीन चार पांच दिन से इतना चल रहा है कि पहले जिस दिन ये चीज हुई मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा कुछ होगा, क्योंकि मैं एक ऐसा इंसान हूं, मैं सारे धर्म मानता हूं। मेरे दिल में हर एक रिलीजन के लिए बहुत प्यार है। ये मैं बोलने के लिए नहीं बोल रहा हूं। मैं एक्टिंग नहीं कर रहा हूं। अगर मुझे एक्टिंग करनी होती तो मैं वहां पर भी एक्टिंग ही करता, जहां पर सब लोग कर रहे होते हैं। मैं भी कुछ बोल देता। लेकिन वैसा कुछ मेरे दिमाग में था ही नहीं।' आगे एक्टर ने कहा, 'मुझे समझ ही नहीं आया मैं अपने ख्यालों में था, मैं कुछ सोच रहा था, क्या कर रहा था? मैंने कभी इतना ध्यान ही नहीं दिया कि इन चीजों को लेकर इतनी बड़ी प्रॉब्लम बन सकती है। इतने फ्री लोग हैं इस देश में, मुझे पता है क्योंकि मैं देखता रहता हूं कि क्या-क्या चलता रहता है ट्विटर पर। ट्विटर (अब X) बहुत बुरा है, ये डर्टी है, मतलब क्या औरत क्या मर्द। मतलब औरत तक एक औरत के लिए इतना बुरा बोलती है।' एक्टर ने आगे कहा, 'मैंने किसी लड़की का पेज देखा था वो जैस्मिन और मेरी मां और जैस्मिन की मां को गाली दे रही थी, घटिया बातें कर रही थी। सोचिए एक लड़की। मुझे अपने लिए दुख नहीं होगा ना क्योंकि मुझे जो बोलना है वह बोलो क्योंकि मेरा दिल साफ है। अगर मुझे डिसिस्पेक्ट करना हो किसी रिलीजन को तो मैं इतना रेडी होकर जाऊंगा ही नहीं वहां। आप साफ देख सकते हैं कि मैंने स्पेशली फेस्टिव वाले कपड़े पहने हैं। मैं पहली बार गया हूं गणपति पर। आपको पता है मैं जाता नहीं हूं।' अली ने अपनी बात रखते हुए आगे कहा, 'जो लोग हमें प्यार करते हैं ना उनके लिए मैं नकली नहीं बन सकता। जब कहीं पूजा हो रही होती है, गणपति की पूजा हो रही होती है, मेरा वहां जाकर कोई मतलब नहीं, क्योंकि मुझे नहीं पता वहां क्या करना है। मैं आज तक पूरी जिंदगी यही सोचता रहा कि मुझसे कुछ गलत चीज ना हो जाए। मैं बहुत रेंडम हूं। कुछ भी कभी भी बोल देता हूं।

## एक नजर

### दुराचार मामले में एडिशनल एसपी को जांच का आदेश

**सुलतानपुर।** धनपतगंज थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ हुए दुष्कर्म का केस दर्ज होने के बाद आरोपियों द्वारा समझौते के लिए दूसरा मुकदमा दर्ज कराने के आरोपों की जांच के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया है। वकील शेख नजर अहमद ने अर्जी पेश कर कहा कि आरोपी संदीप यादव ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। प्रियंका ने पहले भी संदीप यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया था कि संदीप ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर शादी से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह ने अपने आदेश में कहा कि प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट नहीं है कि संदीप यादव द्वारा विवाह का आश्वासन दिया गया था या नहीं। न्यायालय ने यह भी कहा कि पक्षकारों द्वारा अपने व्यक्तिगत विवादों को न्यायालय की शक्तियों के जरिए दुरुपयोग करने की कोशिश की जा रही है। इसलिए, न्यायालय ने प्रारंभिक जांच कराने का निर्णय लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक जनपद को जांच की आख्या 30 सितम्बर तक देनी होगी।

### अंधेरे में ग्रामीण, नाराज उपभक्ताओं का उपकेंद्र पर धरना

**चांदा-सुलतानपुर।** लगातार 15 दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को ढाखापुर विद्युत उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि उनके परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हैं और जीवन-यापन कठिनाई से गुजर रहा है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान एसडीओ विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम सभा पुनीभीम पट्टी और ग्राम सभा प्रतापपुर कमैचा की विद्युत सेवा पूरी तरह ठप है। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मंगलवार तक विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। इस भरोसे के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त किया। ज्ञापन देने वालों में शिव प्रकाश पांडेय, शिव प्रकाश दुबे, भोला दुबे, बेचू तिवारी, नन्हे तिवारी, कुंदन दुबे, लल्लू दुबे, राम कुशल तिवारी, कोलारी प्रधान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### अरविन्द केजरीवाल के पासपोर्ट पर फैसला सुरक्षित

**सुलतानपुर।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए लगाई गई शर्त समाप्त करने के लिए अर्जी दी है। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने आदेश सुरक्षित रखा है। विशेष कोर्ट ने बीते माह अरविन्द केजरीवाल की पासपोर्ट नवीनीकरण की मांग स्वीकार करते हुए पासपोर्ट कार्यालय को नियमानुसार पासपोर्ट जारी करने की अनुमति दी थी। विशेष कोर्ट ने देश छोड़ने के पहले पूर्व सीएम को अनुमति लेने का निर्देश दिया था। केजरीवाल की ओर से अब कोर्ट की अनुमति की शर्त को समाप्त करने की मांग की गई है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अमेठी के अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्य ने अरविन्द केजरीवाल पर गौरीगंज कस्बे में रोड जाम, उपद्रव व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा 20 अप्रैल 2014 को दर्ज कराया था। उसी दिन मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद में चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अरविंद केजरीवाल पर दूसरा मुकदमा दर्ज हुआ था।

### किशोरी अगवा, गांव के युवक पर केस दर्ज

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय किशोरी को झांसा देकर अगवा कर लिया गया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, 29 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे गांव का ही युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों में काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चला। थक-हारकर पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही जैकी नामक युवक के खिलाफ रविवार को नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सराफा डकैती काण्ड में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर।** शहर के चौक ठठेरी बाजार में बीते साल हुए सराफा डकैती काण्ड में सोमवार को गवाही नहीं हो सकी। बचाव पक्ष से वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि वादी भरत सोनी के नहीं आने से सुनवाई 19 सितम्बर के लिए टल गई है जिस दिन न्यायाधीश निशा सिंह की कोर्ट में जिरह होगी। कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार में भरत जी सोनी की ज्वैलरी की दुकान में 28 अगस्त 2024 को आरोपियों ने दिनदहाड़े डकैती डाली थी। घटना के आरोपी जेल में बंद हैं।

### राहुल गांधी वकील के जरिए कोर्ट में हाजिर

**सुलतानपुर।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वकील के जरिए सोमवार को एमपी - एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। विशेष जज राकेश ने आपत्ति का अवसर देते हुए निचली अदालत से रिकॉर्ड तलब किया है। लोअर कोर्ट ने याची मो. अनवर की राहुल गांधी को तलब कर मुकदमा चलाने की याचिका खारिज कर दी थी जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फर नगर में 12 साल पूर्व हुए दंगे में मुस्लिमों के कनेक्शन पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से होने के राहुल गांधी के कथित बयान पर वकील मो. अनवर ये मामला दायर किया था। अगली सुनवाई 16 सितम्बर को नियत की गई है।

### आठ माह से फरार आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**सुलतानपुर।** इण्टर कालेज के सरकारी अभिलेख जलाकर नष्ट करने के मामले में आठ माह से फरार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजेश कुमार ने अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय के जरिए सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने आरोपी की रिहाई का सशर्त आदेश दिया है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रवादी इण्टर कॉलेज सपाही के प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद तिवारी ने बीते साल यह मुकदमा दर्ज कराया था। विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में सतर्कता विभाग की टीम जांच कर रही थी। आरोप है कि राजेश ने मौका पाकर अभिलेख जला दिए।

### दोहरे हत्याकांड में चिकित्सक का बयान दर्ज

**सुलतानपुर।** प्रधानी के चुनाव विवाद में ढाई साल पहले संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव हत्याकांड में चिकित्सक नीरज वर्मा वारंट पर कोर्ट में पेश हुए। बचाव पक्ष के वकील रवि शुक्ल ने बताया कि न्यायाधीश संतोष कुमार की कोर्ट में मंगलवार को भी गवाही होगी। गौरीगंज जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक नीरज वर्मा पर कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। चुनावी रंजिश में मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में 13 आरोपियों पर मुकदमा जारी है।

### थानाध्यक्ष के दुराचार मामले में आदेश सुरक्षित

**सुलतानपुर।** हलियापुर के पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर की मुकदमा समाप्त करने की अर्जी पर सुनवाई कर न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने आदेश सुरक्षित रखा है। पीड़िता के वकील संतोष पांडेय ने कहा कि याचिका केवल मुकदमे को लम्बित करने के लिए दी गई है। 2021 में हलियापुर थाने में तैनात रही महिला आरक्षी ने थानाध्यक्ष नीशू तोमर पर मुकदमा दर्ज कराया था। अगली सुनवाई 17 सितम्बर को नियत है।

# ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई 317 वाहनों पर जुर्माने का चाबुक

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और शहर को जाम से मुक्त करने के लिए सोमवार को जिलेभर में पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक यातायात, थानाध्यक्षों और चौकी प्रभारियों ने हिस्सा लिया। शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में अभियान चलाकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन चेकिंग की गई।

पुलिस ने बताया कि जिन वाहनों में तीन सवारी बैठाना, बिना हेलमेट बाइक चलाना, गलत दिशा में वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करना जैसी लापरवाहियां पाई गईं, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा दोषपूर्ण या बिना नंबर प्लेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना परमिट, बिना फिटनेस वाले वाहन, तथा सड़क पर ई-रिक्शा/टेम्पो खड़ा करके सवारी बैठाना और ओवरलोड सवारी भरने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। अभियान के दौरान कुल 317 वाहनों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि वे आगे से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और शहर को जाम से निजात मिले।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक



**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के हिंदी विभाग द्वारा सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने केएनआईटी कस्बा व रतनपुर क्षेत्र के निवासियों को सड़क सुरक्षा नियमों का महत्व समझाते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि सड़क पर चलते समय सही दिशा का पालन, हेलमेट का प्रयोग और यातायात नियमों का अनुपालन जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद कर उन्हें सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सावधानियां बरतने की सलाह दी। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. प्रतिमा सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा का प्रश्न सीधे जीवन रक्षा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जीवन की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और इसके लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है। वहीं, डा. पवन कुमार रावत ने कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक बड़े खतरे के रूप में सामने आ रही हैं, जिनसे मुक्ति केवल यातायात नियमों का सख्ती से पालन करके ही संभव है।

डा. प्रिया श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसे अपने व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. प्रतिमा सिंह, डा. पवन कुमार रावत, डा. प्रिया श्रीवास्तव के साथ छात्र-छात्राओं में राज सिंह, पारूल आदि उपस्थित रहे।

## योग्यता परीक्षा में विपिन अव्वल, मोबाइल मिला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लंभुआ-सुलतानपुर।** इलाके के विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों की योग्यता परीक्षा में विपिन पाल ने प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि, ज्योति यादव ने दूसरा व अभिषेक अग्रहरि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सोमवार को गोपालपुर मधैया में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी मेधावियों को पुरस्कृत किया गया।

दरअसल, यहां सक्रिय अविरल फाउंडेशन ने इंटर उत्तीर्ण मेधावी बच्चो के बीच बीती 13 जुलाई को योग्यता परीक्षा कराई थी। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 300 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। सोमवार को परीक्षा में शामिल हुए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अविरल फाउंडेशन के अध्यक्ष भानुकर तिवारी ने बताया कि गजापुर निवासी विपिन पाल को प्रथम स्थान मिलने पर एंड्रॉयड फोन दिया गया। जबकि, अवसानपुर निवासी ज्योति यादव को दूसरा स्थान मिलने पर कूलर व सर्वोदयनगर, लंभुआ निवासी अभिषेक अग्रहरि को तीसरा स्थान मिलने पर स्मार्ट वाच दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा परीक्षा में शामिल बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए हैं।



» अविरल फाउंडेशन की परीक्षा में शामिल हुए थे 300 मेधावी

समारोह में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक विभूति नाथ, स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान गोपालपुर मधैया के प्रबंधक प्रेमनाथ शुक्ल, डॉ संतोष कुमार पांडेय, किसान नेता गिरीश पांडेय, शिक्षक विजय नारायण तिवारी, पंकज सिंह, केडी जायसवाल, आकाश बरनवाल आदि मौजूद रहे। मंच संचालन शिक्षक प्रवीण पाठक ने किया।

## फंदे से लटका मिला किशोर का शव, हत्या की आशंका

### सुबह पिता के पास से स्कूल जाने को कहकर घर आया था किशोर

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** चौथाई का पुरवा सरवन गांव में सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में कमरे के अंदर किशोर का शव बल्ली के सहारे रस्सी से लटका पाया गया। पिता ने भूमि विवाद में बेटे की हत्या की आशंका जताई है। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर जांच पड़ताल की है।

गोसाईगंज थाने के सरवन चौथाई का पुरवा निवासी सहजराम का तेरह वर्षीय इकलौता बेटा किशन क्षेत्र में स्थित एक इंटर कालेज में कक्षा सात का छात्र था। पिता सहजराम बगल के गांव महमूदपुर के एक निजी गौशाला में नौकरी करता था। किशन की मां नीतू 27 अगस्त को बेटी के पास जालंधर चली गई थी। मां के जाने के बाद किशन अपने पिता के साथ रात भर गौशाला में रहता था। स्कूल जाने के लिए सोमवार सुबह छह बजे वह गौशाला से घर आया। सुबह साढे आठ बजे सहजराम गौशाला से घर पहुंचा तो कमरे के अंदर का नजारा देख कर सन्न रह गया। बेटे का शव बल्ली के सहारे रस्सी से लटक रहा था। घटना की सूचना पिता ने पुलिस को दी। सीओ नगर प्रशांत सिंह, थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय, उपनिरीक्षक द्विवेश त्रिवेदी ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच कर साक्ष्य संकलित किया है। पिता सहजराम ने भूमि विवाद में हत्या की आशंका जताई है।

बताया जा रहा है कि सहजराम ने पहली पत्नी भीरमती की मौत के बाद नीतू से दूसरी शादी की है। पहली पत्नी से उसे बेटा किशन और एक बेटी हुई। बेटी की सहजराम ने शादी कर दी है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया उनको हत्या से संबंधित कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ हल्ला बोल, निलंबन की उठी मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** कुड़वार थाना क्षेत्र में छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह साधारण मौत नहीं बल्कि दुराचार कर हत्या का मामला है, लेकिन पुलिस इसे गंभीरता से नहीं ले रही। इसी आरोप को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय पर हंगामा खड़ा हो गया और थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा को निलंबित करने की मांग तेज हो गई।

जिला कलेक्ट्रेट परिसर में महिलाओं और पुरुषों ने बैनर-पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी कुमार हर्ष से मुलाकात कर थाना प्रभारी को हटाए जाने की मांग रखी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सामूहिक दुराचार और हत्या जैसे गंभीर मामले में भी पुलिस शिथिल और संवेदनहीन रवैया अपना रही है, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा।

इधर, सोमवार को भारतीय स्वतंत्र पंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता दर्जनों समर्थकों के साथ सीधे कुड़वार थाने पहुंच गए। उन्होंने पुलिस पर दबाव बनाया कि गांव के तीन आरोपितों को तत्काल जेल भेजा जाए। उनका कहना था कि छात्रा की हत्या दुराचार के बाद की गई है, जांच बाद में होगी लेकिन गिरफ्तारी पहले होनी चाहिए।

हालांकि, थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने साफ कहा कि बिना ठोस साक्ष्य के किसी को जेल नहीं भेजा जा सकता। उन्होंने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस सीडीआर, फुटेज व अन्य सबूतों की बारीकी से जांच कर रही है। दोषियों की पहचान होते ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला बंदियों को दी गई कानूनी जानकारी

### नि :शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने पर चर्चा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत सोमवार को जिला कारागार में विधिक जागरूकता एवं कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला बंदियों को न केवल उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें न्यायालय में प्रभावी पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई।

शिविर में जेल अधीक्षक प्रांजल अरविंद और जिला प्रोबेशन अधिकारी वीपी वर्मा ने महिला बंदियों से संवाद किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन महिला बंदियों के पास सरकारी अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय से निःशुल्क अधिवक्ता दिलाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जेलर ओमकार पांडेय से वार्ता की गई।

बंदियों ने बताया कि कुछ को पहले से ही सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध हैं। इसके अलावा महिला





कल्याण विभाग की योजनाओं जैसे—निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रेखा गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, सरोज यादव, संतोष पाल जेंडर स्पेशलिस्ट, नीलम वर्मा सा. समन्वयक, कविता कुमारी, अवधेश कुमार, रिद्धि समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बालीवाल प्रतियोगिता सम्पन्न अलीगंज टीम विजेता बनी

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** कुडवार ब्लॉक के असरोगा गांव में आयोजित बालीवाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को रोमांचक अंदाज़ में खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद अलीगंज टीम ने असरोगा को 15 अंकों से हराकर खिताब अपने नाम किया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य एवं सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राम शंकर यादव मौजूद रहे। उनके साथ अभिषेक यादव और राहुल यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रतियोगिता में जिलेभर की 18 टीमों ने भाग लिया, जिनमें कमालपुर, खोखीपुर, हकुहा, असरोगा, पुरे सरफराज, कुडवार, अलीगंज, सुल्तानपुर और सरकंडे डीह की टीमें शामिल रहीं। आयोजन की जिम्मेदारी अरशद, समद, सलमान, निक्के और समीर ने मिलकर निभाई। मुख्य अतिथि राम शंकर यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं किसी भी स्तर पर खेल में अपना लोहा मनवा सकती हैं, जरूरत है उन्हें सही मंच देने की। इस तरह के आयोजन युवाओं को नशे और गलत राह से दूर रखकर ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ते हैं। हम सबको ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

## अनुपस्थित 12 अधिकारी नपेंगे, डीएम ने मांगा 3 दिन में जवाब

### संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम के सामने रखी गई 217 समस्याएं, 47 का तत्काल समाधान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कादीपुर-सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में सोमवार को क्षेत्र पंचायत सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 217 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 47 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने शिकायतों की सुनवाई के दौरान कई मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व विभाग के 132, पुलिस विभाग के 35, विकास विभाग के 32 तथा अन्य विभागों के 18 प्रार्थना पत्र आए थे।

कार्यक्रम में लापरवाही दिखाने वाले कई विभागीय अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिनमें उपायुक्त श्रम रोजगार, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, ग्रामीण अभियंत्रण, जल निगम, नलकूप, लोक निर्माण विभाग,



युवा कल्याण, खाद्य एवं वितरण, जिला उद्योग केंद्र तथा आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी शामिल रहे। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित अधिकारियों से तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब किया है।

इस अवसर पर सीडीओ अंकुर कौशिक, डीडीओ गजेंद्र सिंह, पीडी ए.के. सिंह, सीएमओ डॉ. भारत भूषण, डीएफओ अमित सिंह, एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, सीओ विनय गौतम, तहसीलदार उमेश चंद्र यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**अभियान** हस्ताक्षर कर लोगों ने लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प

# स्वदेशी आत्मसम्मान व राष्ट्रभक्ति का प्रतीक : शैलेन्द्र प्रताप सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनीष साहू के संयोजन में शहर के चौक क्षेत्र में सोमवार को स्वदेशी जनजागरण के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने हस्ताक्षर कर अभियान का शुभारंभ किया।कहा कि स्वदेशी अपनाना आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। यह भी कहा प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करना है।पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को दोहराया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनीष साहू ने स्वदेशी उत्पादों पर गर्व करने का आह्वान किया।इस दौरान हस्ताक्षर करने वाले व्यापारियों को अंगवस्त्र पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल,जिला मंत्री प्रदीप शुक्ला, भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, कार्यक्रम संयोजक अखिलेश जायसवाल, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक सजन लाल कसौधन, आत्मजीत सिंह टीटू, अजय जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, आशीष सिंह रानू, संजय गुप्ता, फूलचंद अग्रहरि, लवकुश तिवारी, ओम शंकर बरनवाल,सरदार करमजीत सिंह, राहुल भान मिश्रा, मंजीत सिंह, मनीष जायसवाल, दिनेश चौरसिया, अनुज प्रताप सिंह, आजाद सेठ, गुरूमीत सिंह कक्के समेत कई प्रमुख व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने हस्ताक्षर कर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन स्वदेशी अपनाओ - विदेशी भगाओ के नारे के साथ हुआ।

## रंजिश में युवक पर हमला सरिया-लाठी से पीटा

**कादीपुर-सुलतानपुर।** रंजिश के चलते विपक्षियों ने युवक पर हमला कर उसे बुरी तरह पीट दिया। घटना में युवक को गंभीर चोटें आई हैं।

मामला कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर कायस्थ गांव का है। रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे संजय कुमार गांव के ही दिलीप कुमार शर्मा की पान की दुकान पर बैठे थे। आरोप है कि तभी विपक्षी पक्ष के लोग पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लोहे की सरिया, लाठी-डंडा और लात-घूसों से हमला कर दिया। इस हमले में संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही अमित गौड़, प्रवेश, संदीप सहित चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गोमती मित्र मंडल ने पेश की मिसाल, सफाई नायक का किया सम्मान

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** सामाजिक समरसता की बातें करना आसान है, लेकिन उसे जीवन में उतारकर समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करना कहीं अधिक कठिन। रविवार देर शाम सीता कुंड धाम पर गोमती मित्र मंडल ने यह कर दिखाया। नगर पालिका परिषद में कार्यरत सफाई नायक बृजलाल का परिवार सहित सम्मान कर संगठन ने सामाजिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बृजलाल को माल्यार्पण किया, वहीं महिला मंडल अध्यक्ष शालिनी कसौधन ने उनकी धर्मपत्नी का सम्मान किया। इसके अलावा प्रबंधक राजेंद्र शर्मा व सह संयोजक राकेश सिंह दद्दू ने अंगवस्त्र पहनाकर दंपति को आदर प्रदान किया।

तालियों की गड़गड़ाहट और उल्लासपूर्ण माहौल में बृजलाल का पूरा परिवार सम्मान पाकर भावुक हो उठा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जीवंत और आत्मीय सम्मान की कभी कल्पना भी नहीं की थी।

अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा गोमती मित्र मंडल कहने में नहीं, बल्कि करके दिखाने में विश्वास रखता है। समाज के हर वर्ग को समान सम्मान देना ही हमारा ध्येय है।

सम्मान समारोह में महिला मंडल अध्यक्ष शालिनी कसौधन, अन्नपूर्णा शर्मा, मिथिलेश पांडे, राधा मौर्य, देवकी जायसवाल, मोनी सिंह, निर्मला श्रीवास्तव, राजेंद्र शर्मा, राकेश सिंह दद्दू, राकेश मिश्रा, राजीव कसौधन, विनय सिंह, संत कुमार प्रधान, अजय प्रताप सिंह, अजीत शर्मा, पं. आनंद वत्स सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## एक नजर

### फरीदाबाद में एसी फटा, दंपति-बेटी की मौत



**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में सोमवार को 4 मंजिला बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर एसी का कंप्रेसर फट गया। इससे आग लग गई। इसका धुआं दूसरे फ्लोर में घुस गया। इसके कारण यहां रह रहे दंपति और उनकी बेटी की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि बेटे ने खिड़की से कूदकर जान बचाई। परिवार ने बचने के लिए छत पर जाने की कोशिश की थी, लेकिन गेट बंद होने से वह छत पर नहीं जा पाए। पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन इसके पहुंचने से पहले तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। मामला ग्रीनफील्ड कॉलोनी में सुबह 3 बजे सामने सामने आया। परिवार पिछले 5 साल से इस बिल्डिंग में रहा था। मृतक व्यक्ति स्टॉक ट्रेडिंग का काम करता था।

### गणेश विसर्जन जुलूस पर पत्थरबाजी

**मंड्या।** कर्नाटक के मंड्या जिले में रविवार रात गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव हुआ। रविवार शाम करीब 8 बजे जुलूस पर राम रहीम नगर से मस्जिद के सामने से जब गुजर रहा था, तब पत्थरबाजी की गई। इसके बाद दूसरे पक्ष ने भी पत्थरबाजी की। दोनों समुदायों में हाथापाई भी हुई। पूरी घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई। इसके बाद पुलिस ने लोगों को हटाया। पत्थरबाजी की इस घटना में 8 लोग घायल हुए हैं। उनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने 21 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। वहीं, घटना को लेकर सोमवार को मंड्या में प्रो-हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान आगजनी भी की गई। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बताया कि इलाके में शांति बनाए रखने के लिए बीएनएस की धारा 163 लागू की गई है। कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है।

### डोडा के आप विधायक मलिक पर लगा पीएसए

श्रीनगर। डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद डोडा के आप विधायक मेहराज मलिक को पब्लिक सेफ्टी एक्ट (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। जिसकी जम्मू कश्मीर के नेताओं ने निंदा की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र को कमजोर करने वाली कार्रवाई बताया। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सजाद गनी लोन ने कहा कि- यह एक आत्माहीन लोकतंत्र है। पीडीपी के पुलवामा से विधायक वाहिद-उर-रहमान पारा ने कहा- ऐसे कठोर कानूनों का इस्तेमाल राजनीतिक आवाजों को कुचलने के लिए ₹हथियार₹ के रूप में किया जा रहा है। वहीं एनसी विधायक सलमान सागर ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को ऐसे ₹कठोर कानूनों₹ के तहत हिरासत में लेना लोकतंत्र को दबाने और असहमति को चुप कराने का उद्देश्य रखता है।

### सरकार्यवाह होसबाले की तबीयत बिगड़ी

**जयपुर।** आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की जोधपुर में तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनका बीपी हाई होने पर सोमवार दोपहर 2 बजे उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख कर रही है। सूचना पर पुलिस अधिकारी, कलेक्टर गौरव अग्रवाल और कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान एम्स पहुंचे। 5 से 7 सितंबर तक जोधपुर में अखिल भारतीय समन्वय बैठक हुई थी, जिसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और होसबाले दोनों मौजूद रहे। बैठक खत्म होने के बाद भी वे जोधपुर में ही रुके थे। होसबाले आरएसएस में मोहन भागवत के बाद दूसरे बड़े पदाधिकारी माने जाते हैं।

### कटारा हत्याकांड में विकास की अंतरिम बेल नहीं

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड मामले में 25 साल की जेल की सजा काट रहे दोषी विकास यादव की अंतरिम जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यादव के वकील से कहा कि वह अंतरिम जमानत बढ़ाने या नई जमानत लेने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट जाएं। इससे पहले बेंच ने यादव की अंतरिम जमानत एक हफ्ते के लिए बढ़ा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के 22 अगस्त के आदेश के खिलाफ यादव द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत को बढ़ाने से इनकार कर दिया था।

### दिल्ली में बच्चा चोर गैंग का भंडाफोड़

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय बच्चा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 1 साल से कम उम्र के 6 बच्चों को छुड़ाया है। पुलिस ने यह जानकारी सोमवार को दी। उन्होंने बताया यह गिरोह दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में सक्रिय था और गरीब परिवारों को निशाना बनाता था। पुलिस ने बताया कि एक 6 महीने के बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट के 48 घंटे के अंदर ये कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक रैकेट काफी समय से चल रहा था। आगे की जांच चल रही है।

### बुजुर्ग ने किया पत्नी का मर्डर

मुम्बई। महाराष्ट्र के पालघर के वसई इलाके में शनिवार शाम 81 साल के बुजुर्ग ने अपनी पत्नी (74) की चाकू मारकर हत्या कर दी। खुद भी सुसाइड का प्रयास किया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग दंपत्ति लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वृद्ध ने चाकू से पहले पत्नी की हत्या की, इसके बाद खुद की कलाई काट ली थी।

### जम्मू में बॉर्डर के पास घुसपैठिया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा का रहने वाला सिराज खान नाम के घुसपैठिए को रविवार रात 9.20 बजे ऑक्ट्रोई चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने देखा। कुछ राउंड फायरिंग के बाद उसे बॉर्डर फेंसिंग के पास गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से कुछ पाकिस्तानी करंसी भी मिली है। घुसपैठ करने की उसकी कोशिश के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए उससे पूछताछ की जा रही है।

### आतंकी साजिश के केस में एनआईए के छापे

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को पांच राज्यों और जम्मू-कश्मीर में 22 जगहों पर तलाशी ले रही है। ये तलाशी एक आतंकी साजिश मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में बारामूला, कुलगाम, अनंतनाग और पुलवामा जिलों में तलाशी जारी है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री मानवीय संवेदना

## सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रकों को दिखायी हरी झंडी

### उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब को 48 ट्रकों में भेजी राहत सामग्री

विश्ववार्ता ब्यूरो

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए राहत सामग्री से लदे 48 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरोवर पोर्टिको, अंबाला रोड पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि राहत सामग्री मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण कड़ी है। संकट की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता इन तीनों राज्यों के अपने बहन-भाइयों के साथ खड़ी है। इस दौरान सीएम योगी ने इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को पांच-पांच करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि भी प्रदान की गई।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से राहत सामग्री के रूप में उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब के नागरिकों के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं, साथ ही आपदा से निपटने के लिए सरकार के प्रयास अत्यंत प्रभावी साबित हो रहे हैं। एनडीआरएफ, आपदा मित्र और स्थानीय पुलिस जैसी संस्थाएं सक्रिय होकर राहत कार्य में अपनी भूमिका निभाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि जब समाज और स्वयंसेवी संगठन पीड़ितों के साथ खड़े हो जाते हैं, तो सरकार के प्रयासों को और मजबूती मिलती है। उत्तर प्रदेश में बाढ़ को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए योगी ने कहा कि इस वर्ष अभी तक राज्य इस आपदा से बचा हुआ है, हालांकि निचले स्तर पर जल-भराव हुआ है। व्यापक पैमाने पर बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए समय पर किए गए प्रावधानों का परिणाम है कि आज हम इस आपदा को नियंत्रण के करीब पहुंच चुके हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का जिक्र किया, जहां बाढ़ आई है, जैसे यमुना नदी का क्षेत्र—सहारनपुर, बागपत, गौतम बुद्ध नगर से लेकर प्रयागराज तक, जहां गंगा से मिलती है। साथ ही बिजनौर से बलिया तक गंगा के मुहाने, सरयू, घाघरा, रामगंगा और हिंडन नदी के इलाकों में पुख्ता व्यवस्था की गई है। इन नदियों में अगर जल ओवरफ्लो से जन-धन की हानि हुई, तो सरकार ने तत्काल राहत सामग्री पहुंचाई है।

#### राहत सामग्री में हैं खाद्य पदार्थ व अन्य वस्तुएं

राहत सामग्री में लाई, चना, भुना चना, चीनी, बिस्किट, माचिस, मोमबत्ती, नहाने का साबुन, बाल्टी, तिरपाल, आटा, चावल, अरहर की दाल, आलू, हल्दी, मिर्च, मसाला, रिफाइंड तेल, नमक, सेनेटरी पैड, कपड़ा धोने का साबुन, तौलिया, सूती कपड़ा, डिस्पोजल बैग, मग, डिटॉल, उपलब्ध है। इसके अलावा आटा 10 किलो, चावल 10 किलो, अरहर की दाल 2 किलो, आलू 10 किलो, बाल्टी 18 लीटर की, नहाने का साबुन दो, मोमबत्ती का एक पैकेट, माचिस का एक पैकेट, बिस्कुट के 10 पैकेट, चीनी 1 किलो, भुना चना 2 किलो, चना 2 किलो और लाई ढाई किलो के साथ ही, सरसों का तेल 1 किलो, नमक 1 किलो और अन्य सामग्री देने के साथ ही, यह सब सामग्री पैकेट में पीड़ित परिवार को उपलब्ध करवाया गया है, जिससे संकट की घड़ी में वह आसानी से अपना भरण-पोषण कर सके।

# आपदा से क्षति का आकलन करने केन्द्रीय टीम पहुंची उत्तराखंड

## टीम ने सबसे पहले थराली और आसपास के क्षेत्र का किया निरीक्षण

प्रदीप चौहान

**चमोली।** आपदा से हुई क्षति का आकलन करने के उद्देश्य से भारत सरकार की अंतरमंत्रालयीय टीम सोमवार थराली क्षेत्र के दौरे पर पहुँची। अंतर मंत्रालय केंद्रीय टीम का नेतृत्व निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने किया साथ ही टीम में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे, जिसमें सदस्य अनु सचिव शेर बहादुर,अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार शामिल रहें,जिन्होंने हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण कर आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया।टीम ने सबसे पहले थराली के चेपड़ो,कोटडीप, राड़ीबगड़, देवाल के मोपाटा और नंदानगर प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया और साथ ही सड़क मार्ग से भी क्षतिग्रस्त इलाकों का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कुलसारी रिलीफ सेंटर में आयोजित बैठक में पीपीटी के माध्यम से आपदा से हुयी विभागवार परिसंपत्तियों की क्षति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने चेपड़ो बाजार एवं अन्य आपदा ग्रस्त क्षेत्र में स्थानीय लोगों के आवासों के पीछे हो रहें भूस्खलन के बारे में टीम को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लगातार वर्षा एवं भूस्खलन से सड़कों, पुलों, भवनों, पेयजल योजनाओं, विद्युत तंत्र तथा कृषि को भारी क्षति पहुँची है। जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा से लगभग 11 सौ 50 करोड़ की विभागीय परिसंपत्तियों की क्षति का आकलन किया गया है।साथ ही जिलाधिकारी ने विकासखंड ज्योतिर्मठ के पल्ला गाँव में हो रहे भू-धसाव तथा नंदानगर क्षेत्र में लगातार सक्रिय हो रहे भू-धसाव से भी टीम को अवगत कराया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान टीम ने स्थानीय निवासियों बात भी की उन्होंने पाया कि वर्षा एवं भूस्खलन से ग्रामीणों की आवागमन सुविधा गंभीर रूप से प्रभावित हुई है तथा कई गाँवों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट गया है। अनेक स्थानों पर मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और कुछ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करना पड़ा है।



टीम ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ तथा अन्य एजेंसियों द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की। साथ ही, उन्होंने विभागीय अधिकारियों से पुनर्वास कार्यों, प्रभावित परिवारों को दी जा रही सहायता, राशन व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, अस्थायी आश्रयों की व्यवस्था तथा सड़क मार्गों को शीघ्र खोलने के प्रयासों की जानकारी ली।

अंतर मंत्रालय केंद्रीय टीम का नेतृत्व कर रहें निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य आपदा से हुई वास्तविक क्षति का आकलन करना है ताकि भारत सरकार को प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित क्षेत्रों के लिए आवश्यक सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों की योजना शीघ्र बनाई जा सके।टीम द्वारा किए गए हवाई सर्वेक्षण, स्थलीय निरीक्षण एवं प्रशासन से हुई विस्तृत चर्चा से प्राप्त जानकारी को संकलित कर विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, बुनियादी ढाँचे की बहाली तथा दीर्घकालिक सुरक्षा उपायों के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रावत,पुलिस अधीक्षक सर्वेश पवार, अपर जिला अधिकारी विवेक प्रकाश,एसडीएम सोहन सिंह रांगण,एसडीएम पंकज भट्ट सहित सभी विभागीय अधिक और स्थानीय निवासी उपस्थित थे

# रिकॉर्ड संख्या में अपराधियों को दबोचने में जुटी बिहार पुलिस

## इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक 2.28 लाख अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



संजय सिंह

पटना। सूबे में अपराधियों को दबोचने के लिए पुलिस के स्तर से निरंतर कई स्तर की रणनीति तैयार कर इसे अंजाम तक पहुंचाने में जुटी है। इसका नतीजा है कि इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक विभिन्न तरह के अपराधों के 2 लाख 28 हजार 188 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें 8 हजार 823 हार्डकोर अपराधी और 141 नक्सली शामिल हैं। दबोचे गए कुल अपराधियों में हार्डकोर अपराधियों का प्रतिशत करीब 40 है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। हार्डकोर अपराधियों को दबोचने पर पुलिस महकमा का फोकस अधिक है। जिन नक्सलियों को दबोचा गया है, उसमें एक से डेढ़ दर्जन नक्सली इनामी हैं। कुछ पर तो 1 से 2 लाख रुपये तक का इनाम है। अगस्त से अब तक का आंकड़ा जोड़ने पर इस संख्या में बढ़ोतरी होगी।

**इनमें हार्डकोर अपराधियों की संख्या 8 हजार 823 और 141 नक्सली भी**

पिछले दो-तीन वर्ष के दौरान गिरफ्तार हुए अपराधियों एवं कुख्यात अपराधियों के औसत की तुलना मौजूदा वर्ष से करें, तो यह कहीं अधिक है। पिछले वर्ष 2024 में पूरे साल के दौरान 3 लाख 35 हजार अपराधियों को दबोचा गया था। वहीं, इस वर्ष शुरुआती 7 महीने यानी जनवरी से जुलाई तक 2.28 लाख से अधिक अपराधी गिरफ्तार हो चुके हैं। वर्ष समाप्त होने पर यह संख्या दोगुना तक पहुंच सकती है। यह संख्या पिछले दो-तीन वर्ष के दौरान हुई गिरफ्तारी से अधिक होगी। इसी तरह 2023 में 3 लाख 51 हजार 424 और 2022 में 3 लाख 46 हजार 332 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था।

अपराधियों खासकर हार्डकोर अपराधियों की निरंतर गिरफ्तारी के साथ ही अवैध कारतूस एवं हथियार की बरामदगी पर भी अधिक फोकस किया जा रहा है। इस वर्ष जुलाई तक 16 हजार 301 कारतूस बरामद किए गए हैं। इसी तरह 2024 में 26 हजार 702, 2023 में 30 हजार 201 और 2022 में 28 हजार 200 कारतूस बरामद किए गए हैं। अवैध हथियारों के बरामदगी की स्थिति देखें, तो चालू वर्ष में जुलाई तक 2625, 2024 में 4917, 2023 में 4813 और 2022 में 4288 हथियार बरामद किए जा चुके हैं। इस वर्ष शुरुआती सात महीने में 38 नियमित या पुलिस से छिने या चुराए गए हथियारों को भी अपराधियों के पास से बरामद किए गए हैं।

अवैध मिनीगन फैक्ट्री के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई जारी है। जुलाई 2025 तक 36, 2024 में 114, 2023 में 55 और 2022 में 32 मिनीगन फैक्ट्री का खुलासा करते हुए कार्रवाई की गई है।

> "अपराधियों खासकर हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार करने पर खासतौर से फोकस किया जा रहा है। सभी थानों को ऐसे अपराधियों की सूची बनाकर कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। मुहिम चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे सभी स्तर के अपराधियों को दबोचने की मुहिम चल रही है। इसमें स्थानीय पुलिस के साथ एसटीएफ की भी भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।
>
> पंकज कुमार दराद (एडीजी (विधि व्यवस्था), बिहार पुलिस)

### चोकसी को बेल्जियम से भारत लाने की तैयारी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक के 13,850 करोड़ के फ्रॉड के आरोपी और भगोड़े बिजनेसमैन को बेल्जियम से भारत लाने की कोशिश जारी हैं। केंद्र ने बेल्जियम सरकार को एक लेटर में बताया कि चोकसी को मुंबई के आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा। वहां एक कोठरी में 6 लोगों के रहने की क्षमता है।



लेटर में कहा गया कि अगर चोकसी को बेल्जियम से भारत लाए जाता है, तो उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा। उसे 14 से ज्यादा सुविधाएं देने का भरोसा दिया गया है। हालांकि केंद्र ने चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए यह पत्र कब लिखा, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर, चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। वह और उसका भतीजा नीरव मोदी, पीएनबी धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी हैं। भगोड़ा नीरव लंदन में है। उसके प्रत्यर्पण के लिए भी कोशिशें जारी हैं।

# हिमालय संरक्षण को सामूहिक प्रयास जरूरी

## धामी ने हिमालय दिवस पर दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालय के संरक्षण के लिये सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताते हुए कहा कि हिमालय हमारी पहचान, संस्कृति और जीवन रेखा है। हिमालय न केवल भारत बल्कि विश्व की बहुत बड़ी आबादी को प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से हिमालय को सुरक्षित रखना हम सबका दायित्व है।




हिमालय दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में सामाजिक विकास की आवश्यकता के दृष्टिगत हमें इकॉलोजी एवं इकोनॉमी में समन्वय के साथ कार्य करना होगा। भावी पीढ़ियों के लिये हिमालय की सुंदरता तथा जैव विविधता को संरक्षित रखना हम सबका दायित्व है। हिमालय हमारे जीवन से जुडा विषय होने के नाते इसके संरक्षण का दायित्व भी हम सभी का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण उत्तराखण्डवासियों के स्वभाव में है, हरेला जैसे पर्व, प्रकृति से जुड़ने की हमारे पूर्वजों की दूरगामी सोच का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण में हो रहे बदलावों, ग्लोबल वार्मिंग के साथ ही जल, जंगल, जमीन से जुड़े विषयों पर समेकित चिंतन की जरूरत बताते हुए कहा कि सामाजिक चेतना तथा सामूहिक प्रयासों से ही हम इस समस्या के समाधान में सहयोगी बन सकते हैं।


### सीएम रेखा गुप्ता की मीटिंग में पति की मौजूदगी पर सवाल

नयी दिल्ली। रेखा गुप्ता को जरा भी अंदाजा होता, तो तस्वीरें वो खुद नहीं शेयर करतीं. लेकिन, ये सब स्वाभाविक तौर कर कर दिया. क्योंकि, वो ऐसा ही करती आ रही थीं. ऐसे आरोप तो आम आदमी पार्टी की तरफ से पहले भी लगाए जाते रहे हैं, लेकिन सबूत अब सामने आया है। आम आदमी पार्टी को तो बस मौका चाहिए था, रेखा गुप्ता ने अपने हाथों से ही दे दिया। मुख्यमंत्री की मीटिंग में अपने पति मनीष गुप्ता को बगल में बिठाया और सोशल मीडिया पर तस्वीर डाल दी है। मुद्दा ऐसा है कि रेखा गुप्ता के बचाव में सीधे आईटी सेल के हेड अमित मालवीय को उतरना पड़ा है। अब विवाद हो रहा है, विवाद भी होना ही था। आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज की बाकी बातें अपनी जगह हैं, लेकिन इस वाकये से परिवारवाद को जोड़ना सहज नहीं लग रहा है।

# यूपी के युवक ने चुराये थे लाल किले से सोने के दो कलश

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**नयी दिल्ली/हापुड़।** दिल्ली के लाल किला परिसर से डेढ़ करोड़ रुपए के दो स्वर्ण कलश चुराने वाले तीन आरोपी यूपी के हापुड़ से गिरफ्तार हुए है। रविवार रात 2 बजे दिल्ली पुलिस की टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी और उसे पकड़कर दिल्ली ले गई।



आरोपी की पहचान असौड़ा गांव निवासी भूषण वर्मा, बड़ा बाजार निवासी अंकित पाटिल और गौरव वर्मा के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, भूषण कलश चुराने का एक्सपर्ट है। सालभर पहले उसने दिल्ली के लाल मंदिर और फिर अशोक विहार के मंदिर से कलश चुराया था। उस पर पांच मुकदमे दर्ज हैं।

भूषण जाति से सुनार है और गाड़ी चलाने का काम करता है। उसके घर से एक कलश जैसी वस्तु की रिकवरी हुई है। परिवार में भूषण के अलावा उसकी पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। पुलिस के मुताबिक, भूषण ने पूछताछ में कई अहम बातें बताई हैं। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

3 सितंबर को भूषण वर्मा जैन समारोह में जैन मुनि के भेष में घुसा था। स्वर्ण कलश वाला बैग लेकर फरार हो गया। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था।

# उपराष्ट्रपति चुनाव में नहीं किया जाता है ईवीएम का इस्तेमाल

## अभी तक इस पर कोई भी महिला प्रत्याशी नहीं हो सकी है निर्वाचित

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव पर पूरे देश की निगाहें हैं, जहां केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के सामने इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी चुनौती पेश कर रहे हैं। चुनाव का फैसला सांसदों द्वारा की गई वोटिंग के जरिए होगा। मंगलवार को मतदान के तुरंत बाद विजेता की घोषणा भी कर दी जाएगी। हालांकि यह मतदान और वोटों की गिनती की प्रकिया देश में होने वाले अन्य चुनावों से अलग है। उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान वोटिंग के लिए ईवीएम का उपयोग नहीं किया जाता है। इस पद पर अभी तक कोई भी महिला प्रत्याशी निर्वाचित नहीं हो सकी है।

उपराष्ट्रपति चुनाव और राष्ट्रपति चुनाव में विजेता को चुनने के लिए एक अलग प्रकिया अपनाई जाती है। अब तक पांच लोकसभा चुनाव और 130 से अधिक विधानसभा चुनावों में इस्तेमाल की जा चुकी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यसभा और राज्य विधान परिषद चुनावों में नहीं किया जा सकता। इसकी वजह यह है कि ये मशीन लोकसभा और विधानसभाओं जैसे प्रत्यक्ष चुनावों में मत संग्रहक के तौर पर काम करने के लिए डिजाइन की गई हैं, जिसमें मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम के सामने वाला बटन दबाते हैं और सबसे ज्यादा वोट पाने वाले को निर्वाचित घोषित कर दिया जाता है।



हालांकि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव एकल संक्रमणीय मत (सिंगल ट्रांसफेरेबल वोट) के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार होते हैं। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अंतर्गत सिंगल ट्रांसफरेबल वोट के माध्यम से हर मतदाता उतनी ही वरीयताएं अंकित कर सकता है, जितने उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे होते हैं। उम्मीदवारों के लिए ये प्राथमिकताएं मतदाता द्वारा बैलेट पेपर के कॉलम 2 में दिए गए स्थान में उम्मीदवारों के नामों के सामने वरीयता क्रम में 1, 2, 3, 4, 5 अंक दर्ज करके अंकित की जाती हैं। अधिकारियों के मुताबिक ईवीएम इस मतदान प्रणाली को पंजीकृत करने के लिए डिजाइन नहीं की गई हैं। ईवीएम मत संग्रहक होती हैं और आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत मशीन को वरीयता के आधार पर मतों की गणना करनी होगी और इसके लिए एक बिलकुल अलग तकनीक की आवश्यकता पड़ेगी। दूसरे शब्दों में, एक अलग प्रकार की ईवीएम की आवश्यकता होगी। उपराष्ट्रपति चुनाव में सभी सांसद हिस्सा लेते हैं और वे गुप्त मतदान के जरिए अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को क्रमवार प्राथमिकता देते हैं, जैसे 1, 2, 3 आदि। चुनाव की पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग की देखरेख में संपन्न होती है। आयोग एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त करता है, जो आमतौर पर संसद का कोई वरिष्ठ अधिकारी होता है। वह मतदान प्रक्रिया का संचालन करता है। किसी उम्मीदवार को जीतने के लिए कुल वैध मतों का आधे से अधिक यानी बहुमत प्राप्त करना अनिवार्य है। अगर प्रथम वरीयता के आधार पर कोई भी उम्मीदवार बहुमत नहीं हासिल करता है, तो सबसे कम वोट पाने वाले उम्मीदवार को चुनाव से बाहर कर दिया जाता है और उसके मत अगली पसंद के आधार पर अन्य उम्मीदवारों को स्थानांतरित कर दिए जाते हैं। यह प्रक्रिया तब तक चलती है जब तक कोई उम्मीदवार आवश्यक बहुमत प्राप्त नहीं कर लेता।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com